उत्तर प्रदेश	60,000	,,
पंजाब	10,000	,,

राजस्थान सरकार पशु शिविर स्थापित करने तथा पशुओं की देखभाल के लिये उन्हें राजसहायता देने के लिये स्वैच्छिक संगठनों को प्रोत्साहन दे रही है । राज्य पशु पालन विभाग शिविरों में पशु सुविधायें प्रदान कर रहा है ।

राजस्थान सरकार ने चारे के लिये घास काटने के बाद वन फिर नियत कर दिये हैं ।

राज्य सरकार कमी वाले क्षेत्रों में पशु पालने वाले व्यक्तियों को चारा खरीदने के लिये 100 रुपये से 500 रुपये तक तकावी दे रही है ।

रेलवे मंत्रालय राजस्थान में सूखाग्रस्त क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर चारा भेज रहा है तथा उसने भाड़े की दरों में भी रियायत देनी आरम्भ कर दी है ।

कमी वाले क्षेत्रों से रेल द्वारा पशु बाहर भेजने के लिये प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से रेलवे मंत्रालय इन क्षेत्रों से भारत के किसी अन्य नगर में पशु भेजने के लिये भाड़े की दरों में 20 प्रतिशत की रियायत देने के लिये सहमत हो गया था । राजस्थान सरकार भाड़े की दरों में और राजसहायता दे रही थी ।

पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश को इन राज्यों से चारा खरीदने तथा उसका समाहार करने के मामले में राजस्थान सरकार को आवश्यक सुविधायें प्रदान करने के लिये प्रार्थना की गई थी ।

राजस्थान सरकार ने कुएं गहरे करके, नलकूप लगाकर तथा टैंकरों द्वारा पानी सप्लाई करके दूरस्थ गांवों को पेय जल की व्यवस्था में सुधार करने के लिये कार्यवाही की है ।

केन्द्रीय सरकार ने केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद् को राजस्थान के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पशु सहायता कार्य के लिये 5,25,000 रुपये का अनुदान दिया ।

राजस्थान सरकार को नलकूप लगाने, खाद्यान्नों की राजसहायता प्राप्त दरों पर सप्लाई करने, तथा बीकानेर जिले में गहन पशु विकास क्षेत्रों के लिये एक ट्रैक्टर तथा एक ट्रक खरीदने के लिये 11,50,000 की राशि देनी मंजूर की है ।

वसूल की जाने वाली चीनी का मूल्य

*620. **श्री चेंगलराया नायडू :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ समय पहले चीनी उद्योग के प्रतिनिधि उनसे मिले थे और उन्होंने मांग की थी कि अनेक मिलों को गन्ने से कम मात्रा में चीनी उपलब्ध होने के कारण वसूल की जाने वाली चीनी के मूल्य बढ़ाये जाने चाहिये; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां ।

(ख) यह सच है कि पायरेला से प्रभावित कुछ क्षेत्रों में अब तक बताए गये उपलब्धि के आंकड़े मूलतः अनुमानित आंकड़ों से अपेक्षाकृत कम हैं । जब लेवी मूल्य में पूर्व की भांति अगला संशोधन किया जायेगा तब इस ओर अन्य सभी संगत तथ्यों पर विचार किया जायेगा ।

खाद्य उत्पादों की क्रय-विक्रय व्यवस्था

*621. **श्री रा० कृ० सिंह :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय खाद्य निगम ने खाद्य-उत्पादों की क्रय-विक्रय व्यवस्था के बारे में कोई योजना आरम्भ की है;

(ख) यदि हां, तो यह योजना अब तक किन-किन राज्यों में आरम्भ की गई है; और

(ग) क्या यह अन्य सब राज्यों में भी आरम्भ की जायेगी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां, भारतीय खाद्य निगम गेहूं और मक्का के पदार्थों के चुनिंदा खुदरा विपणन की एक योजना चला रहा है ।

(ख) केरल, मैसूर, मद्रास और दिल्ली ।

(ग) अन्य राज्यों में इस योजना के विस्तार का प्रश्न निगम के विचाराधीन है ।

राष्ट्रीय बीज प्रयोगशाला की स्थापना

*622. **श्रीमती इला पालचौधरी :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 6 जनवरी, 1969 को बम्बई में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के कृषि विज्ञान अनुभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर यू० एन० चटर्जी द्वारा दिये गये इस सुझाव की ओर दिलाया गया है कि भारत में खाद्यान्नों का उत्पादन बढ़ाने की अविलम्ब आवश्यकताओं को देखते हुये बीजों के क्रिया विज्ञान तथा जीव-रसायन का अध्ययन करने के वर्तमान अनुसंधान संस्थाओं से स्वतंत्र एक राष्ट्रीय बीज प्रयोगशाला की तुरन्त स्थापना की जानी चाहिये; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां ।

(ख) सरकार वर्तमान स्थिति में यह आवश्यक नहीं समझती कि अनुसंधान संस्थानों से अलग स्वतंत्र रूप में एक राष्ट्रीय बीज प्रयोगशाला की स्थापना की जाये जैसा कि प्रोफेसर यू० एन० चटर्जी ने सुझाव दिया है । भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् में हाल ही में एक तकनौलोजी का पूर्ण प्रभाग स्थापित किया गया है जहां पर बीज के शरीर क्रियात्मक, रोग विज्ञान सम्बन्धी, कीट विज्ञान सम्बन्धी और जीव रसायनी पहलुओं के अध्ययन के लिये सुविधायें प्रदान की गई हैं । अतः एक स्वतंत्र बीज प्रयोगशाला की स्थापना करना एक अनावश्यक और द्विरूपकरण करना होगा । बीज तकनौलोजी के नये प्रभाग के अलावा पौध शरीर क्रिया विज्ञान का एक प्रथक प्रभाग उसी संस्थान में पहले से ही विद्यमान है जो फसल उत्पादन से सम्बन्ध रखने वाली विभिन्न शरीर क्रियात्मक सम्बन्धी पहलू भी सम्मिलित हैं, अनुसंधान कर रहा है । इसके अतिरिक्त बीज परीक्षण करने वाली कितनी ही प्रयोगशालायें देश में स्थापित कर दी गई हैं, जिनमें से कुछ प्रयोगशालायें भविष्य में बीज-गुण और तकनौलोजी के अन्य पहलुओं पर अनुसंधान करने के लिये सम्भवतः सुविधायें प्रदान कर सकेंगी ।

भारत में कृषि अनुसंधान

*623. **श्री यज्ञदत्त शर्मा :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कनाडा के अध्ययन दल ने, जिसने गत वर्ष देश के कुछ कृषि अनुसंधान संस्थान देखे थे, भारत में कृषि अनुसंधान क्षेत्र में हुई प्रगति को असंतोषजनक बताया है ;

(ख) इस सम्बन्ध में उसके क्या विचार और सुझाव हैं; और

(ग) उसके द्वारा दी गई सिफारिशों के क्रियान्वयन के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). जी नहीं। रिपोर्ट के उन भागों में जिनमें अनुसंधान की ओर निदेश है, अनुसंधान की वर्तमान जरूरतों को देखते हुए, कर्भचारियों, भौतिक साधनों, साज-सामान और विशिष्टीकृत सुविधाओं की कमी की ओर संकेत किया गया है। कतिपय सामने आने वाली कुछ समस्याओं का मुकाबला करने के लिये अनुसंधान करने की जरूरतों का भी हवाला है। कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में हुई प्रगति के प्रति कोई विरुद्ध समालोचना नहीं की गई है।

(ग) प्रश्न नहीं होता।

अहमदाबाद में रेलवेपुरा डाकखाना

*624. **श्री द० रा० परमार** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अहमदाबाद में रेवाड़ी बाजार में नये डाकखाने के खोले जाने के परिणामस्वरूप रेलवेपुरा डाकखाने के काम के घण्टों में कमी कर दी गई है;

(ख) क्या काम के घण्टों में कमी किये जाने के विरुद्ध, क्योंकि इससे जनता को असुविधा हुई है, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं / संघों और व्यापार मण्डल से सरकार को शिकायतें और अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री (श्री सत्यनारायण सिंह) : (क) यह कमी 17 जुलाई, 1968 से की गई थी।

(ख) जी हां, इस सम्बन्ध में एक संसद् सदस्य और यूनियनों से शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

(ग) रेलवेपुरा डाक घर में पहले जिन सुविधाओं की व्यवस्था थी, वे 20 जनवरी, 1969 से दुबारा बहाल कर दी गई हैं।

क्षार का भूमि पर प्रभाव

*625. **श्री एम० नारायण रेड्डी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 120 लाख एकड़ भूमि क्षार से प्रभावित है जिससे उत्पादिता को गम्भीर खतरा है और इसमें से 30 तथा 20 लाख एकड़ भूमि क्रमशः पंजाब और उत्तर प्रदेश में है;

(ख) भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिये क्या उपाय किये गये हैं; और

(ग) इनका क्या परिणाम निकला है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) अनुमान लगाया गया है कि लगभग 120 से 150 लाख एकड़ भूमि क्षारीयता, अमलीयता या जललग्नता से प्रभावित हुई है। पंजाब व उत्तर प्रदेश में लगभग तीस-तीस लाख एकड़ भूमि प्रभावित हुई है।

(ख) और (ग). पूर्व योजनाओं की अवधि में 1.5 लाख से भी अधिक भूमि में सुधार सम्बन्धी कदम उठाये गये हैं। चतुर्थ योजना की अवधि में लगभग 2.00 लाख एकड़ भूमि को सुधारने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने प्रभावित राज्यों के कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में क्षारीय व अमलीय भूमि को सुधारने के लिये मार्गदर्शी योजनायें स्वीकार की हैं।

भारत के कृषि विशेषज्ञों का विदेशों को जाना

*626. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिन कृषि विशेषज्ञों ने विदेशों में रोजगार प्राप्त करने के लिये गत वर्ष त्याग-पत्र दिया था, उनकी संख्या, उनके नाम, पद, वेतन तथा उनकी अर्हताएं क्या-क्या हैं;

(ख) उनके त्याग-पत्रों में क्या-क्या कारण दिये गये हैं और वे किस-किस देश को जाना चाहते हैं;

(ग) इन कृषि विशेषज्ञों को बाहर जाने से रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है;

(घ) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या उन्हें देश भक्ति के आधार पर भारत में ही रखने के लिये भी प्रयत्न किये जा रहे हैं; और

(च) यदि हां, तो उनका क्या परिणाम निकला, यदि नहीं तो इसके कारण क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क), (ग) और (ङ). एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) जिन कृषि विशेषज्ञों ने विदेशों में रोजगार प्राप्त करने के लिये गत वर्ष त्याग-पत्र दिये थे उनके नाम तथा उनके बारे में पूछा गया ब्योरा इस प्रकार है :—

(एक) डा० एन० एल० धावन, एम० एस० सी०, पी० एच० डी०, एसोशिएट, आई० ए० आर० आई० प्रोजैक्ट कोआडिनेटर, मेज बीडिंग स्कीम, आई० ए० आर० आई०, नई दिल्ली। वेतन : 1360 रुपये प्रतिमास।

(दो) डा० दी० बी० सुखात्मे, एम० ए०, पी० एच० डी०, सीनियर प्रोफेसर आफ

स्टैटिटिस्क्स इन्स्टीयूट आफ एग्रीकल्चुरल रिसर्च स्टैटिस्टिक्स, नई दिल्ली। वेतन : 1250 रुपये प्रतिमास।

(ग) हमारी अनुसंधान संस्थाओं में रोजगार के पर्याप्त अवसरों तथा पर्याप्त उच्च वेतन-क्रमों के अभाव और पर्याप्त भौतिक सुविधाओं के न होने के कारण ही प्रायः युवा वैज्ञानिक विदेशों में रोजगार ढूंढ़ते हैं। हमारे युवा वैज्ञानिकों का अन्य देशों में विशेषकर अमरीका और पश्चिम यूरोपीय देशों में रोजगार ढूंढ़ने का एक मुख्य कारण यह भी है कि वहां पारिश्रमिक अधिक मिलता है जिसके अनुसंधान अनुभव तथा निष्पत्तियों के इस प्रक्रम पर भारत में मिलने की आशा नहीं की जा सकती। दुर्भाग्यवश यह सच है कि हमारा देश वैज्ञानिकों को उतना अधिक वेतन नहीं दे सकता जितना कि पश्चिमी देश देते हैं। इसलिये हमारे भारतीय कृषि वैज्ञानिकों की सेवा शर्तों में सुधार करने तथा उनके वेतन क्रमों को बढ़ाने के मामले में सावधानीपूर्वक विचार किया जाना चाहिये ताकि वे अन्य देशों में ऊंचे वेतन-मानों के प्रलोभन से बाहर न जायें। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् युवा वैज्ञानिकों को अपनी अनुसंधान संस्थाओं की ओर आकर्षित करने तथा उन्हें खुश व संतुष्ट रखने के लिये बहुत से उपाय कर रही है जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं :—

(एक) अनुसंधान कार्यक्रमों के निर्माण तथा निष्पादन में भाग लेना। कर्मचारी अनुसंधान परिषदें स्थापित करके ऐसा किया जाता है और प्रत्येक अनुसंधान संस्था के लिये ऐसी एक परिषद् स्थापित की जाती है। संस्था में चल रही प्रत्येक परियोजना विशेष रूप से तैयार की जाती है और उसमें भाग लेने वाले कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वैज्ञानिकों के नाम शुरू से ही बताये जाते हैं। सभी परियोजनाओं के लिये संस्था कर्मचारी अनुसंधान परिषद् की स्वीकृति लेनी आवश्यक होती है। परिणामों के प्रकाशन में परियोजना में भाग लेने वाले सभी वैज्ञानिकों के नाम प्रकाशन के लेखक के रूप में दिये जाते हैं। इस प्रकार, हमारे अनुसंधान वैज्ञानिकों को पूर्ण कार्य सन्तोष देने तथा उनके महत्वपूर्ण और उत्पादनशील अनुसंधान कार्यक्रमों में भाग लेने की भावना पैदा करने के लिये हर सम्भव प्रयत्न किया जाता है।

(दो) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने इस परिषद के अनुसंधान संस्थाओं के योग्य कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वैज्ञानिकों को योग्यता के आधार पर अगले उच्चतर वेतन क्रम में पदोन्नतियां देने तथा अग्रिम वार्षिक वृद्धियां देने की पद्धति चालू की है। इस प्रयोजनार्थ मामलों पर प्रतिवर्ष विचार किया जाता है।

(तीन) योग्य कनिष्ठ वैज्ञानिकों को देश में विचार-गोष्ठियों, परिसंवादों तथा वर्कशाप बैठकों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है और अन्य देशों में अग्रेतर प्रशिक्षण के लिये उनका चयन करने के मामले पर भी विचार किया जाता है।

(चार) भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद रफी अहमद किदवई स्मारक पुरस्कार जैसे विशेष योग्यता पुरस्कार भी देती है जिनके लिये सभी वैज्ञानिक, चाहे वे कनिष्ठ हों, अथवा वरिष्ठ, प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

(पांच) भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद में अपने अधीन वैज्ञानिक पदों पर भर्ती करने के लिये विदेशस्थ उन भारतीय वैज्ञानिकों के मामलों पर भी अब विचार किया जाता है जो इस देश में वैज्ञानिक पदों पर कार्य करने की इच्छा व्यक्त करते हैं। इस परिषद में विभिन्न पदों के लिये ऐसे बहुत से वैज्ञानिकों का चयन किया गया है। विदेशों में काम करने वाले बहुत से भारतीय वैज्ञानिकों पर इसका नैतिक प्रभाव पड़ा है। हमारे रिक्त स्थानों के बारे में विदेशस्थ भारतीय दूतावासों के माध्यम से समुचित प्रचार किया जाता है।

इन उपायों के परिणामस्वरूप इस परिषद् के विभिन्न संस्थाओं में वैज्ञानिक वातावरण तैयार हुआ है तथा कनिष्ठ और वरिष्ठ वैज्ञानिकों में परियोजनाओं में भाग लेने की भावना पैदा हुई है।

(ङ) जहां तक इन दो विशेषज्ञों (डा० एन०एल० धावन तथा डा० वी० वी० सुखात्मे) का सम्बन्ध है, भारत सरकार ने ऐसा विशेषरूप से आवश्यक महसूस नहीं किया कि उन्हें भारत से बाहर पद स्वीकार करने से रोका जाये। डा० धावन के मामले में उन्होंने मैक्सिको में एक अनुसंधान संगठन में, जिसे "इन्टरनेशनल सेन्टर फार दि इम्प्रूवमेन्ट आफ मेज एन्ड ह्वीट" कहा जाता है, सीनियर मेज ब्रीडर के रूप में पद ग्रहण किया है। इस संगठन द्वारा तैयार की गई मक्की सामग्री भारत में मक्की अनुसंधान परियोजना को उपलब्ध की जायेगी, इस भावना से, मैक्सिकन अनुसंधान संगठन द्वारा डा० धावन को दिये गये रोजगार का प्रत्यक्ष लाभ भारत को होगा। पिछले बीस वर्षों में, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर तैयार किया गया मक्की अनुसंधान कार्यक्रम अब ठोस नीव पर रखा गया है और पर्याप्त संख्या में अच्छे-अच्छे वैज्ञानिक पैदा किये गये हैं। इसलिये ऐसा महसूस किया गया कि हमारे देश से एक वैज्ञानिक के बाहर चले जाने से हमारी प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा विशेषत: उस स्थिति में जबकि डा० धावन ने एक ऐसा पद-भार ग्रहण किया है जो हमारे देश के हित में भी है।

जहां तक डा० सुखात्मे का सम्बन्ध है, मूलरूप से वह कुछ वर्षों के लिये विजिटिंग एसोशियेट प्रोफेसर के रूप में एक अमरीकी विश्वविद्यालय में काम करना चाहते थे। चूंकि वह कृषि अनुसंधान सांख्यिकी संस्था में एक सीनियर प्रोफेसर के रूप में कार्य कर रहे थे, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्था ने उन्हें कार्य-मुक्त करने के प्रश्न पर काफी सोच-विचार किया था। चूंकि हमारा देश सांख्यिकी में अनुसंधान के क्षेत्र में काफी मजबूत है, ऐसा महसूस किया गया कि

एक वरिष्ठ वैज्ञानिक को विदेश में पद-ग्रहण करने की अनुमति देने से कोई नुकसान नहीं होगा ।

इसलिये, देशभक्ति के आधार पर इन दो वैज्ञानिकों को देश में रखने के प्रयत्न करने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता ।

(ख) डा० एन०एल० धावन ने मैक्सिको के अन्तर्राष्ट्रीय मक्का तथा गेहूं अनुसंधान केन्द्र के साथ एक करार करने हेतु अपना त्यागपत्र दिया है । डा० सुखात्मे ने अपने व्यक्तिगत कारणों से त्यागपत्र दिया है, परन्तु पता चला है कि उन्होंने ओवा विश्वविद्यालय (संयुक्त राज्य अमरीका) से एक करार किया है ।

(घ) और (च). प्रश्न नहीं होते ।

कुछ राज्यों में कृषि श्रमिकों की कमी

*627. **श्री शशि भूषण :** क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंजाब और मद्रास जैसे राज्यों में फसल के समय पर खेतिहर मजदूरों का सामान्यतः अभाव रहता है जबकि अन्य राज्यों में उन्हें बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है ; और

(ख) कुछ राज्यों में खेतिहर मजदूरों में व्याप्त बेरोजगारी को दूर करने के लिये सरकार का किस प्रकार के प्रोत्साहन देने का विचार है जिससे कि वे एक राज्य से दूसरे राज्य में शीघ्रता से जा सकें ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). यह मामला राज्य से सम्बन्ध रखता है ।

सीलोन ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन को भारत से व्यावसायिक विज्ञापन

*628. **श्री अदिचन :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विविध भारती से व्यापारिक प्रसारण शुरू होने के बावजूद भारत से कितने व्यापारिक विज्ञापन सीलोन ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन के व्यापार विभाग को मिलते हैं; और

(ख) इसके फलस्वरूप अनुमानतः कितना वार्षिक राजस्व देश से बाहर चला जाता है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्यमंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) यह सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ख) भारत के विज्ञापनों द्वारा सीलोन को प्रतिवर्ष 6 लाख रुपये के विज्ञापन देने की सीमा निर्धारित की गई है ।

Independent Department for Broadcasting Hindi Programmes of All India Radio

*629. **Shri Shiv Kumar Shastri :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether the question of establishing an independent department for broadcasting of Hindi Programmes and Bulletins from All India Radio has been a matter of discussion for the last few years ;

(b) if so, the time when a final decision will be taken in this connection ; and

(c) whether it is also a fact that as there is no independent machinery some Hindi Programmes and Bulletins are merely translations of English Programmes and Bulletins which do not create good impression on the public in general ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) No, Sir. This is not a fact ; Hindi programmes, including most of the news bulletins are prepared in Hindi.

उत्तर प्रदेश में नये टेलीफोन कनेक्शन

*630. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश राज्य में नये टेलीफोन कनेक्शनों की बहुत मांग है ;

(ख) यदि हां, तो 1 जनवरी, 1969 को टेलीफोन के लिये कितने आवेदन-पत्र विचाराधीन थे ; और

(ग) टेलीफोन कनेक्शन शीघ्र दिलाने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) 31,222.

(ग) अधिकांश शहरों की टेलीफोन व्यवस्था में समुचित विस्तार करने का प्रस्ताव है ताकि मौजूदा प्रतीक्षा सूचियों में दर्ज सभी लोगों को उत्तरोत्तर कनेक्शन दिए जा सकें । इसके लिए समूचे विभाग के लिये बनने वाली योजनाओं के अन्तर्गत ब्योरेवार विकास योजनाएं बनाई जा रही हैं ।

Devotional Songs Programmes of A. I. R.

3722. **Shri Ram Gopal Shalwale :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) the percentage of devotional songs of different religious sects broadcast over all the

stations of the All India Radio in its devotional songs' programmes ; and

(b) the percentage out of them of the Ved Mantras, Ayats of the Kuran and Hymns of of the Bible ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Memoranda by Programme Executives at Sangli Radio Station

3723. **Shri Ram Gopal Shalwale** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Commnications** be pleased to state :

(a) whether Programme Executives of the Sangli Station of All India Radio have sent many memoranda to the Government in regard to the bad treatment meted out to them by the Station Engineers during last one year ; and

(b) if so, the reasons for which no action has so far been taken on these memoranda ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) and (b). No, Sir. But a complaint has recently been made by a Transmission Executive at Sangli Station of All India Radio against the alleged bad treatment meted out to the staff by the Station Engineer there, and it is under examination.

उर्वरक तथा खाद्यान्नों के आयात के लिये भाड़ा

3724. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उर्वरकों तथा खाद्य के आयात के लिये 1966-67 तथा 1967-68 में कितना भाड़ा दिया गया तथा यह भाड़ा किन नौवहन समुदायों को दिया गया और प्रत्येक को कितना-कितना मिला ;

(ख) विदेशी मुद्रा तथा रुपयों में वर्ष-वार कितनी राशि दी गई ;

(ग) कुल भाड़े में, वर्ष-वार भारतीय नौवहन समुदायों का हिस्सा कितना था;

(घ) क्या खाद्यान्न की सहायता और सम्भरण के साथ केवल विदेशी जहाजों के प्रयोग की शर्त जोड़ी जाती है; और

(ङ) यदि नहीं, तो भारतीय जहाजों का अधिक प्रयोग न किये जाने का क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) से (ग). अपेक्षित सूचना देने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०** 418/69] जहां तक नौवहन कम्पनियों के नामों तथा प्रत्येक कम्पनी के शेयर का सम्बन्ध है, विदेशों में स्थित मिशनों से सूचना एकत्रित

की जा रही है । फिर भी इस सूचना को एकत्रित करने में जितना समय तथा श्रम लगेगा उसके अनुपात में उतना लाभ नहीं होगा ।

(घ) तथा (ङ). खाद्यान्न सहायता तथा सम्भरण के साथ विदेशी जहाजों के प्रयोग की शर्त नहीं जुड़ी होती है लेकिन पी० एल० 480 करार के अधीन खाद्यान्नों की 50 प्रतिशत मात्रा अमरीकी ध्वज पोतों में लानी पड़ती है । जरूरत के समय और स्थिति में जितने भी भारतीय पोत उपलब्ध होते हैं, उनका प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर हमेशा ही प्रयोग किया जाता है ।

पत्तनों में भीड़ के कारण उर्वरक और खाद्यान्न वाले जहाजों को रोका जाना

3725. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1966-67 और 1967-68 में उर्वरक और खाद्यान्नों से लदे कितने विदेशी और भारतीय जहाजों को बड़े पत्तनों पर स्थान के न होने के कारण रुकना पड़ा ;

(ख) गत दो वर्षों में, रोकने और विलम्ब शुल्क के रूप में कम्पनी-वार और वर्ष-वार कितनी देशी और विदेशी मुद्रा अदा की गई ; और

(ग) पत्तनों में भीड़-भाड़ की समस्या को जिसके कारण ऊपर के व्यय होते हैं, को निकट भविष्य में किस प्रकार हल करने का प्रस्ताव है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) 1966-67 में 381 खाद्यान्न से लदे जहाजों को और 123 उर्वरकों से लदे जहाजों को (कुल 504 जहाज) और 1967-68 में 130 खाद्यान्न से लदे जहाजों को और 75 उर्वरकों से लदे जहाजों को (कुल 205 जहाज) प्रमुख भारतीय बन्दरगाहों पर घाट न मिलने के कारण 4 दिन से अधिक समय तक रुकना पड़ा था । भारतीय बन्दरगाहों पर 4 दिन से कम समय के लिये औसतन प्रतीक्षा को एक सामान्य बात माना जाता है ।

(ख) विलम्ब शुल्क के रूप में दी जाने वाली राशि न केवल स्थानों के अभाव के कारण प्रतीक्षा के लिये दी जाती है बल्कि विवर्तन, जहाज के क्षतिग्रस्त होने से धीमी निकासी के कारण तथा अन्य कार्यचालक कठिनाइयों जैसे अन्य संबन्धित कारणों के लिये भी दी जाती है । अतः स्थानों के अभाव के कारण प्रतीक्षा के लिये विलम्ब शुल्क के रूप में कितनी राशि दी गई है यह ठीक-ठीक अलग से बताना सम्भव प्रतीत नहीं होता है ।

(ग) सरकार ने यथाशीघ्र खाद्यान्नों तथा उर्वरकों को जहाजों से उतारने के लिये सभी सम्भव पग उठाए हैं ताकि विलम्ब शुल्क या तो देना ही न पड़े अथवा कम देना पड़े । इनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित पग भी शामिल हैं :—

(1) जहाज से यथासम्भव तेजी से निकासी तथा उसको खाली करना ।

(2) यथा व्यवहार्य जहाजों को अधिक जमाव वाली बन्दरगाहों से कम जमाव वाली बन्दरगाहों की ओर मोड़ना ।

(3) आयात कार्यक्रम को इस प्रकार तैयार करना ताकि जहाजों के जमाव को यथा-सम्भव रोका जा सके ।

विदेशों से प्राप्त दुग्धचूर्ण

3726. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आस्ट्रेलिया से प्राप्त तथा अनन्तपुर में भेजा गया 200 मीटरिक टन दुग्ध चूर्ण मानवीय उपभोग के अयोग्य पाया गया था ;

(ख) यह दुग्ध चूर्ण भारत में कब पहुंचा, किस देश से आया, रुपयों में उसका मूल्य क्या है और पहुंचने के बाद अनन्तपुर भेजे जाने तक उसे कहां रखा गया था ;

(ग) क्या यह सच है कि कई देश भारत को अपना फालतू तथा खराब दुग्ध चूर्ण तथा खाद्यान्न भेजते हैं और भारत बिना किसी शिकायत के उन्हें स्वीकार कर लेता है ; और

(घ) यदि नहीं, तो विदेशी सम्भरणकर्ताओं से कितनी शिकायतें की गई हैं, सम्बन्धित बस्तुओं के नाम क्या हैं, उनका मूल्य कितना है और उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) 1968 में आंध्र प्रदेश में स्थिति अनन्तपुर को 200 मीटरी टन दुग्ध चूर्ण भेजा गया था जिसे अनन्तपुर पहुंचने पर मानव उपभोग के अयोग्य पाया गया था । यह दुग्ध-चूर्ण फ्रांस से प्राप्त हुआ था न कि आस्ट्रेलिया से । इस दूध को मूल लकड़ी के ड्रमों में बिना खोले अनन्तपुर भेजा गया था ।

(ख) दुग्ध चूर्ण फ्रांस से प्राप्त माल का एक भाग था जो कलकत्ता में 23 अगस्त, 1967 को प्राप्त हुआ था । अनन्तपुर को भेजने से पहले दुग्ध चूर्ण को कलकत्ता बन्दरगाह क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के डिपों में रखा गया था । दुग्ध चूर्ण का मूल्य लगभग 96,600 रुपये है ।

(ग) जी नहीं । बन्दरगाहों पर प्रचलित प्रणाली के अनुसार बन्दरगाह स्वास्थ्य अधिकारी पारगमन शेडों से बाहर भेजने से पहले ही विदेशों से प्राप्त सभी खाद्य पदार्थों (खाद्यान्नों को छोड़कर) की जांच करते हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि माल अच्छी हालत में है और वह मानव उपभोग के योग्य है अथवा नहीं । बन्दरगाह स्वास्थ्य अधिकारी केवल अच्छी हालत के माल की पारगमन शेडों से सुपुर्दगी लेने की अनुमति देता है यदि बन्दरगाह स्वास्थ्य अधिकारी माल को दूषित घोषित करता है तो पोर्ट ट्रस्ट अधिकारी क्षतिग्रस्त माल को नष्ट करवा देते हैं ।

जहां तक खाद्यान्नों का सम्बन्ध है (गेहूं, चावल तथा माइलो) माल की जांच जहाजों पर लदाने से पहले ही प्रेषण स्थान पर की जाती है। यदि खाद्यान्न समुद्री यात्रा के दौरान क्षतिग्रस्त होता है तो स्वतंत्र सर्वेक्षण का प्रबंध किया जाता है। क्षतिग्रस्त माल का वर्गीकरण एक तकनीकी समिति करती है और यदि उसमें से किसी मात्रा को मानव उपभोग के अयोग्य पाया जाता है तो उसके मानव उपभोग के अलावा अन्य प्रयोजन के लिये बेचने हेतु प्रबन्ध किये जाते हैं।

विदेशों से क्षतिग्रस्त खाद्य पदार्थों तथा खाद्यान्नों को स्वीकार करने का प्रश्न ही नही उठता।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारी

3727. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1967-68 में उनके मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारियों का कोई सर्वेक्षण किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो श्रेणी-वार कितने कर्मचारी फालतू हैं और क्या सरकार का विचार इनकी छंटनी करने अथवा इन्हें कहीं और काम पर लगाने का है ;

(ग) 1 अप्रैल, 1968 से 30 जून, 1968 की अवधि में उनके मंत्रालय ने कितने अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त किये तथा इसी अवधि में राजपत्रित अधिकारियों के कितने नये पद निकाले गये ; और

(घ) उनके मंत्रालय में, राज्य मंत्री तथा उपमंत्रियों के पास ऐसे फालतू कर्मचारियों का ब्योरा क्या है जिनके लिये उचित मंजूरी नहीं ली गई है।

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ग). श्रम रोजगार विभाग तथा पुनर्वास विभाग के सम्बन्ध में अलग-अलग विवरण, जिनमें अपेक्षित सूचना दी गई है, सभा-पटल पर रखा जाता है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल०टी०** 419/69]

(घ) इस मंत्रालय के मंत्रियों के साथ ऐसा कोई फालतू कर्मचारी काम नहीं कर रहा है जिसके लिये उचित मंजूरी न ली गई हो।

मध्य प्रदेश को गेहूं की सप्लाई

3723. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से दिसम्बर, 1968 के लिये कितना गेहूं मांगा था ; और

(ख) सरकार ने उक्त मास के लिये कितना गेहूं देना निश्चित किया था और वास्तव में कितना दिया ।

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) मध्य प्रदेश सरकार ने दिसम्बर, 1968 के लिये कोई भी मांग नहीं की थी ।

(ख) मध्य प्रदेश स्थित आटा मिलों को दिसम्बर, 1968 में 3.4 हजार मीटरी टन गेहूं आवंटित किया गया था जिसमें से 2.3 हजार मीटरी टन की मात्रा वास्तव में सप्लाई की गई थी ।

मध्य प्रदेश के सूखाग्रस्त क्षेत्रों का का मानचित्र

3729. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सूखा सम्बन्धी समस्याओं को स्थायी रूप से हल करने के लिये अग्रिम परियोजनाएं आरम्भ करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार से मध्य प्रदेश के सूखाग्रस्त क्षेत्रों का कोई मानचित्र प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). मध्य प्रदेश सहित, सब राज्य सरकारों से प्रार्थना की गई थी कि वे प्राय: सूखा रहने वाले अपने क्षेत्रों का 'क', 'ख', और 'ग' श्रेणियों के रूप में वर्गीकरण करें । मध्य प्रदेश सरकार से, चिरकालीन सूखा ग्रस्त क्षेत्रों को प्रदर्शन करने वाला कोई मानचित्र प्राप्त नहीं हुआ है । अब निर्णय किया गया है कि परियोजना को 1-4-1969 से राज्य योजना का अंग समझा जाये, राष्ट्रीय विकास परिषद ने निर्णय किया है कि चिरकालीन सूखा ग्रस्त क्षेत्रों को सम्बंधित राज्य की विशिष्ट समस्याओं में शामिल कर लिया जाये और राज्यों के लिये कुल केन्द्रीय सहायता का 10 प्रतिशत भाग ऐसी विशेष समस्याओं के लिये उद्दिष्ट किया जायेगा ।

Irrigation Schemes Sent by Madhya Pradesh Government

3730. **Shri G. C. Dixit** : Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Madhya Pradesh Government have sent nine irrigation schemes for the benefit of displaced persons being settled in Betul, Sarguja, Pamera and Hoshangabad Districts for the approval of Central Government ; and

(b) if so, the progress made so far in this regard ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b). The Government of Madhya Pradesh had sent, for the approval of the Government of India, the following schemes for providing irrigation facilities to 10,690 acres of lands belonging to the new migrants from East Pakistan and 19,680 acres of lands belonging to the local people in the three Rehabilitation Zones at Betul, Surguja and Panna, at an estimated cost of Rs. 7.32 crores :—

Name of Rehabilitation Zone	Name of irrigation schemes	Area estimated to be irrigated (in acres)			Estimated cost (Rs. in crores)
		Migrants, lands	Local people's lands	Total	
1. Betul ..	Bichhua Canal, Latia Reservoir Canal and Upper Tawa Dam.	7,800	17,680	25,480	6.88
2. Panna ..	Jamunhai and Hatupur	1,140	—	1,140	0.19
3. Surguja ..	Jhalpi Nala, Rajbandha and Sagati Tank.	1,000	250	1,250	0.16
4. Surguja ..	Chanan Diversion Scheme.	750	1,750	2,500	0.11
	Total..	10,690	19,680	30,370	7.32

The Superintending Engineer, Central Water and Power Commission, who had visited the Irrigation Project sites in Betul, suggested certain modifications in the Betul Schemes. The matter was discussed with the State Chief Irrigation Engineer and other technical experts of the State and Central Governments in a meeting held at New Delhi on the 9th January, 1969. The State Government's representatives assured that they would send the revised project reports in respect of Bichhua Irrigation Scheme by the middle of April, 1969, and Latia Reservoir Scheme by the 30th June, 1969. They assured that the Upper Tawa Scheme would be sent as expeditiously as possible.

Jamunhai and Hatupur Irrigation schemes in Panna Rehabilitation Zone and Jhalpi Nala, Rajbandha and Sagati Tank Irrigation schemes in Surguja Rahabilitation Zone have been sanctioned by the Government of India on the 13th February, 1969.

The Chanan Diversion Irrigation Scheme in Surguja Rehabilitation Zone was also discussed with the technical experts of the Cental and the State Governments in the meeting held at New Delhi on the 9th January, 1969. The State Government is drawing up the detailed project report in respect of this scheme and they have been requested to expedite its submission to the Government of India.

भारतीय खाद्य निगम को चने और जौ की सप्लाई करने के लिये आढ़ती

3731. **श्री नंजा गौडर :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय खाद्य निगम ने चने और जौ की सप्लाई करने के लिए कुछ आढ़ती नियुक्त किये है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार भारतीय खाद्य निगम के किस्म निरीक्षिक नमूने लेते हैं, और किस्म निरीक्षक तथा आढ़ती दोनों इन्हें सील कर देते हैं, और नतीजों की सूचना आढ़ती को 15 दिन के अन्दर दे दी जाती है ;

(ग) यदि हां, तो टेन्डर संख्या डी / 2 (20-जी)/ 67-68/9393 दिनांक 5 मार्च, 1968, डी० /2 (20-बी) /67-68/9392 दिनांक 5/6 मार्च, 1968 तथा डी० /2 (20-बी)/ 67-68/8981 दिनांक 24/26 फरवरी, 1968 पर सप्लाई किये गये आनाज की कीमत में किस्मानुसार भारी कमी करने के क्या आधार थे ; और

(घ) आढ़तियों को नतीजों की सूचना किस तारीख को दी गई थी और किस्म निरीक्षक द्वारा लिये गये नमूनों की सीलें किन परिस्थितियों में तोड़ी गई थीं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं । भारतीय खाद्य निगम ने चने और जौ के लिये टेंडर मांगे थे और उसके लिये कोई भी खाद्यान्न व्यापारी इन अनाजों की सप्लाई के लिये पेशकश कर सकता था ।

(ख) टेंडर खरीदारी के लिये, भारतीय खाद्य निगम के स्थानीय प्रतिनिधि और विक्रेता (टेंडर देने वाला) नमूने लेते हैं और इकट्ठे सील लगाते हैं । यदि विक्रेता के पास अपनी सील न हो तो सिर्फ भारतीय खाद्य निगम की सील प्रयोग की जाती है और जो कि विक्रेता को मान्य होती है । विक्रेता को विश्लेषण रिपोर्ट भेजने के लिये कोई भी समय पाबन्दी नहीं दी हुई है ।

(ग) ठेके में कूड़ा करकट की विहित छूट की मात्रा से अधिक कूड़ा करकट के बारे में किस्म सम्बन्धी कटौती लगाई जाती है ।

(घ) परिणाम 23-5-68 और 24-5-68 को सूचित किये गये थे । शील भारतीय खाद्य निगम की प्रयोगशाला में नमूनों के विश्लेषण के समय तोड़ी गई थी ।

भारतीय खाद्य निगम के आढ़ती

3732. **श्री नंजा गौडर** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय खाद्य निगम को टेंडरों पर अनाज सप्लाई करने के लिये इस निगम के आढ़तियों को जमानत की राशि जमा करवानी पड़ती है ;

(ख) क्या भारतीय खाद्य निगम को यह अधिकार है कि वह कुछ परिस्थितियों में आढ़तियों द्वारा जमा करवाई गई जमानत की राशि न लौटाये ;

(ग) यदि इस राशि को इस प्रकार नहीं लौटाया जाता है तो क्या प्रत्येक मामले में कारणों की सूचना आढ़ती को दी जाती है ; और

(घ) यदि हां तो मैसर्स तिलक राज धर्मपाल, लुधियाना द्वारा टैंडर संख्या डी० / 2 (20-जी०)/ 67-68/9393 दिनांक 5 मार्च, 1968, डी० /2 (20-बी०) /67-68/9392, दिनांक 5/6 मार्च, 1968 तथा डी० /2 (20-बी०) / 67-68/8981 दिनांक 24/26

फरवरी, 1968 के लिये जमा करवाई गई जमानत की राशि को न लौटाने के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). जी हां ।

(घ) मैसर्स तिलक राज धर्मपाल, लुधियाना ने बेबाकी (प्रमाण) पत्र नहीं भेजा है जैसा कि ठेके की शर्तों में व्यवस्था है ।

आकाशवाणी में वर्क्स मुंशी

3733. **श्री अब्दुल गनी दार** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री 28 अगस्त, 1968 तथा 11 दिसम्बर, 1968 के क्रमशः अतारांकित प्रश्न संख्या 6177 और 4091 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रत्येक खण्ड में वर्क्स मुन्शियों के कितने पद बनाये गये हैं ;

(ख) वर्क्स मुन्शियों के कितने पद नियमित पदों में मिला दिये गये हैं ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके विस्तृत कारण क्या हैं ; और

(घ) उस पर और कितना समय लगने की सम्भावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री ई० कु० गुजराल) : (क) से (घ). सूचना एकत्र की जा रही है और यथासमय सदन की मेज पर रख दी जायेगी ।

Modern Rice Mills in Maharashtra

3734. **Shri Deorao Patil** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state

(a) whether Government extended loans to Maharashtra Government to set up modern rice mills in the State during the years 1967-68 and 1968-69 ;

(b) the total amount granted and the number of such mills to be established ; and

(c) the number of such mills as have started functioning ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri M. S. Gurupadaswamy) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise, in view of (a) above.

(c) Does not arise, in view of (a) above.

Bungling in Nav Ketan House Building Society, New Delhi

3735. **Shri P. M. Sayeed** : **Shri Narain Swarup Sharma** :
Shri Ram Swarup Vidyarthi : **Shri Om Prakash Tyagi** :
Shri M. L. Sondhi :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the names of the persons against whom action is being taken and enquiry is being made in the case of bungling of lakhs of rupees in Nav Ketan Co-operative House Building Society, 7 Jantar Manter Road, New Delhi ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri M. S. Gurupadaswamy) : According to the information furnished by Delhi Administration, a statutory enquiry under the Co-operative Law into the affairs of the Nav Ketan Co-operative House Building Society, New Delhi, is in progress. The irregularities and the persons who are responsible for them will be known only on the completion of the enquiry.

Agricultural University in Garhwal

3736. **Shri Onkar Lal Berwa :**
Shri Arjun Singh Bhadoria :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that there is no Agricultural University in the Pauri-Garhwal District of Uttar Pradesh, whereas the neighbouring Kumaon area has got one ;

(b) whether it is also a fact that although the Garhwal District is an agriculture based area, Government are not paying any attention towards the agricultural development in that area ;

(c) if so, whether Government propose to set up an agriculture university there ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) Yes, it is a fact that there is no Agricultural University in the Pauri-Garhwal District of Uttar Pradesh and that the Uttar Pradesh Agricultural University is located at Pantnagar, Nainital which happens to be a district of Kumaon region. This University, however, irrespective of its location is expected to serve the whole State of Uttar Pradesh including the Pauri-Garhwal area.

(b) According to the information furnished by the State Government of Uttar Pradesh it does not appear to be a fact that adequate attention is not being paid to Garhwal District for developing its agriculture. Garhwal, Nainital, Almora and other hilly Districts are contiguous and form part of the hilly region of the State. The hill region has better potential for horticultural development and also needs provision of soil conservation measures. The Director, Fruit Utilization, Ranikhet assisted by the Deputy Director of Horticulture, Pauri, is executing programmes of horticulture development in all the districts of this hill region. As regards soil conservation, the number of Sub-divisional units operating in each district is given below, which indicates the intensity at which the problem of soil erosion is being tackled in this region:

S. No.	Name of district.	No. of Soil Cons. Units.
1.	Pauri-Garhwal	1
2.	Tehri-Garhwal	3
3.	Nainital	1
4.	Almora	1
5.	Uttar Kashi	1
6.	Chamoli	1
7.	Pithoragarh	—
8.	Dehradun (Chakrata)	1
	Total	9

(c) The State Government do not propose to set up an Agriculturel University in Garhwal district, as the benefits accruing from the Agricultural University, Pantnagar, District Nainital are available to the entire State.

(d) There is no need to set up another University in Garhwal, as the out-turn of Agricultural Graduates and Post Graduates in the existing institutions of the State is not only sufficient to meet the State's requirement, but also leaves some surplus. Hence, it would not be advisable to establish another Agricultural University.

नारवे से मछली पकड़ने वाली नौकाओं तथा उपकरणों का आयात

3737. **श्री मणिभाई जे० पटेल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नारवे से मछली पकड़ने वाली नौकाओं तथा उपकरणों के आयात के लिये 157.50 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ है ;

(ख) क्या ऐसे आयात की अनुमति है और यदि हां, तो क्या यह आयात सरकारी अथवा गैर-सरकारी क्षेत्र में किया जायेगा ; और

(ग) नारवे से जिस शीर्षक के अन्तर्गत यह ऋण मिला है उसका ब्योरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, समुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां।

(ख) कुछ निश्चित शर्तों के अनुसार मछली पकड़ने के लिये 30 पोतों के आयात की एक योजना के अधीन आयात लाइसेंस जारी करने हेतु पोतों के आयात के लिये प्राप्त हुए आवेदन विचाराधीन हैं। इस योजना का सम्बन्ध सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों में वाणिज्यिक आधार पर मछली पकड़ने से है।

(ग) नारवे की सरकार विभिन्न करारों के अन्तर्गत भारत में मछली विकास के लिये तकनीकी अनुभव, पोतों और उपकरणों के रूप में 1952 से सहायता प्रदान करती रही है। 17 मार्च, 1967 को हुये एक करार के अन्तर्गत नारवे की सरकार ने भारत में उपलब्ध न होने वाली तकनीकी सहायता, उपकरणों व मशीनों के रूप में 400 लाख क्रोनर्ज (नार्वे की मुद्रा) देना स्वीकार कर लिया था। इसके अतिरिक्त नार्वे की सरकार ने मशीनों व उपकरणों (जिनमें पोत और फालतू पुर्जे व पोतों के काम आने वाली अन्य चीजें भी शामिल हैं) ऋण देना स्वीकार कर लिया था ताकि भारतीय मछली उद्योग को विकसित किया जा सके। कुल 400 लाख क्रोनर्ज (420.00 लाख रुपये) की कुल सहायता में से 150 लाख क्रोनर्ज (157.50 लाख रुपये) की रकम 16 सितम्बर, 1968 को हुये एक अनुपूरक करार की शर्तों के अनुसार ऋण के रूप में प्रदान की थी।

Publication of Books, Magazines and Reports

3738. **Shri Ramji Ram** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) the number of magazines and books and annual, monthly and fortnightly reports which are being published by his Ministry ;

(b) the number out of them published in English and Hindi, separately ;

(c) whether there is any proposal to publish all these magazines and books in Hindi ;

(d) if so, when ; and

(e) if not, the use of these books for the Indian people who do not know English and the propriety of spending public money on these publications ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) and (b). On an average 240 books, pamphlets, magazines and journals are brought out by the Ministry of Information and Broadcasting in English, Hindi and other languages in a year.

Out of 19 programme journals published by All India Radio, two are in English and one is in Hindi.

The Publications Division bring out 5 magazines in English and 4 in Hindi. Out of 210 books, pamphlets and albums brought out by the Publications Division in 1968, 50 were in English and 40 were in Hindi.

The Annual Report of the Registrar of Newspapers, entitled "Press in India" (Part I) is published in English and Hindi.

The journals of All India Radio carry programme details and are intended to give advance information about them to listeners in various linguistic regions/foreign countries. The publication of all the journals in Hindi would not serve the purpose in view.

It is not feasible to bring out all the publications of the Publications Division in Hindi also. It is not necessary to produce publications meant largely for readership abroad, such as INDIAN AND FOREIGN REVIEW, etc. in Hindi. Efforts are being made to bring out more and more publications in Hindi. In pursuance of this objective, the Hindi Section of the Division has been strengthened by the appointment of a senior officer of the rank of Deputy Director. The Children's literature produced by the Division is brought out mostly in Hindi. This includes such titles as BHARAT KE GAURAV ; BHARAT KE AMAR CHARITRA ; GYAN SAROVAR ; BHARAT KI LOK KATHAIN ; SARAL PANCHTANTRA etc.

The language of a book is determined by factors such as the readership aimed at, its sales potential both within the country and abroad, etc.

Part II of the book "Press in India" (Annual Report of Registrar of Newspapers) is a catalogue of newspapers and periodicals published in the country and the need for bringing it out in Hindi has not been felt.

बम्बई में टेलीविजन स्टेशन

3739. **श्री गाडिलिंगन गौड़** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत बम्बई के निकट टेलिविजन स्टेशन स्थापित करने के लिये विदेशी सहायता प्राप्त करने की सम्भावना का पता लगा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो किन देशों ने सहायता की पेशकश की है और उसका ब्योरा क्या है ; और

(ग) स्टेशन के किस तारीख तक स्थापित हो जाने की सम्भावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री ई० कु० गुजराल): (क) और (ख). जर्मनी की संघीय गणतंत्र सरकार ने भारत को बम्बई में एक टेलिविजन स्टेशन स्थापित करने के लिये सहायता देने की इच्छा व्यक्त की है किन्तु अभी तक सहायता के प्रस्ताव की पुष्टि नहीं की गई है।

(ग) इस स्थिति में कोई भी निश्चित तिथि नहीं बताई जा सकती यथापि बम्बई में टेलिविजन स्टेशन की स्थापना के प्रस्ताव को चौथी पंचवर्षीय योजना के मसौदे में सम्मिलित कर लिया गया है।

मंत्रालय में फालतू कर्मचारी

3740. **श्री प्रेम चन्द वर्मा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967-68 के दौरान उनके मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारियों का कोई सर्वेक्षण किया गया था;

(ख) यदि हां, तो वर्गवार कितने फालतू कर्मचारी थे और क्या सरकार ने उनकी छंटनी कर दी अथवा उन्हें अन्य स्थानों पर काम पर लगा दिया गया;

(ग) 1 अप्रैल, 1968 से 30 जून, 1968 की अवधि में मंत्रालय द्वारा वर्गवार कितने अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त किये गये और इस अवधि में कितने राजपत्रित अधिकारियों के पद बनाये गये; और

(घ) मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और उप-मंत्रियों के साथ सम्बद्ध फालतू कर्मचारियों, जिनके लिये स्वीकृति नहीं ली गयी है, का ब्योरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (घ). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

Rice Mills in Rajasthan

3741. **Shri Meetha Lal Meena** . Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that due to paucity of rains production of rice decreased in 1968 in Rajasthan;

(b) if so the quantity of total rice production in Rajasthan in 1968 and how much less it was than the production in previous years;

(c) whether it is a fact that due to less production of rice, the rice mills of Rajasthan are threatend with closure;

(d) whether Government have received some complaints from the rice mills regarding the closure; and

(e) if so, the reaction of Government in regard thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri Annasahib Shinde): (a) and (b). Due to paucity of rains, production of rice in Rajasthan during 1968-69 is likely to be considerably lower than that during 1967-68. The All-India Final Estimate of Rice for 1968-69, giving State-wise break-up has not yet been formulated.

(c) to (e). A request was made by the Chawal Mill Sangh, Gangapur City, Rajasthan, to allow movement of paddy from other States on the plea that the rice mills in Rajasthan were reported to be facing closure on account of failure of rice crop in Rajasthan. Later, in December, 1968, the Government of Rajasthan reported that they had no information of any crisis in rice mills in Rajasthan due to non-availability of paddy and that no representation had been received by them from the rice mill owners or their association.

Development of Communication System in Rajasthan

3742. **Shri Meetha Lal Meena:** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state:

(a) the outlines of scheme proposed to be formulated by Government for the development of Communication system and telephone service in Rajasthan in the year 1969-70;

(b) whether it is a fact that no development is being made in telephone service in Jaipur and Bharatpur divisions of Rajasthan; and

(c) if so, the reasons therefor?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri Sher Singh): (a) The schemes proposed for the development of communication system and telephone services in Rajasthan in the year 1969-70 have been broadly indicated in the Annexure. **[Placed in Library. See No. LT-420/69].** Besides schemes for expansion of Coaxial and Microwave network in this area to provide large blocks of stable circuits are in progress.

(b) No Sir, this is not a fact. The developments that are being made in Communication system in these two divisions of Jaipur and Bharatpur have also been given in the Annexure. **[Placed in Library. See No. LT-420/69]**

(c) Does not arise.

Repatriates from Ceylon

3743. **Shri Raghuvir Singh Shastri:** Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that about 35,000 Indians are expected to come to India from Ceylon this year under the 15 years' repatriation programme;

(b) whether it is also a fact that almost an equal number of Indians are expected to come to India from Ceylon next year also;

(c) the details of the programme chalked out for their rehabilitation; and

(d) estimated expenditure likely to be incurred on their rehabilitation?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b). Under the Indo-Ceylon Agreement, 1964, 5.25 lakhs persons of Indian origin are to be repatriated to India over a period of 15 years. This works out to an average of about 35,000 persons per year. It is, however, not possible to indicate accurately at this stage the number of repatriates who might come this year and next year.

(c) A statement, showing the measures taken for their rehabilitation, is laid on the Table of the House. **[Placed in Library. See No. LT-421/69.]**

(d) A budget provision of Rs. 120.23 lakhs has been proposed for the year 1969-70 for schemes of rehabilitation of repatriates from Ceylon. It is not possible at this stage to give an estimate of expenditure beyond this period.

Improvement in Telegraph Services

3744. **Shri Prakash Vir Shastri** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether there was any improvement in the telegraph services in the country during last year ;

(b) whether it is also a fact that letters are delivered expeditiously as compared to telegrams ;

(c) if so, whether improving the telegraph service is under consideration of Government ; and

(d) the time by which final decision will be taken thereon ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri Sher Singh) : (a) During the year 1968, 35,466 complaints were filed against the Telegraph Service whereas 43,947 in the previous year bringing down the complaints from 9 to 8 per 10,000 telegrams booked. This indicates that there has been improvement. By and large the telegraph service has improved in other respects also.

(b) No. Telegraphs service is faster than postal service. However, some telegrams may be delayed in exceptional circumstances beyond human control such as break-downs to telegraph circuits.

(c) To improve the telegraph service further, a Departmental Committee has been set up to study the working of the Telegraph branch with a view to devising measures for bringing about ;

(i) Economics consistent with efficiency, and

(ii) reduction in the costs by improved methods of working and application of technological advancements.

(d) The Committee is likely to submit its report in July/August, 1969. It is too early to indicate a target date regarding implementation of a report which is not available as yet. Best of efforts will be made to adopt measures to improve the service.

राज्य कर्मचारी बीमा योजना के औषधालयों का कार्य-संचालन

3745. **श्री रा० की० अमीन :**

श्री द० रा० परमार :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्य कर्मचारी बीमा योजना के औषधालयों के कार्य चालन के सम्बन्ध में गम्भीर शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या इस सम्बन्ध में सरकार ने जांच की थी;

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला और उस पर क्या कार्यवाही की गई थी; और

(घ) यदि कोई जांच नहीं की गई है, तो इसके कारण क्या हैं और क्या सरकार का विचार कोई जांच करने का है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (घ). कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत चिकित्सा लाभ की सांविधिक जिम्मेवारी दिल्ली को छोड़कर सभी राज्य सरकारों की है। दिल्ली में यह जिम्मेवारी कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने ले ली है। दवाइयों की अपर्याप्त सप्लाई, कर्मचारियों की कमी, कुछ मामलों में प्रमाण-पत्र जारी न करना तथा विशेषज्ञों एवं ऐम्बुलेंस सेवाओं के अभाव के बारे में समय-समय पर सामान्य किस्म की शिकायतें प्राप्त होती हैं। सम्बंधित राज्य सरकारों द्वारा इन शिकायतों की जांच की जाती है। दिल्ली में इस प्रकार की शिकायतों की जांच कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा की जाती है और उसी द्वारा उचित कार्यवाही की जाती है।

सोयाबीन की उपज

3746. **श्री रा० की० अमीन :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात राज्य के सात जिलों में गैर-सरकारी क्षेत्र के एक समवाय द्वारा प्रोटीन की अधिक मात्रा वाले सोयाबीन उगाने के लिये प्रयत्न किये जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है और इस बारे में केन्द्रीय सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) गुजरात सरकार ने हमें सूचित किया है कि 1969-70 की अवधि में सोयाबीन की शुद्ध फसल के रूप में 1,420 हैक्टेअर भूमि में और कपास के साथ मिश्रित फसल के रूप में

4,000 हैक्टेअर भूमि में बोने का प्रस्ताव है। सोयाबीन को मुख्यतः सहकारी समितियों द्वारा उनके सदस्यों के माध्यम से उगाने का प्रस्ताव है।

(ख) शुरू किये जाने वाला प्रस्तावित कच्चा कार्यक्रम निम्न प्रकार है :

	जिला	शुद्ध फसल (क्षेत्रफल हैक्टेअरों में)	मिश्रित फसल
1.	बुलसर	400	—
2.	सूरत	—	2,000
3.	भरौच	—	2,000
4.	बड़ौदा	100	—
5.	पंचमहल	120	—
6.	राजकोट	400	—
7.	अमरेली	400	—
	कुल ...	1,420	4,000

राज्य सरकार ने यह भी सूचित किया है कि गैर-सरकारी क्षेत्र की एक कम्पनी ने वाणिज्यिक स्तर पर ठेके के आधार पर सोयाबीन की खेती करने का प्रायोजन किया है।

केन्द्रीय सरकार का मत है कि सोयाबीन एक बड़ी अच्छी फसल है और वह इसे बड़े स्तर पर शुरू करने के कार्य को प्रोत्साहन दे रही है। उदाहरण के तौर पर गुजरात में किये गये अनुसंधान से पता चलता है कि विशेषकर मध्य तथा दक्षिणी गुजरात में कपास के साथ सोयाबीन की मिश्रित खेती करने से बड़ी अच्छी उपज होती है।

गुजरात को गेहूं की सप्लाई

3747. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात सरकार ने 1968 के दौरान केन्द्रीय सरकार से कितनी मात्रा में गेहूं की मांग की और सरकार द्वारा गेहूं का कितना कोटा नियत किया गया; और

(ख) उक्त वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार ने गुजरात को वास्तव में कितना गेहूं सप्लाई किया ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). 1968 में, गेहूं की मांगी, आवंटित तथा सप्लाई की गई मात्रा के संबंध में स्थिति इस प्रकार थी :—

	(हजार मीटरी टन में)
मांगी गई मात्रा	510.0
आवंटित की गई मात्रा	322.0
सप्लाई की गई मात्रा	210.0

गुजरात में भूमि बन्धक बैंक

3748. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1967-68 में गुजरात में भूमि बन्धक बैंकों को सरकार द्वारा कोई सहायता दी गई थी; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे प्रत्येक बैंक को कितनी-कितनी राशि दी गई थी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्यमंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) जी हां ।

(ख) गुजरात सरकार ने निम्नलिखित सहायता दी है :—

1. **गुजरात राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक :**

(1) गुजरात राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक को इनके लिए उपदान-अलाभकारी शाखाओं, ग्रामीण ऋण-पत्र एकत्र करने के लिए एजेन्टों को कमीशन और खोपरा विकास योजना के लिए विशेष कर्मचारी —रु० 69,931

(2) गुजरात राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के साधारण ऋण-पत्रों में सरकारी अंशदान —रु० 479 लाख

(3) गुजरात राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के विशेष ऋण पत्रों में सरकारी अंशदान —रु० 2 लाख

2. **प्राथमिक भूमि विकास बैंकों को उपदान :**

(1) सूरत जिला सहकारी भूमि विकास बैंक —रु० 2,138.00

(2) बड़ौच जिला सहकारी भूमि विकास बैंक —रु० 5,043.50

1967-68 में गुजरात सरकार को गुजरात राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के साधारण ऋण पत्रों में अंशदान देने के लिए 312 लाख रुपए की केन्द्रीय सहायता सुलभ की गई थी । इस राशि के अलावा, राज्य सरकार ने 167 लाख रुपए अपने निजी साधनों से दिए । इस प्रकार राज्य सरकार ने साधारण ऋण-पत्रों में कुल 479 लाख रुपए का अंशदान दिया ।

आन्ध्र प्रदेश में अधिक फसल देने वाली किस्म के बारे में कार्यक्रम

3749. **श्री सरजू पाण्डेय :** **श्री अदिचन :**
श्री ईश्वर रेड्डी : **श्री भोगेन्द्र झा :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आन्ध्र प्रदेश में रबी की फसल के लिये अधिक उपज देने वाली किस्म के कार्यक्रम के बारे में क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं; और

(ख) इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केन्द्र द्वारा राज्यों को क्या सहायता दी जा रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) आन्ध्र प्रदेश में रबी-ग्रीष्म, 1968-69 के लिये अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम के अन्तर्गत 4.03 लाख एकड़ भूमि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

(ख) क्षेत्र स्तर पर पर्यवेक्षण और तकनीकी पथ प्रदर्शन प्रदान करने के लिये खण्ड और जिले के स्तरों पर अधिक उपज देने वाली किस्म के कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा नियुक्त केवल अतिरिक्त कर्मचारियों के लिये केन्द्रीय सहायता उपलब्ध है। आवश्यकता पड़ने पर भारत सरकार तकनीकी सलाह प्रदान करती है।

लक्कदीव में मत्स्यपालन का विकास

3750. **श्री प० मु० सईद :**
श्री वीरभद्र सिंह :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में लक्कदीव में मत्स्यपालन के विकास के लिये वर्षवार कितनी राशि नियत की गई और व्यय की गई ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : जानकारी इक्ट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

Telephone and Post Office Facilities in U. P. and Madras

3751. **Shri Molahu Prasad :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 843 on the 19th December, 1968 and state :

(a) the time by which telephone connection is likely to be given to village Chawli ;

(b) the number of Post Offices in Uttar Pradesh and Madras separately, where there are no telephone connections ; and

(c) whether Madras is given preference in the matter of installation of telephone connections as compared to U. P. ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri Sher Singh) : (a) No proposal for providing a telephone exchange or a Public Call Office at Chawli has been approved so far. The nearest telephone exchange is at Etmadpur which is 14 Kms from Village Chawli.

(b) Uttar Pradesh .. 11,345

Madras .. 8,799

(c) No.

Buffer Stock of Foodgrains

3752. **Shri Maharaj Singh Bharati :**
Shri Hem Raj :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the quantity of each variety of imported as well as indigenous foodgrains left in balance in the buffer stock with Government after distribution in the year 1968 ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : The physical stocks of imported as well as indigenous foodgrains both with the Centre and State Governments after distribution in the year 1968 were about 3.78 million tonnes consisting of 10.8 lakh tonnes of rice, 21.3 lakh tonnes of wheat and 5.7 lakh tonnes of coarse grains.

वसूली के मूल्यों का विलम्ब से भुगतान करने पर ब्याज

3753. **श्री गाडिलिंगन गौड़ :**
श्री वेदव्रत बरुआ :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कृषकों को वसूली के मूल्य की देर से भुगतान करने पर भारतीय खाद्य निगम को ब्याज देना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1967-68 में और 1 मार्च, 1968 से 31 दिसम्बर, 1968 के बीच की अवधि में राज्य-वार, कितना ब्याज दिया गया;

(ग) वसूली मूल्य के भुगतान में विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(घ) विलम्ब न होने देने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) भारतीय खाद्य निगम के पास शीघ्र भुगतान करने की व्यवस्था है।

(ख) से (घ). प्रश्न ही नहीं उठते।

रेडियो लाइसेंस

3754. **श्री गाडिलिंगन गौड़ :**
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967, 1968 और 1969 में अब तक कितने रेडियो लाइसेंस जारी किये गये;

(ख) इससे कितनी राशि प्राप्त हुई;

(ग) उक्त अवधि में कितने रेडियों लाइसेंसों का नवीकरण किया गया; और

(घ) इससे कितनी राशि प्राप्त हुई ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्यमंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) नये जारी किये गये लाइसेंसों की संख्या :

	1967	23,72,881
	1968	31,33,706
	1969	सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।
(ख)	1967	2,16,10,716 रुपये
	1968	3,60,50,744 रुपये
	1969	सूचना इकट्ठी की जा रही और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) नवीकृत किये गये पुराने लाइसेंसों की संख्या :

	1967	52,06,587
	1968	61,48,649
	1969	सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।
(घ)	1967	7,60,81,918 रुपये
	1968	8,45,85,029 रुपये
	1969	सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

बर्मा से स्वदेश लौटने वाले व्यक्तियों को व्यापार के लिये ऋण

3755. **श्री गाडिलिंगन गौड़** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बर्मा से दिल्ली लौटते हुए व्यक्तियों को व्यापार के लिये ऋण की राशि बढ़ाने के बारे में सरकार को कोई नये अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) क्या दिल्ली के डिप्टी कमिश्नर को नई हिदायतें दे दी गई हैं, और व्यापार ऋणों के लिये वित्तीय सहायता की राशि बढ़ा दी गई है;

(ग) यदि हां, तो कितने अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और कितने मामलों में बड़ी मात्रा में ऋण की राशि दे दी गई है; और

(घ) क्या आरम्भ में जिनको दो किस्तों में 2,000 रुपयों का ऋण मंजूर किया गया था उनमें और जिनको 4,000 रुपये से 5,000 रुपये के ऋण मंजूर किये गये हैं उनमें कोई भेद किया जा रहा है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ग). दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि उनको दिल्ली में बर्मा से स्वदेश लौटे किसी भी व्यक्ति का व्यापार के लिये दिये गये ऋण की राशि बढ़ाने के बारे में कोई नया अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है और इसलिये कोई नई हिदायतें जारी नहीं की गईं; न ही डिप्टी कमिश्नर, दिल्ली, के वित्तीय बटवारे में व्यापार ऋण को बढ़ाने के लिये वृद्धि की गई है ।

दिल्ली प्रशासन ने आगे बताया है कि 18.5.1968 तक बर्मा से स्वदेश लौटे केवल 5 व्यक्तियों से अतिरिक्त ऋण के लिये आवेदन-पत्र प्राप्त हुए थे। इनमें से दो मामलों के अतिरिक्त ऋण मंजूर कर दिये गये थे और दो अन्य आवेदन-पत्र इस आधार पर अस्वीकृत कर दिये गये थे कि ऋण पाने वालों का व्यापार भली प्रकार से चल रहा था और जांच-पड़ताल करने पर यह पाया गया कि उन्हें ऋण की वृद्धि की आवश्यकता नहीं थी। पांचवें आवेदक को सूचित किया गया था कि अतिरिक्त ऋण के लिये उसकी प्रार्थना पर तब विचार किया जायेगा जबकि उसको पूर्व मंजूर की गई ऋण की द्वितीय किश्त दे दी जायेगी और उसका उपयुक्त प्रयोग कर लिया जायेगा ।

(घ) जी नहीं । तथापि अब 2,000 रुपये के ऋण की धनराशि एक किश्त में दे दी जाती है ।

दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा दूध के टोकन न जारी करना

3756. **श्री म० ला० सोंधी** : क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा गत दो वर्षों में दर्ज की गई पंजीयन संख्या के अनुसार प्रार्थियों को दूध के लिये टोकन नहीं जारी किये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) बारी के अनुसार टोकन जारी करने का सिद्धांत क्यों नहीं अपनाया गया ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) (क) बहुत ही विशिष्ट मामलों को छोड़कर, प्रतीक्षा सूची में पंजीयन के अनुसार दूध के टोकन जारी किये जाते हैं ।

(ख) पारी के बिना दूध संसद् सदस्य, दूतावास के कार्मिकों को और संसद् सदस्यों तथा अन्य बहुत महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सिफारिशों पर विशिष्ठ योग्य मामलों में दिया जाता है ।

(ग) बहुत ही विशिष्ट मामलों को छोड़कर "प्रथम आये प्रथम पाये" के सिद्धांत का अनुसरण किया जाता है ।

स्वतन्त्रता संग्राम के कुछ सेनानियों की स्मृति में डाक टिकट

3757. **श्री शिव चंडिका प्रसाद** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस समय उनके मंत्रालय में स्वतन्त्रता संग्राम के महान् सेनानियों तथा शहीदों

यथा स्वर्गीय प्रोफेसर अब्दुल वारी और बिहार के बिरसा महाराज की स्मृति में चालू वर्ष में डाक टिकट जारी करने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्यमंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी नहीं । अब तक ऐसे कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं ।

(ख) यह प्रस्ताव डाक-टिकट सलाहकार समिति के सम्मुख इसकी अगली बैठक में रखा जाएगा ।

कृषि योग्य भूमि

3758. **श्री एम० नारायण रेड्डी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि देश में कृषि योग्य भूमि का प्रतिशत, जो वर्ष 1885 में 52.8 था अब घट कर 47.2 रह गया है जबकि इस अवधि में नये क्षेत्रों में खेती की गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह निराशाजनक स्थिति तीन पंचवर्षीय योजनाओं तथा दो वार्षिक योजनाओं में कार्य ठीक न होने के कारण हुई है ; और

(ग) "युद्ध स्तर" पर कृषि की भी भूमि का प्रतिशत बढ़ाने तथा यथार्थवादी तरीके से समस्या हल करने के लिये अब क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से(ग).ब्रिटिश भारत में 1885-86 में कृषिगत क्षेत्र और रिपोर्टिंग क्षेत्र का अनुपात 43.5 प्रतिशत आता था जबकि 1965-66 में भारत संघ के लिये इन का अनुपात 48.8 प्रतिशत था । फिर भी इन वर्षों के लिये आंकड़ों की भूगोलिक क्षेत्रों, सांख्यिकीय मूल्यांकन और आधार आदि की तबदीली के कारण तुलना नहीं की जा सकती ।

काश्त योग्य भूमि बनाने और विकास कार्यक्रमों के आधीन पहली पंचवर्षीय योजनाओं में 98 लाख एकड़ भूमि को काश्तयोग्य बनाया गया और बाद के दो वर्षों में 1966-67 और 1967-68 में 5.9 लाख एकड़ को काश्त योग्य बनाया गया । तीन योजनाओं में भूमि प्रयोग संख्यिकी के अधीन काश्त क्षेत्र की रिपोर्टिंग क्षेत्र से प्रतिशत नीचे दी गई है :

वर्ष	**काश्त क्षेत्र की रिपोर्टिंग क्षेत्र से प्रतिशत**
1950-51 (प्रथम योजना का शुरू)	45.5

1955-56	
(प्रथम योजना का अन्तिम वर्ष)	48.2
1960-61	
(दूसरी योजना का अन्तिम वर्ष)	48.4
1965-66	
(तीसरी योजना का अन्तिम वर्ष)	48.8
	(अस्थाई)

यथासम्भव काश्त योग्य भूमि योजनाओं को अपनाने द्वारा और दो फसलों और बहु फसलों को आरम्भ करके देश में फसल अधीन क्षेत्र को बढ़ाने के प्रयत्न किये जा रहे हैं। पिछले तीन सालों में पहली बार विभिन्न राज्यों में मुख्य नदी घाटी परियोजनों के क्षेत्रों में कृषि अपव्यय भूमि और सूखी खेती भूमि के विकास के लिये साधन अपनाने शुरू किये गये हैं।

भूमि संरक्षण

3759. **श्री एम० नारायण रेड्डी :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ग्रामीण कृषि संस्था, बीचपुरी, आगरा द्वारा व्यक्त किये गये इन विचारों का पता है कि देश में भूमि संरक्षण उपाय न किये जाने के कारण भूमि के ऊपरी भाग की मिट्टी तेजी से बहती जा रही है।

(ख) भूमि संरक्षण के लिये इस दिशा में क्या उपाय किये जाने का प्रस्ताव है ;

(ग) क्या इस योजना को कोई प्राथमिकता दी गई है ;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). आगरा विश्वविद्यालय की जनवरी, 1959 की पत्रिका में प्रकाशित एक लेख में ग्रामीण कृषि संस्था, बीचपुरी, आगरा के एक विद्वान ने यह बतलाया था कि भूक्षरण उन कारणों में से एक है जो भूमि की उत्पाद्यता को ह्रास की ओर अग्रसर कर रहा है। सरकार इस समस्या के बारे में प्रथम विकास योजना के प्रारम्भ से ही सचेत रही है और तीन पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान भूमि संरक्षण संबंधी उपायों को समस्त देश की लगभग 58 लाख हैक्टेयर भूमि में अपनाया गया है। और इस वर्ष के अन्त तक अन्य 40 लाख हैक्टेयर भूमि में आवरित करने की संभावना है। चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के दौरान राज्य और केन्द्रीय क्षेत्रों में कार्यक्रम को गतिमान करने का प्रस्ताव है।

(घ) प्रश्न ही नहीं होता।

Bogus Ration Cards in Delhi

3760. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the number of bogus ration cards detected in Delhi during 1967-68 ; and

(b) the number of persons against whom cases were registered and the number of bogus ration cards cancelled ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) 23,606 bogus ration cards were either detected or surrendered voluntarily.

(b) 81 persons. A total number of 4,25,579 cereal and 2,32,058 sugar units were cancelled.

Wheat Import from U. S. A.

3761. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleaesed to state :

(a) the quantity and value of wheat imported from U. S. A. from January 1968 to date ; and

(b) the target of import of wheat upto June, 1969, its cost and number of instalments in which payment will be made ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : The total quantity of wheat imported from U.S.A. during January, 1968 to February, 1969 amounted to 45.63 lakh metric tons valued at approximately Rs. 13.53 crores.

(b) A quantity of 8.52 lakh tonnes of wheat is expected to be imported from U. S. A. from March, 1969 to June, 1969. It is not possible to indicate the cost of this wheat at this stage as the prices and the freight which may have to be paid therefor are not yet known. Regarding the payment of this wheat, which will be coming under the P.L. 480 Agreement with U.S.A., the Rupee equivalent of the Dollar cost of foodgrains is deposited in the U. S. Government title account in India except for the quantities imported under credit terms. In the latter case, the repayment is to be made in 31 instalments, the first instalment falling due ten years after the date of last delivery of the commodity in each Calendar year.

वाणिज्यिक फसलों का उत्पादन

3762. **श्री अदिचन :** **श्री हिम्मतसिंहका :**
श्री महराज सिंह भारती : **श्री सु० कु० तापड़िया :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वाणिज्यिक फसलों का उत्पादन बढ़ाने तथा वर्तमान कारखानों तथा चौथी पंचवर्षीय योजना में नये कारखानों में उनका उपयोग करने के लिये केन्द्र द्वारा प्रायोजित अविलम्बनीय कार्यक्रम विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आरम्भ किये जाने का प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो इस कार्यक्रम पर कितना व्यय होगा तथा इसकी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) वाणिज्यिक फसलों के विकास के लिये यदि केरल सरकार ने चौथी पंचवर्षीय

योजना में केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के एक अंश के रूप में क्रियान्वित करने हेतु कोई योजना बनाई है तो उसकी मोटी रूपरेखा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) निर्यात/आयात के प्रतिस्थापन के लिये कपास, मूंगफली, तम्बाकू, लाख, काली मिर्च, काजू, नारियल, पटसन, अरण्डी, सुपारी तथा मसाला आदि नकदी की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिये चतुर्थ योजना की अवधि में विभिन्न राज्यों में केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं को जारी रखने का प्रस्ताव है । यह बढ़ा हुआ उत्पादन चतुर्थ योजना की अवधि में मौजूदा कारखानों की मांग को पूरा करने के लिये काम में लाया जायेगा ।

(ख) 1969-70 तक कार्यक्रम का ब्योरा सभा-पटल पर रखे गये नोट में दिया गया है । [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल०टी०** 422/69] पूर्ण चतुर्थ योजना का ब्यौरा तैयार किया जा रहा है । चतुर्थ योजना की अवधि में इन योजनाओं के लिये 14.50 करोड़ रुपये की अन्तिम व्यवस्था करने का प्रस्ताव है ।

(ग) भारत सरकार का प्रस्ताव है कि चतुर्थ योजना की अवधि में केरल राज्य में नारियल, काजू, काली मिर्च, अदरक तथा सुपारी के विकास के लिये केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं को कार्यरूप दिया जाये । अभी केरल सरकार से योजना का ब्योरा प्राप्त होना है ।

शरणार्थियों का आर्थिक दृष्टि से पुनर्वास

3763. **श्री समर गुह** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले शरणार्थियों के आर्थिक दृष्टि के पुनर्वास के लिये व्यापार व्यवसाय तथा उद्योग के क्षेत्रों में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ;

(ख) इन क्षेत्रों में कितने व्यक्तियों को रोजगार दिया गया है ;

(ग) क्या पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले शरणार्थियों का आर्थिक दृष्टि से पुनर्वास अब भी सरकार के लिये एक भयंकर समस्या है और इन शरणार्थियों का आर्थिक स्तर पर पुनर्वास न हो सकने के कारण भारत के पूर्वी भाग में काफी राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक तनाव है ; और

(घ) यदि हां, तो पूर्वी पाकिस्तान के शरणार्थियों के आर्थिक स्तर पर पुनर्वास के मामले में नये सिरे से कार्यवाही करने तथा समूची योजना को अधिक कारगर बनाने के लिये अधिक संसाधनों से योजना में आमूल परिवर्तन करने का सरकार का विचार है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (घ) . अब तक पूर्वी पाकिस्तान से भारत आये विस्थापित व्यक्तियों की कुल संख्या 50.23 लाख है । इनमें से 41.17 लाख व्यक्ति 31 मार्च, 1958 तक आये थे । उनके मामले में

पश्चिम बंगाल में कुछ अवशिष्ट मदों के अतिरिक्त, जिनका पुनरीक्षण, श्री एन० सी० चटर्जी संसद् सदस्य जी की अध्यक्षता में समीक्षा समिति द्वारा किया जा रहा है, प्राय: सभी पुनर्वास कार्य 1960-61 तक पूर्ण हो गया था। छोटे-मोटे कार्य व्यापार तथा उद्योग के क्षेत्र में सरकार द्वारा सुगम शर्तों पर ऋण दिये गये थे। विस्थापित व्यक्तियों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से निजी उद्योगपतियों को सहायता प्रदान की गई थी और सार्वजनिक क्षेत्र में, नये गद्योग स्थापित करने तथा निजी उद्योगपतियों को ऋण देने के लिये पुनर्वास उद्योग निगम का गठन किया गया था। छोटे-मोटे कार्य, व्यापार तथा उद्योग इत्यादि के माध्यम से आर्थिक पुनर्वास की योजनाओं की मुख्य-मुख्य बातें तथा उनके लिये 1960-61 तक पूर्वी क्षेत्र में मंजूर की गई धनराशि निम्न में दी गई है :

योजना	लाभ पाने वालों की संख्या	मंजूर की गई धनराशि (रुपये लाखों में)
(i) मध्यम उद्योग योजनायें (रोजगार संभाव्य)	11,400	419.00
(ii) लघु/कुटीर उद्योग (रोजगार संभाव्य)	18,377	136.10
(iii) पुनर्वास उद्योग निगम (रोजगार संभाव्य)	4,500	120.00
(iv) पुनर्वास वित्त प्रशासन (विस्थापित व्यक्ति जिन्हें व्यापार के लिये ऋण दिये गये हैं)	6,000	429.32
(v) परिवार, जिन्हें शहरी क्षेत्रों में छोटे-मोटे कार्य व्यवसायिक धन्धों इत्यादि में बसाया गया।	1,85,000	1,213.00(अनुमानत:)
(vi) रोजगार कार्यालयों के माध्यम से रोजगार	65,000	

2. जहां तक 1-1-1964 और उसके बाद आये नये प्रवासियों का सम्बन्ध है, पुनर्वास सहायता केवल उनके लिये ही स्वीकार्य है जिन्होंने शिविरों में प्रवेश प्राप्त किया था। लगभग 35,321 परिवार इस समय पुनर्वास स्थलों में हैं तथा 10,332 परिवार शिविरों में (1-3-1969 को) पुनर्वास की प्रतिक्षा में हैं। नये प्रवासियों को व्यापार, छोटे-मोटे कार्य तथा व्यवसायिक धन्धों के लिए ऋण भी दिये गये हैं। अब तक 4,464 परिवारों को इस प्रकार की सहायता दी गई है। उद्योग के क्षेत्र में, लघु तथा माध्यम उद्योगों में नये प्रवासियों को रोजगार दिलाने के लिये योजनायें मंजूर की गई हैं। इन औद्योगिक योजनाओं में 2,000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार पर लगाने की संभावना है।

3. पश्चिम बंगाल के मामले में उसी राज्य में रह रहे नये प्रवासियों द्वारा उत्पन्न की गई समस्या के स्वरूप तथा महत्ता की जांच समीक्षा समिति द्वारा की जा रही है। समिति अन्य बातों के साथ-साथ, उनके तकनीकी प्रशिक्षण के लिये वित्तीय सहायता रोजगार तथा औद्योगिक योजनाओं इत्यादि के सम्बन्ध में भी सिफारिशें करेगी। समिति की सिफारिशों की प्रतीक्षा है।

4. पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों के राहत तथा पुनर्वास पर कुल 278.45 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। विस्थापित व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये आर्थिक दृष्टि से पुनर्वास के उपायों का उपयुक्त रूप से विस्तार कर दिया गया है और इसलिये आर्थिक दृष्टि से उनका पुनर्वास न हो सकने तथा उसके फलस्वरूप पूर्वी भाग में राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक तनावों का प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता।

Fulton Sugar Works Limited, Bombay

3764. **Shri Sharda Nand :**
Shri Bansh Narain Singh :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the date on which the Fulton Sugar Works Limited, Bombay, applied for a licence and when it started functioning ;

(b) the conditions on which this concern was to function and the type of production work done by it ; and

(c) the extent of production of the concern since its inception ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) and (b). There is no Company in the name of Fulton Sugar Works Limited. But there is a company in the name of the 'The Phaltan Sugar Works Limited.' The particulars regarding this Company as far as available are as under :—

The Phaltan Sugar Works Limited is a joint stock company registered under the Indian Company's Act. The Company started its sugar factory at Sakharwadi, District Satara (Maharashtra) in 1934. When the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 came into force in 1952, it got itself registered under this Act, on 29th September, 1952. Later, this Company applied in August, 1959 for the grant of licence under the said Industries Act for increasing the daily cane crushing capacity from 800 tons to 1200/1500 tons. This application was considered by the Government and a licence was issued in July, 1961 for increasing the daily cane crushing capacity from 800 tons to 1000 tons. The expansion was completed during 1964-65 season. The undertaking again submitted an application in July, 1963 for obtaining another licence under the said Industries Act for further increasing the daily cane crushing capacity to 2000 tons and a licence was issued in May, 1966 for increasing the daily cane crushing capacity from 1000 tons to 1500 tonnes. This expansion is yet to be completed.

The undertaking is engaged in the manufacture of sugar at its sugar factory located at Sakharwadi, District Satara (Maharashtra).

(c) The figures for the production of sugar from the very inception of the factory are not readily available. However, the quantity of sugar produced since 1950-51 is given below :—

Season	Sugar produced (tonnes)	Season	Sugar produced (tonnes)
1950-51	11191	1959-60	14659
1951-52	13374	1960-61	15545
1952-53	12759	1961-62	14974
1953-54	11613	1962-63	15988
1954-55	13875	1963-64	14519
1955-56	16235	1964-65	14850
1956-57	16616	1965-66	18683
1957-58	16077	1966-67	16134
1958-59	14776	1967-68	15500

Belapur Sugar Company Limited, Bombay

3765. **Shri Bansh Narain Singh :** Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the date on which the Belapur Sugar Company Ltd., Bombay applied for a licence and when it started functioning ;

(b) the conditions on which this concern was to function and the type of production work being done by it ; and

(c) the quantum of production of the concern since its inception ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) and (b). There is no Company in the name of Belapur Sugar Company Ltd. But there is a company in the name of 'The Belapur Company Ltd.' The particulars regarding this company as far as available are as under :

The Belapur Company Ltd. was registered in 1919 under the Company's Act, 1913 and it started its sugar factory at Harigaon, District Ahmednagar (Maharashtra) from the cane crushing season 1924-25. When the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 came into force in 1952 it got itself registered under the said Act on 17-9-1952. Later this Company applied in October, 1959 for the grant of a licence under the said Act for increasing the daily cane crushing capacity from 1000 tons to 1200 tons. A licence was accordingly issued in July, 1961. This expansion was completed during the season 1964-65. The undertaking again submitted an application in October, 1963, for obtaining another licence under the said Industries Act for further increasing the daily cane crushing capacity to 1500 tons and a licence was granted in June, 1965. This expansion has yet to be completed. Another application has also been received in December, 1965, for increasing the daily cane crushing capacity from 1500 to 2000 tonnes. The same is pending consideration.

The undertaking is engaged in the manufacture of sugar at its sugar factory located at Harigaon, District Ahmednagar.

(c) The quantity of sugar produced by the Belapur Company Ltd. from 1924-25 is given below :

Season	Sugar produced (tonnes)	Season	Sugar produced (tonnes)
1924-25	2100	1946-47	10902
1925-26	2034	1947-48	13770
1926-27	3479	1948-49	13112
1927-28	3684	1949-50	14502
1928-29	2694	1950-51	14112
1929-30	4652	1951-52	17257
1930-31	6432	1952-53	18611
1931-32	7188	1953-54	16298
1932-33	7436	1954-55	19596
1933-34	8715	1955-56	20379
1934-35	10889	1956-57	22816
1935-36	11504	1957-58	20184
1936-37	13282	1958-59	17615
1937-38	12933	1959-60	22260
1938-39	13495	1960-61	25583
1939-40	12068	1961-62	21914
1940-41	11797	1962-63	23493
1941-42	10597	1963-64	25438
1942-43	11651	1964-65	23807
1943-44	11981	1965-66	28254
1944-45	10895	1966-67	23221
1945-46	9791	1967-68	20458

बांड फिल्मों का आयात

3766. **श्री क० लकप्पा :**

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विदेदी :

श्री समर गुह :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने बांड फिल्मों को जो बुराइयों से भरी हैं, भारत में आयात करने की अनुमति दी थी; और

(ख) यदि हां, तो 1967 और 1968 के दौरान ऐसी आयात की हुई फिल्मों की संख्या कितनी है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) :

(क) फिल्मों का आयात अमेरिका की मोशन पिक्चर्स एक्सपोर्ट एसोसियेशन के साथ पारस्परिक करार से नियन्त्रित होता है जिसके अनुसार सारी फिल्मों का कानूनी सेन्सरशिप किया जाता है ताकि आपत्तिजनक फिल्मों को दिखाने पर रोक लगाई जा सके।

1965 तक एक्सपोर्ट इनटायटलमेन्ट योजना के अन्तर्गत गैर-सरकारी आयातकर्ताओं द्वारा कुछ अपराध तथा जासूसी फिल्में आयात की गई थीं। उसके उपरान्त जन भावना का ध्यान करते हुए सरकार ने इस योजना को समाप्त करने का निश्चय किया।

(ख) 'बांड' नामक फिल्मों का कोई अलग वर्गीकरण या श्रेणी नहीं है। अतएव, ऐसी कितनी फिल्में आयात हुई हैं, इसकी संख्या उपलब्ध नहीं है।

देश में डाक डिवीजन

3767. **श्री विश्वनाथ पान्डेय :**

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्यवार डाक-डिवीजनों की संख्या कितनी है ;

(ख) इनमें से कितनी डिवीजनों में डिवीजनल डाक समितियां स्थापित की गई हैं और उन्होंने अपना कार्य आरम्भ कर दिया है ; और

(ग) क्या इन समितियों ने कोई सिफारिशें की हैं और यदि हां, तो राज्यवार उनकी मुख्य बातें क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) देश में राज्यवार डाक डिवीजनों की संस्था दर्शाने वाला विवरण सभा-पटल पर रख

विवरण

राज्यवार डाक डिवीजनों की संख्या

राज्य का नाम	डाक डिवीजनों की संख्या
आन्ध्र	18
असम, त्रिपुरा, मनीपुर, नागालैंड	10
बिहार	15
दिल्ली	3
गुजरात	12
केरल	9
तमिलनाडु और पांडिचेरी	22
महाराष्ट्र और गोआ	22

राज्य का नाम	डाक डिवीजनों की संख्या
मध्य प्रदेश	11
मैसूर	15
उड़ीसा	7
पंजाब, हरियाना, हिमाचल प्रदेश	15
जम्मू तथा कश्मीर	2
राजस्थान	9
उत्तर प्रदेश	23
पश्चिमी बंगाल	18
जोड़ ...	211

(ख) कोई नहीं ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

गन्ने की पेराई

3768. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राज्यों में गन्ने की पेराई के सम्बन्ध में नवीनतम स्थिति क्या है ;

(ख) क्या इस बात के संकेत मिले थे कि सभी राज्यों में मिलों द्वारा अथवा अन्यथा इस वर्ष उत्पादित सब गन्ना पेरा जायेगा ; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) विभिन्न राज्यों में चीनी कारखानों द्वारा पहली अक्तूबर, 1968 से 15 फरवरी, 1969 तक पेरे गए गन्ने की मात्रा बताने वाला एक विवरण नीचे दिया गया है :

विवरण

1968-69 के मौसम में पहली अक्तूबर, 1968 से 15 फरवरी, 1969 तक की अवधि में चीनी कारखानों द्वारा राज्यवार पेरी गई गन्ने की मात्रा

राज्य	गन्ने की पेरी गई मात्रा (हजार मीटरी टन में)
उत्तर प्रदेश	6068
बिहार	1578

राज्य	गन्ने की पेरी गई मात्रा (हजार मीटरी टन में)
हरियाणा	344
पंजाब	291
असम	30
उड़ीसा	80
पश्चिमी बंगाल	78
मध्य प्रदेश	134
राजस्थान	81
महाराष्ट्र	4610
गुजरात	336
आन्ध्र प्रदेश	1668
मद्रास	1333
मैसूर	977
केरल	96
पांडिचेरी	91
अखिल भारत	17795

(ख) और (ग). देश में गन्ने की कुल पैदावार का केवल लगभग 30 प्रतिशत चीनी कारखानों द्वारा चीनी बनाने के लिये प्रयुक्त किया जाता है और शेष गन्ना गुड़, खण्डसारी आदि बनाने या चूसने और बीज प्रयोजन के लिये इस्तेमाल किया जाता है। देश के कुछ भागों में अब भी इतना गन्ना खड़ा है कि खारखानों को मई के आखिर तक पेरना पड़ेगा। यह बहुत ही आवश्यक है कि यह सारा गन्ना यथा शीघ्रपेरा जाये और सरकार इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्थिति का अध्ययन कर रही है।

Late Crushing of Sugarcane by Sugar Mills

3769. **Shri Raghuvir Singh Shastri:** Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that several sugar mills started crushing sugar-cane very late during the current season;

(b) the number of mills in each State which started crushing late;

(c) the impact thereof on the production of sugar and price of sugarcane; and

(d) the action taken by Government against these mills?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri Annasahib Shinde): (a) Yes, Sir.

(b) A statement giving the Statewise position of number of factories which started late as compared to that in 1967-68 season, is laid on the table of the House.

Statement

State	No. of factories which started late in 1968-69 season as compared to the date of start in 1967-68 season.
Uttar Pradesh	66
Bihar	24
West Bengal	1
Assam	1
Haryana	3
Punjab	5
Rajasthan	2
Madhya Pradesh	1
Orissa	1
Maharashtra	12
Mysore	3
Kerala	2
Andhra Pradesh	9
Madras	3
Total ..	133

(c) Late start of factories in the North is likely to be partly compared by prolongation of the crushing season. Crushing in May, however, will result in substantial loss of recovery. Sugar production up to the 7th March in this season was higher by 2.34 lakh tonnes as compared with corresponding production in 1967-68. As regards sugarcane price, all mills are paying price higher than the statutory price fixed by Government.

(d) As factories are trying to crush as much cane as possible, the need for any action has not arisen so far.

पुरी उड़ीसा में बानपुर लोक कार्य क्षेत्र

3770. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उड़ीसा के पुरी जिले में बानपुर लोक कार्य क्षेत्र को वर्ष 1965-66, 1966-67 और 1967-68 में उसके कार्य के लिये सरकार से कुल कितनी धनराशि मिलनी है ;

(ख) क्या उसे इन वर्षों के लिये सीधे अथवा भारत सेवक समाज के माध्यम से कोई धनराशि दी गई है ;

(ग) यदि हां, तो कितनी राशि दी गई है ;

(घ) क्या सरकार को इस बात का पता लगा है कि भारत सेवक समाज ने उसे वह धन-राशि नहीं दी है ;

(ङ) लोक कार्य क्षेत्र को अब तक कितनी धनराशि दी जानी शेष है ; और

(च) क्या सरकार उसकी बकाया राशि का पूरा भुगतान करने के लिए शीघ्र कार्यवाही करेगी ताकि लोक कार्य क्षेत्र अपना उपयोगी कार्य जारी रख सके ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) से (च). जानकारी एकत्र की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

ट्रंक काल मिलाने में विलम्ब

3771. **श्री हरदयाल देवगुण** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास तथा बम्बई के टेलीफोन केन्द्रों में ट्रंक काल मिलाने में विलम्ब के कारण राजस्व की बड़ी हानि होती है ;

(ख) यदि हां, तो अबिलम्ब ट्रंक काल मिलाने में विलम्ब होने के क्या कारण हैं ; और

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्यमंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) यह ठीक है कि इन चार बड़े टेलीफोन एक्सचेंजों में बुक की गई कालों का कुछ प्रतिशत देरी के कारण रद्द कर दिया जाता है जिससे आय में कुछ कमी होती है ।

(ख) पर्याप्त परिपथों के न होने, कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने और लाइनों पर गड़बड़ी रहने के कारण ट्रंक कालों के निपटान में विलम्ब हुआ है ।

(ग) कार्यभार के मार्गों पर पर्याप्त ट्रंक परिपथों की व्यवस्था करने, शनैः शनैः ऊपर की लाइनों को भूमिगत केबिलों या सूक्ष्मतरंग में बदलने, गड़बड़ी को कम करने के लिए तांबे के तारों को तांबे के झले और एलमुनियम के तारों में बदलने और कर्मचारियों की गैर-हाजिरी कम करने के लिए विभाग द्वारा कदम उठाये जा रहे हैं ।

कोयला, अभ्रक तथा लोह अयस्क श्रमिकों के लिये संयुक्त कल्याण संस्थाएं

3772. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :**
श्री बे० कृ० दासचौधरी :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोयला, अभ्रक तथा लौह अयस्क श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा स्थापित संयुक्त कल्याण संस्थाएं अच्छी तरह कार्य नहीं कर रही हैं ;

(ख) इस योजना की क्रियान्विति में क्या कठिनाइयां आ रही हैं तथा क्या इन तीन श्रमिक संगठनों पर लागू करने के लिए विशिष्ट योजनाएं बनाई गई है ; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्योरा क्या है ?

श्रम तथा रोजगार, पुनर्वास मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ग). जो प्रस्ताव विचाराधीन है वह तीनों निधियों के उच्च स्तर के कर्मचारियों को मिलाने के बारे में है—इस समय निधियों के अलग-अलग संगठन हैं। यह महसूस किया जाता हैं कि कर्मचारियों द्वारा ऐकीकृत निदेश और नियन्त्रण के अधीन कार्य करने से कल्याण कार्य कम खर्च पर और अधिक कुशलतापूर्वक तथा सम्बन्धित रूप से नियोजित और क्रियान्वित किये जा सकते हैं।

हैवी इंजीनिवरिंग उद्योग के बारे में राष्ट्रीय श्रम आयोग का प्रतिवेदन

3773. **श्री एस० आर० दामानी** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में हैवी इंजीनियरिंग उद्योग के बारे में राष्ट्रीय श्रम आयोग के अध्ययन ग्रुप के प्रतिवेदन की ओर सरकार का ध्यान दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). सरकार को मालूम हुआ है कि राष्ट्रीय श्रम आयोग द्वारा स्थापित भारी इंजीनियरी उद्योग सम्बन्धी अध्ययन दल ने आयोग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। इस समय सरकार इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है और आयोग की सिफारिशें प्राप्त होने पर ही इस पर विचार करेगी।

जटनी, उड़ीसा में डाक तथा तार विभाग की इमारत और क्वार्टरों का निर्माण

3774. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जटनी, उड़ीसा में डाक तथा तार विभाग की इमारत तथा क्वार्टरों के निर्माण में और कितनी प्रगति हुई है ; और

(ख) ये कब तक तैयार हो जाएंगे ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्यमंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) डाकघर की इमारत का इस समय निर्माण-कार्य चल रहा है।

जहां तक कर्मचारियों के क्वार्टरों का सम्बन्ध है, 1.57 लाख रुपये की लागत पर 12 क्वार्टरों के निर्माण की मंजूरी जारी कर दी गई है।

(ख) डाकघर की इमारत के निर्माण-कार्य की जून, 1969 में पूरा होने की सम्भावना है।

कर्मचारियो के क्वार्टरों का निर्माण-कार्य पूरा होने में लगभग दो वर्ष लगेंगे, बशर्ते कि इसके लिए धनराशि उपलब्ध हुई।

केरल के बागान मजदूरों की न्यूनतम मजूरी

3775. **श्री के० अनिरुद्धन :**
श्री अ० कु० गोपालन :
श्री के० एम० अब्राहम :
श्री पी० पी० एस्थोस :
श्री श्रीनिवास मिश्र :
श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी :
श्री क० लकप्पा :
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केरल सरकार से कहा है कि राज्य में बागान मजदूरों की न्यूनतम मजूरी न बढ़ाई जाये ;

(ख) यदि हां, तो यह सुझाव किस आधार पर दिया गया था ; और

(ग) इस बारे में केरल सरकार का क्या रवैया है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्यमन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). राज्य सरकार से प्रार्थना की गई कि वह मजूरी में संशोधन न्यूनतम मजूरी अधिनियम की धारा 5 (1) (ख) के अन्तर्गत अधिसूचना की बजाए धारा 5 (1) (क) के अन्तर्गत समिति नियुक्त करके करे।

(ग) सरकार से मालूम हुआ है कि राज्य सरकार ने इस कार्य के लिये तदर्थ त्रिपक्षीय समिति स्थापित की है।

सुपर बाजार, नई दिल्ली

3776. **श्री मुहम्मद इस्माइल :**
श्री प० राममूर्ति :
श्री के० रमानी :
श्री पी० पी० एस्थोस :
श्री रघुबीर सिंह शास्त्री :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली के सुपर बाजारों के कुछ विभाग ठेकेदारों द्वारा चलाये जा रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कौन-कौन से विभाग हैं ; और

(ग) इन विभागों को ठेकेदारों को देने के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) सुपर बाजार में कुछेक विभाग तथा सेवाएं संभरकों तथा अन्य पार्टियों के साथ किये गये विशेष प्रबन्धों के अन्तर्गत एजेन्सी अथवा कमीशन के आधार पर चलाये जा रहे हैं, किन्तु प्रकार, मूल्यों, विक्रय तथा सेवा प्रभार पर सुपर बाजार का नियंत्रण है ;

(ख) इनमें इस प्रकार के विभाग शामिल हैं, जैसे कैफिटेरिया और वे जो खाद्य पदार्थ, फल, सब्जियां, मांस, बनारसी साड़ियां, रेडियो, मोटरों के पुर्जे व फोटोग्राफिक वस्तुएं बेचते है और ड्राई क्लिनिंग, सिलाई, घड़ी मरम्मत, आप्टिकल्स तथा दंत-क्लिनिक जैसी सेवाएं सुलभ करते हैं। एक सब्जी फार्म भी एजेन्सी आधार पर चलाया जा रहा है।

(ग) ये प्रबन्ध उन विभागों के बारे में किये गये हैं जो सीधे विभागीय प्रबन्ध के अन्तर्गत अलाभकर पाये गये थे अथवा जिनके लिए वाणिज्यिक अनुभव तथा विशेषज्ञता चाहिए, जो सुपर बाजार को उपलब्ध नहीं है और जो विशिष्ट तथा तकनीकी सेवाएं हैं।

इन्जीनियर प्रशिक्षु की नियुक्ति

3777. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार का विचार इस आशय का एक कानून बनाने का है जिससे उद्योग के लिये अनुबद्ध अवधि के लिये इंजीनियर प्रशिक्षुओं को नियुक्त करना अनिवार्य होगा ; और

(ख) क्या सरकार इस सम्बन्ध में कानून बनाने से पूर्व उद्योगों से परामर्श करेगी ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्यमन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) विषय विचाराधीन है।

(ख) जी हां।

गुजरात राज्य में अनुसूचित जातियों के भूमिहीन श्रमिकों को बंजर भूमि का आवंटन

3778. **श्री सोमचन्द सोलंकी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने कोई ऐसा कानून पास किया है जिसमें अनुसूचित जातियों के भूमिहीन श्रमिकों को सरकारी बंजर भूमि आवंटित करने का उपबन्ध है, परन्तु पंचायतें उस बंजर भूमि को गोचर भूमि में बदल देती है और इसके परिणामस्वरूप गुजरात राज्य में यह बंजर भूमि हरिजनों को नहीं दी जाती ;

(ख) यदि हां, तो गांवों की पंचायतों द्वारा बिना किसी प्रकार बाधा उत्पन्न किये

हरिजनों के लिये बंजर भूमि का आवंटित सुनिश्चित करने के लिये केन्द्रीय सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ; और

(ग) यदि कोई कार्यवाही करने का विचार नहीं है तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). भूमि राज्य का विषय है। केन्द्रीय सरकार ने कोई ऐसा कानून पास नहीं किया है जिसमें अनुसूचित जातियों के भूमिहीन श्रमिकों को सरकारी वंजर भूमि आवंटित करने का उपबन्ध है। जहां तक गुजरात राज्य का सम्बन्ध है, सरकार द्वारा बंजर भूमि के आवंटन में अनुसूचित जातियों के भूमिहीन श्रमिकों को प्रमुख प्राथमिकता दी जाती है। जहां कहीं भी इस प्रकार की भूमि उपलब्ध है, उनसे करार किये जा रहे हैं। जहां पंचायतों का गठन हो चुका है, समस्त सरकार भूमि, जिसमें गोचर भी सम्मिलित है, जन-कार्यों के प्रयोग के लिये पंचायतों के अन्तर्गत आती है।

राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव प्रसारण

3779. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :**
श्री ओम प्रकाश त्यागी :
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
कुमारी कमला कुमारी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
श्री रामावतार शास्त्री :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्यावधि चुनाव में आकाशवाणी के प्रादेशिक केन्द्रों ने विभिन्न राजनैतिक दलों को अपने-अपने विचारों के प्रचार के लिए पर्याप्त सुविधाएं दी थीं ; और

(ख) यदि हां, तो दी गई सुविधाओं तथा राजनैतिक दलों द्वारा जिन सुविधाओं का लाभ उठाया गया उनका स्वरूप क्या है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्यमन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

आकाशवाणी द्वारा प्रधान मंत्री के निर्वाचन सम्बन्धी भाषणों के अंशों का प्रसारण

3780. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी ने गत मध्यावधि चुनावों के दौरान प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए निर्वाचन सम्बन्धी भाषणों को प्रसारणों में बहुत अधिक महत्व दिया था ;

(ख) क्या प्रसारणों में शामिल किए गए अंशों का उद्देश्य मतदाताओं को कांग्रेस के दृष्टिकोण से किसी प्रकार प्रभावित करने का था ; और

(ग) यदि हां, तो यह कहां तक उचित था ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ख). जी, नहीं ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

विमान द्वारा धान की बुवाई

3781. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विमान से बुआई, विशेष कर धान की बुआई की वांछनीयता, जिसके आस्ट्रेलिया में बहुत अच्छे परिणाम निकले हैं, के बारे में विचार किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां । धान तथा अन्य फसलों की, जैसे चारे की घासें विमान द्वारा बुवाई की जा सकती हैं । यह विधि आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड में अपनाई गई है । अन्य फसलें प्रायः मृदा में गहरी बोई जाती हैं जहां अपेक्षित नमी उपलब्ध होती है और उनकी बुवाई विमानों द्वारा होनी संभव नहीं है ।

(ख) वर्तमान परिस्थितियों में विमानों द्वारा बुवाई करना व्यवाहर्य नहीं है, क्योंकि यहां भूमि काफी छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटी हुई है ।

भूमि सुधार व्यवस्था का लागू किया जाना

3782. **श्री ज्योतिर्मय बसु :**
श्री एम० मेघचन्द्र :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में भूमि सुधार व्यवस्था के सम्बन्ध में अब तक क्या प्रगति हुई है, विशेषतः (एक) भू-जोतों के केन्द्रीकरण को कम करने ; (दो) भूमि की चकबन्दी ; (तीन) पट्टेदारी सुरक्षा ; (चार) बरगादारों की सुरक्षा (विशेषतः पश्चिम बंगाल में) ; (पांच) लगान सुधार ; (छः) भू-जोतों की अधिकतम सीमा तथा (सात) भूमिहीन श्रमिकों तथा निर्धन किसानों में फालतू भूमि के वितरण के सम्बन्ध में ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : भू-जोतों के केन्द्रीकरण को कम करने और कृषि उत्पादन की वृद्धि में कृषि ढांचे के कारण उत्पन्न अवरोधों को समाप्त करने के उद्देश्य से राज्य सरकारों और संघ क्षेत्रों द्वारा भूमि सुधारों

को लागू करने के लिये उपाय किये गये हैं, इन उपायों में मध्यवर्ती पट्टेदारों, पट्टेदारी की प्रणाली के सुधार सम्मिलित हैं जैसे कि समुचित किराये का निर्धारण और काश्त करने वाले पट्टेदार, उप-पट्टेदार, और शेयर क्रौपर्स के पट्टे की सुरक्षा और स्वामित्व प्राप्त करने का अधिकार, अधिकतम जोत निर्धारण और फालतू भूमि पर भूमिहीन कृषि मजदूरों और अनार्थिक जोतस्वामियों के पुनर्स्थापन, भूमि की चकबन्दी और भूमि सुधार सम्बन्धी कार्यों को कार्यान्वित करने के लिये राजस्व एजेंसियों को सुदृढ़ बनाना है, विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में इन उपायों के सम्बन्ध में हुई प्रगति संलग्न विवरण में दी जा रही है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 423/69]**

शरणार्थियों के पुनर्वास के लिये पुनर्वास वित्त निगम द्वारा पश्चिमी बंगाल में स्थापित किये गये उद्योग

3783. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पुनर्वास वित्त निगम ने अपनी स्थापना से अब तक पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले शरणार्थियों को लाभप्रद रोजगार देने के लिये पश्चिम बंगाल में लघु तथा मध्यम उद्योग स्थापित किये ;

(ख) इस निगम द्वारा स्थापित उद्योगों में कितने शरणार्थियों को रोजगार देने का प्रस्ताव था ; और

(ग) वास्तव में कितने शरणार्थियों को रोजगार दिया गया ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : पुनर्वास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में पुनर्वास वित्त निगम नाम का कोई निगम नहीं है। संभवतः प्रश्न पुनर्वास उद्योग निगम, लिमिटेड, कलकत्ता, के सम्बन्ध में है जो कि इस विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है। यदि हां, तो प्रश्न का उत्तर निम्न है :—

(क) पुनर्वास उद्योग निगम द्वारा अब तक स्थापित किये गये लघु तथा मध्यम उद्योगों की संख्या 18 है।

(ख) निगम द्वारा स्थापित किये गये उद्योगों में रोजगार संभाव्य 2517 है।

(ग) रोजगार पर लगे शरणार्थियों की वास्तविक संख्या इस समय 2177 है।

पूर्वी बंगाल में कारखाना कर्मचारियों का बेरोजगार होना

3784. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पश्चिम बंगाल में फरवरी, 1966 से जनवरी, 1969 तक बन्द, हड़ताल, तालाबन्दी जबरी छट्टी के परिणामस्वरूप प्रत्येक महीने कितने कारखाना कर्मचारी बेरोजगार हुए ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : यह मामला राज्य के क्षेत्राधिकार में आता है।

पश्चिमी बंगाल के पटसन मिल कर्मचारियों में रहन-सहन की दशा की जांच

3785. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल में पटसन मिल के कर्मचारियों के रहन-सहन की दशा के बारे में हाल ही में जांच की है ;

(ख) यदि हां, तो जांच के क्या परिणाम निकले ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार इन कर्मचारियों के रहन-सहन की दशा के बारे में जांच करवाने का है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

इंजीनियरी मंजूरी बोर्ड में पंचाट की क्रियान्विति

3786. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम बंगाल में इंजीनियरी उद्योग के उन फर्मों, कारखानों के नाम क्या हैं जिन्होंने इंजीनियरी कर्मचारियों सम्बन्धी मंजूरी बोर्ड का पंचाट क्रियान्वित नहीं किया है ;

(ख) नियोजकों ने मजूरी बोर्ड का पंचाट क्रियान्वित करने के क्या कारण बताये हैं ; और

If any Presiding Officer or Rules of a State Legislature work or go against the Constitution, Lok Sabha would be perfectly within its rights to discuss such a matter.

Shri M. A. Khan (Kasganj): Mr. Speaker, firstly the Speaker had not been elected when oaths were taken there ; therefore, there is no question of Speaker's ruling. Secondly, we are entitled to speak in our mother tongue in any legislature. Lok Sabha has already given guidence in this respect, some members have taken oath in Urdu. Nobody can act against the Constitution and we can challange it here. Thirdly, the seven concerned members of the U. P. Legislature have been deprived for their right to take part in the election of the Speaker. If we can not raise our voice against it here in the Supreme Body of our country, where are we to go to seek justice?

श्री हेम बरुआ (मंगलेदायी) : हम उत्तर प्रदेश विधान सभा की निन्दा नहीं करना चाहते। उसे अपनी प्रक्रिया निर्धारित करने का अधिकार है । परन्तु इस ध्यानाकर्षण सूचना की भाषा ठीक नहीं है । वह चाहे कुछ भी हो, हम देखते हैं कि एक भारतीय भाषा का अपमान किया गया है । उर्दू भी भारत की अन्य भाषाओं के समान एक भारतीय भाषा है और प्रत्येक नागरिक को अपनी भाषा में शपथ लेने का अधिकार है । यह भारतीय नागरिकों का अपमान है और सभा को इस पर चर्चा करने तथा अपना निर्णय देने का पूर्ण अधिकार है ।

श्री एम० मुहम्मद इस्माइल (मंजेरी) : श्रीमान् सामान्य रूप से विधान सभा को अपनी प्रक्रिया निर्धारित करने का अधिकार है। परन्तु यदि कोई नियम संविधान के विरुद्ध होता है, तो उसका इलाज क्या है ? क्या हमें संसद् सदस्यों के रूप में इस विषय को यहां उठाने का अधिकार नहीं है ? कोई इस पर कैसे आपत्ति कर सकता है ? यह समूचे देश से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण प्रश्न है।

श्री रा० धो० भन्डारे (बम्बई-मध्य) : मेरे विचार में ध्यानाकर्षण सूचना नियमानुकूल है, जब पीठासीन अधिकारी द्वारा मूलभूत अधिकार से किसी सदस्य को वंचित किया जाता है, तो इस विशिष्ट स्थिति में वह कहां पर इसके विरुद्ध आवाज उठाये। इस प्रश्न पर पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में निर्णय किया जा सकता है। किसी भी विधान मण्डल की प्रक्रिया को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। चूंकि यह प्रश्न पीठासीन अधिकारी की कार्यवाही के कारण उत्पन्न हुआ है, इस पर यहां ही चर्चा की जा सकती है।

श्री एस० कण्डप्पन (मैटूर) : इस सूचना में मूल विषय लोगों का मूलभूत अधिकार है। केन्द्रीय सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 347 के अन्तर्गत अपेक्षित कार्यवाही नहीं की है। यह संवैधानिक असफलता का मामला है इसलिए ध्यानाकर्षण सूचना उचित है।

श्री रंगा (श्रीकाकुलम) : यह पीठासीन अधिकारी नियमित रूप में चुने गये अध्यक्ष नहीं थे बल्कि राज्यपाल द्वारा नियुक्त सभापति थे। इस पर हमने यहां अथवा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में विचार नहीं किया था। भविष्य में इस पर विचार किया जाना चाहिए।

इन सभापति महोदय की कार्यवाही की गंभीरता पर विचार कीजिये। एक-दो दिन में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव होना था। ऐसे सात सदस्य थे। दोनों पक्षों में केवल 2 अथवा 3 का ही अन्तर होगा। यदि इस प्रकार की बात होनी दी जाती और उस पर कहीं पर भी आपत्ति नहीं की जाती, तो अध्यक्ष के चुनाव का क्या होगा ? इसलिए यह एक महत्वर्ण प्रश्न है, जिस पर अन्तिम रूप से निर्णय किया जाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि इस प्रश्न को उठाने वाले सदस्यों को उन सदस्यों द्वारा उर्दू अथवा अपनी मातृ-भाषा में शपथ लेने पर कोई आपत्ति नहीं है।

अध्यक्ष महोदय : यह अध्यक्ष की कार्यवाही पर हमारे द्वारा चर्चा किये जाने का प्रश्न नहीं है। प्रश्न यह है कि क्या कोई अपनी मातृभाषा में शपथ ले सकता है अथवा प्रतिज्ञान कर सकता हैं। यहां पर हम सभी भाषाओं की अनुमति देते हैं।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : ऐसा उत्तर प्रदेश विधान सभा में भी किया जा सकता था।

अध्यक्ष महोदय : यदि मद्रास, आन्ध्र, बंगाल अथवा किसी अन्य स्थान में कोई भाषायी अल्प संख्यक चुना जाता है, तो क्या इसे अपनी मातृभाषा में शपथ लेने अथवा प्रतिज्ञान करने से

रोका जायेगा ? हिन्दी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में कोई भी शपथ नहीं ले सकता है, ऐसा करने से हिन्दी को अधिक क्षति पहुंचेगी। उत्तर प्रदेश विधान सभा को अपनी प्रक्रिया निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार है। हमें संसद् में यह देखना है कि क्या वे जो कुछ कर रहे हैं देश की एकता के लिये, हिन्दी के लिये उचित है। हमें अध्यक्ष की कार्यवाही पर चर्चा नहीं करनी है। मैंने इसे स्वीकृति दी है और अब यह कार्य-सूची में है।

श्री प० गोपालन (तेल्लीचेरी) : श्रीमान्, मैं अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर गृह-कार्य मंत्री का ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि इस बारे में वे एक वक्तव्य दें।

"उत्तर प्रदेश विधान सभा के कुछ सदस्यों को उर्दू भाषा में शपथ दिलाने/प्रतिज्ञान कराने से कथित इन्कार।"

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान सभा के 7 सदस्यों ने शपथ लेने अथवा प्रतिज्ञान करने से इन्कार कर दिया था, शपथ दिलाने तथा प्रतिज्ञान कराने के लिये नियुक्त किये गये व्यक्तियों का मत यह था उत्तर प्रदेश राजभाषा अधिनियम, 1951 (संशोधित रूप में) के अनुसार राज्य की राजभाषा अर्थात् हिन्दी में ही शपथ दिलाई अथवा प्रतिज्ञान कराया जा सकता है। मालूम हुआ है कि इन सदस्यों ने इस बीच शपथ ले ली है अथवा प्रतिज्ञान कर लिया है।

भारत सरकार को प्रसन्नता होगी यदि हिन्दी अथवा संविधान की आठवीं अनुसूची में निर्दिष्ट किसी भी भाषा में शपथ लेने अथवा प्रतिज्ञान करने की संसद् की परम्परा का राज्य भी पालन करें। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता होती है कि इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने का उत्तर प्रदेश सरकार का विचार है।

श्री प० गोपालन : (तेल्लीचेरी) महोदय, यह एक बहुत गम्भीर मामला है क्योंकि इससे कुछ महत्वपूर्ण बुनियादी तथा संवैधानिक प्रश्न उठते हैं। उत्तर प्रदेश में विधान सभा के सात सदस्यों को अपनी मातृ-भाषा में शपथ लेने के अधिकार से वंचित किया गया है। प्रश्न यह है क्या अल्पसंख्यक भाषा भाषी वर्गों को अपनी मातृभाषा में शपथ लेने का अधिकार है अथवा नहीं। इस सम्बन्ध में संविधान के अनुच्छेद 188 में जो उपबन्ध है उसमें किसी भाषा विशेष का उल्लेख नहीं है। भारत के नागरिक को किसी भी भारतीय भाषा में शपथ लेने का पूरा अधिकार है। अतः उत्तर प्रदेश में जो कुछ हुआ है उससे सिद्धांतों तथा संविधान के उपबन्धों का उल्लंघन हुआ है।

अन्त में, मैं यह कहना चाहूंगा कि गत कुछ वर्षों से उत्तर प्रदेश में उर्दू भाषा को समाप्त करने का प्रयत्न किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में मैं कुछ उदाहरण देना चाहूंगा। भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त ने अपने प्रतिवेदन में यह लिखा है कि हमें ऐसी कई शिकायतें प्राप्त हुईं कि

यद्यपि 1961 में मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में स्वीकार किये गये कि त्रिभाषा सूत्र में "मातृभाषा" शब्दावली का उल्लेख किया गया था, तथापि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपनाये गये त्रिभाषा सूत्र में इसको शामिल नहीं किया गया है जिसके फलस्वरूप उर्दू बोलने वाले बच्चों को उर्दू भाषा सीखने से वंचित कर दिया गया है। संविधान के अनुच्छेद 29 के अन्तर्गत अल्पसंख्यकों को अपनी भाषा बनाये रखने का अधिकार है परन्तु उत्तर प्रदेश सरकार उनके हितों का ध्यान नहीं रख रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि संविधान के अनुच्छेद 350-क के अन्तर्गत राष्ट्रपति किसी राज्य विशेष को यह हिदायत दे सकता है कि वह अल्पसंख्यक भाषा-भाषी वर्ग के हितों की सुरक्षा करे, क्या सरकार ने इस मामले विशेष में उत्तर प्रदेश सरकार को हिदायत देने के लिये राष्ट्रपति को सलाह दी है।

गृह कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : इन बातों को देखना भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त का काम है जिसे संविधान के अन्तर्गत नियुक्त किया जाता है। वह अपना प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत करता है जो बाद में सभा के समक्ष विचारार्थ रखा जाता है। यह ठीक है कि ऐसे कई दृष्टांत हमारे ध्यान में लाये जाते हैं जिनमें देश के विभिन्न राज्यों में भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया हो और हम इन उल्लंघनों को रोकने के लिये उपाय भी करते ही रहते हैं। जहां तक उत्तर प्रदेश में उर्दू भाषा के प्रश्न का सम्बन्ध है हम इस पर सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं और मैं सभा को विश्वास दिलाता हूं कि हमारा उद्देश्य देश भर में सभी भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करना है।

श्री बदरुद्दुजा (मुर्शिदाबाद) : अध्यक्ष महोदय, संविधान की आठवीं अनुसूची में उर्दू भाषा को जो स्थान प्राप्त है उससे उसको वंचित करने के लिये निरंतर और क्रमिक रूप से प्रयत्न किये जाने के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश विधान सभा में यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है। मैं नहीं चाहता कि अध्यक्ष अथवा शपथ दिलवाने वाले अधिकारी पर आक्षेप किया जाये परन्तु यह एक तथ्य है कि इस असंवैधानिक, अनावश्यक और अभद्र कार्यवाही के लिये केन्द्रीय सरकार जिम्मेवार है जो संविधान लागू होने के पश्चात् अब तक इस समस्या के सम्बन्ध में एक असहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाये हुये है। इस सम्बन्ध में संविधान के अनुच्छेद 29 (1) के अन्तर्गत भारत में रहने वाले नागरिकों के सभी वर्गों को, अपनी भाषा, लिपि और संस्कृति का परिरक्षण करने का अधिकार है। संविधान में उर्दू भाषा का वही दर्जा है जो अन्य भाषाओं का है और इसलिये उसके विकास के लिये वह सभी अवसर प्राप्त होने चाहिये जो अन्य भाषाओं को प्राप्त हैं। इन भाषाओं के विकास को विधान सभा तो क्या संसद् भी नहीं रोक सकती है। यह कहना गलत है कि उर्दू भाषा केवल मुसलमानों की भाषा है क्योंकि इसका विकास करने में हिन्दुओं और सिखों ने भी शानदार योगदान किया है। अतः यह किसी अल्पसंख्यक वर्ग की न होकर बहुसंख्यक लोगों की भाषा है।

यदि यह मान भी लिया जाये कि यह किसी अल्पसंख्यक वर्ग की भाषा है, तब भी, जैसा कि मैंने पहले कहा, इसे संविधान में उल्लिखित सभी प्रकार के सुरक्षण तथा गारण्टियां प्राप्त हैं।

इस सम्बन्ध में गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री ने जो आश्वासन दिये हैं मैं उनसे बहुत प्रभावित हुआ हूं। इनके लिये मैं उनका आभारी हूं। परन्तु खेद की बात यह है कि भाषाई तथा राजनैतिक अल्पसंख्यकों और बहुधा धार्मिक अल्पसंख्यक वर्गों के अधिकारों को क्रियान्वित नहीं किया गया है और उनकी उपेक्षा की गई है। इस बारे में अभी तक कोई उचित रवैया नहीं अपनाया गया है। क्या मंत्री महोदय यह आश्वासन देंगे कि समय-समय पर दिये जाने वाले आश्वासनों तथा संविधान में उल्लिखित मूलभूत अधिकारों को उचित ढंग से क्रियान्वित किया जायेगा ?

श्री विद्याचरण शुक्ल : देश में उर्दू भाषा के महत्व के बारे में माननीय सदस्य ने जो विचार व्यक्त किये हैं, हमारे विचार कोई उनसे भिन्न नहीं हैं। हमारा भी वही दृष्टिकोण है। हम न केवल अपने आश्वासनों को क्रियान्वित ही करते रहे हैं परन्तु हम राज्यों को उनके राज्य क्षेत्र में भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों से न्याय करने के लिये भी कहते रहे हैं। जहां तक केन्द्रीय सरकार का सम्बन्ध है, यह सुविदित है कि हमने 1958 में एक विशेष बयान जारी किया था जिसमें इस बारे में नीति स्पष्ट कर दी गई थी। इसके पश्चात् गालिब जन्म शताब्दी और कई अन्य बातें भी की गई हैं। हम केन्द्रीय सरकार की इसी नीति को भविष्य में भी अपनाना चाहते हैं।

श्री हो० ना० मुकर्जी (कलकत्ता-उत्तर-पूर्व) : इससे सभी सहमत हैं कि अपनी भाषा का प्रयोग करने के बारे में हम सबका मूलभूत अधिकार है। इस बात पर भी हम सभी सहमत हैं कि अपनी भाषा में शपथ लेने का बहुत महत्व है, चाहे वह प्रतीकात्मक है अथवा/अन्यथा। उत्तर प्रदेश में उर्दू में शपथ न लेने देने का कोई तकनीकी आधार नहीं था। वहां तो इसका राष्ट्रीय स्वयं संघ तथा अन्य लोग साम्प्रदायिकता के आधार पर विरोध करते रहे हैं। मेरे विचार में हम सभी सहमत हैं कि उर्दू भाषा भारत की अन्य भाषाओं की तरह हमारी अपनी ही भाषा है और यह कोई विदेशी भाषा नहीं है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, क्या सरकार इस सम्बन्ध में भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त के प्रतिवेदन की प्रतीक्षा किये बिना संविधान के उपबन्धों के अधीन भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों को इस प्रकार की सुविधा देने के बारे में राज्य सरकारों विशेषकर उत्तर प्रदेश सरकार को, जिसमें साम्प्रदायिकता पर आधारित आन्दोलन चलाया जा रहा है, हिदायत देगी ?

श्री विद्याचरण शुक्ल : महोदय, भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों से किये गए अन्यायों के दृष्टांतों पर विचार करता है। वह अधिकांश मामलों में न्याय दिलाने में सफल हो जाता है। यदि किसी मामले में न्याय नहीं किया जाता है, तो वह मामला केन्द्रीय सरकार के ध्यान में लाया जाता है जो सम्बन्धित राज्य सरकार से इस बारे में पत्र-व्यवहार करती है। यह भी एक तथ्य है कि कुछ समय पूर्व प्रधान मंत्री ने उर्दू की स्थिति तथा उर्दू बोलने वालों से न्याय करने के बारे में मुख्य मंत्रियों को एक पत्र लिखा था। इसके अलावा गृह-कार्य मंत्री ने भी इस सम्बन्ध में कुछ त्रुटियों की ओर मुख्य मंत्रियों का ध्यान दिलाया था। हां, हमने कोई कड़ी हिदायत तो नहीं दी है परन्तु हम वह सब कार्यवाही करते रहे हैं जो आवश्यक थी और हमारी

कार्यवाही अधिकांशत: प्रभावपूर्ण सिद्ध हुई है । यदि इससे भी कड़ी कार्यवाही करने की आवश्यकता होगी तो हम भविष्य में वह भी करेंगे ।

Shri George Fernandes (Bombay South): Sir, though my mother tongue is not Hindi, yet I am one of those who are trying to see that Hindi becomes our national language. But when efforts are made particularly in the Hindi speaking areas to assign different positions to our languages, we are very much perturbed. It becomes very difficult to justify such incidents.

So far as Urdu languge is concerned, deliberate efforts are being made by many people to create an impression that Urdu language is the language of the Muslims and that it is a foreign language and as such it has no place here in India. But the truth is otherwise. Urdu language is one of our own languages and as such it is not good to create snch a wrong impression. Such things harm the cause of national unity.

Similarly the incident in the Uttar Pradesh Legislative Assembly has created a very wrong impression in the country. In order to see that such incidents are not repeated, may I know whether the Government of Uttar Pradesh will be asked to make suitable amendment in the Official Language Act of that State?

Shri Vidya Charan Shukla: I do agree with the honourable Member that it is very wrong on the part of those who try to create a wrong impression that Urdu language is connected with any particular religion. Most of the Indian languages are spoken and recognised by people of different religions.

From the information which we have received from the Government of Uttar Pradesh, it is clear that they are going to take such a step in this connection that no such difficulty arises in future.

श्री के० रमानी (कोयम्बतूर) : महोदय, ध्यान दिलाने वाली इस सूचना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश विधान सभा के अधिकार का उल्लंघन करना नहीं था । यह एक बुनियादी प्रश्न है । इस देश में यह एक सर्वमान्य बात है कि प्रत्येक नागरिक को इस बात का अधिकार है कि वह भारत के राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री तथा किसी अन्य अधिकारी को अपनी मातृ-भाषा अथवा किसी भी भाषा में पत्र, याचिकायें तथा अभ्यावेदन भेज सकता है । इस सभा में भी हमें अपनी मातृ-भाषा में शपथ-ग्रहण करने का पूरा अधिकार प्राप्त है । यह जो कठिनाई उत्पन्न हो गई है इसके लिये केन्द्रीय सरकार की भाषा सम्बन्धी नीति ही जिम्मेवार है । अत: मैं जानना चाहता हूं कि इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार क्या करने जा रही है जिससे उर्दू बोलने वाले लोगों के अधिकार की सुरक्षा न केवल उत्तर प्रदेश में परन्तु सभी राज्यों में हो सके ? क्या इस सम्बन्ध में संविधान में कोई संशोधन किया जायेगा अथवा राज्यपालों के माध्यम से सभी राज्य सरकारों को कोई हिदायत दी जायेगी ? जब केन्द्रीय सरकार राज्यपाल के माध्यम से निर्वाचित मुख्य मंत्रियों को बर्खास्त कर सकती है और विधान मण्डलों का विघटन कर सकती है तब वह इस मामले में राज्यपाल के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार को यह हिदायत क्यों नहीं देती कि वह उत्तर प्रदेश विधान सभा के ऐसे नियमों तथा विनियमों को बदले और वहां पर इस प्रकार कार्यवाही की जाये कि अल्पसंख्यक वर्गों के हितों की सुरक्षा हो ?

श्री विद्याचरण शुक्ल : महोदय, इस सम्बन्ध में हम जो कार्यवाही करना चाहते हैं अथवा जो हमने की है उस पर मैं पहले ही प्रकाश डाल चुका हूं । ऐसी कोई नई बात नहीं उठाई गई है जिसका उत्तर न दिया गया हो । इस सभा में किस भाषा का प्रयोग किया जायेगा इसके बारे में अध्यक्ष महोदय स्वविवेक से विभिन्न भाषाओं में बोलने की अनुमति देते रहे हैं और हमने इस बात का कभी आग्रह नहीं किया है कि केवल किसी भाषा विशेष में ही भाषण दिये जाया करें । मेरे विचार में इस बात पर किसी भी सदस्य को कोई आपत्ति नहीं है ।

सभा-पटल पर रखे गये पत्र
PAPERS LAID ON THE TABLE

अत्यावश्यक वस्तुयें अधिनियम के अधीन अधिसूचनायें

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : महोदय, मैं श्री अन्नासाहिब शिन्दे की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :—

(1) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (6) के अधीन निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :

(एक) बेलन मिले गेहूं उत्पाद (मूल्य नियंत्रण) संशोधन आदेश, 1969 जो दिनांक 3 मार्च, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 760 में प्रकाशित हुआ था ।

(दो) बिहार बेलन मिलें गेहूं उत्पाद (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 1969 जो दिनांक 3 मार्च, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 761 में प्रकाशित हुआ था । [**पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी०** 414/69]

(2) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (1) के अधीन हरियाणा एग्रो-इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड, चण्डीगढ़ के 1967-68 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां । [**पुस्तकालय में रखी गईं । देखिये संख्या एल०टी०** 415/69]

भारतीय तारयंत्र अधिनियम के अधीन अधिसूचनायें

सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री शेर सिंह) : महोदय, मैं भारतीय तारयंत्र अधिनियम, 1885 की धारा 7 की उपधारा (5) के अधीन निम्नलिखित

अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं:—

(एक) भारतीय तारयंत्र (चौथा संशोधन) नियम, 1969 जो दिनांक 15 फरवरी, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 280 (अंग्रेजी संस्करण) और जी० एस० आर० 282 (हिन्दी संस्करण) में प्रकाशित हुये थे।

(दो) भारतीय तारयंत्र (तीसरा संशोधन) नियम, 1969 जो दिनांक 15 फरवरी, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 281 (अंग्रेजी संस्करण) और जी० एस० आर० 283 (हिन्दी संस्करण) में प्रकाशित हुये थे। **[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिए संख्या एल० टी०** 416/69]

लोक लेखा समिति
PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

छप्पनवां प्रतिवेदन

श्री मी० रू० मसानी : मैं आयातित खालों के मूल्य से अधिक मूल्य के बीजक बनाने के बारे में राजस्व प्राप्तियों सम्बन्धी लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (सिविल), 1968 के पैरा 16 (दो) के बारे में लोक लेखा समिति का 56वां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

इसके पश्चात् लोक सभा मध्याह्न भोजन के लिये 2.10 बजे म० प० तक के लिए स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Ten minutes past Fourteen of the Clock.

मध्याह्न भोजन के पश्चात् लोक-सभा 2.15 बजे म० प० पर पुनः समवेत् हुई।

The Lok-Sabha reassembled after Lunch at fifteen Minutes past Fourteen of the Clock.

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Deputy-Speaker in the Chair]

रतीबती कोयला खान से श्रमिकों को बचाये जाने के बारे में वक्तव्य
STATEMENT RE. RESCUE OF WORKERS IN RATIBATI COLLIERY

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : मुझे सदन को यह बताते हुए प्रसन्नता होती है कि आसनसोल क्षेत्र की एक कोयला खान में एक

दुर्घटना में फंसे हुए कुछ श्रमिकों को बचाने के लिए सराहनीय और सफल प्रयत्न किये गये। 14 तारीख की रात को इस खान की छत गिर गई और परिणामस्वरूप चार लोडर 70 फीट की नीचे की गहराई में फंस गये। खान के अधिकारियों ने खान सुरक्षा महानिदेशक के बचाव कर्मचारियों की सहायता से तुरन्त सूराख निकालने का काम आरम्भ कर दिया ताकि फंसे हुए लोगों से सम्पर्क स्थापित किया जा सके। 16 तारीख की सुबह तक काफी बड़ा सूराख बना दिया गया। पता लगा है कि फंसे हुए लोडर स्थिति का साहसपूर्वक सामना कर रहे थे। उस सूराख द्वारा उन्हें औक्सीजन और पीने वाले पौष्टिक पदार्थ पहुंचाये गये। एक सुरंग को खोदने का काम लगातार चलता रहा और इस दौरान में लोडरों के साथ सम्पर्क जारी रहा। 45 फीट लम्बी सुरंग खोदी गई और मुझे सदन को यह बताते हुए प्रसन्नता होती है कि फंसे हुए लोडरों को आज सुबह ही निकाल लिया गया। वे सब राजी खुशी हैं। मुझे विश्वास है कि सदन के सदस्य इस अवसर पर मेरे साथ हैं और वे सब उन सबको बधाई देना चाहेंगे जिन्होंने इस कार्य में सहायता की है।

Shri Kanwar Lal Gupta (Delhi Sadar): Sir, I want to raise an important matter. As you know, Sir, the Chief Minister of Madhya Pradesh advised the Governor yesterday to dissolve the Assembly and order for a mid-term poll. But the Governor turned down his advice. This is misuse of the institution of Governor, because it is binding on a Governor, to accept the advice given by a Chief Minister. This very position was taken by Shri D. P. Mishra when he was going to relinquish the office of Chief-Minister and the Home Minister Chavan had then supported this view saying that there was no question of minority Chief-Minister or majority Chief-Minister. But now the advice of the Chief-Minister has been turned down on the plea that the present Chief Minister belongs to a minority party. I, therefore, want to know from the Home Minister through you why this game of double standard is being played by them?

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है.....

श्री अ० सिं० सहगल (बिलासपुर) : यह व्यवस्था का प्रश्न किस विषय पर है ?

Shri Randhir Singh (Rohtak): First of all I should get an opportunity because it is I who rose first.

उपाध्यक्ष महोदय : मैं अभी किसी भी सदस्य को बोलने की अनुमति नहीं दूंगा। मैं दोनों तरफ देख रहा हूं.....

Shri Randhir Singh: My objection is as to why should he be called first.

उपाध्यक्ष महोदय : इस समय तीन सदस्य कांग्रेस की ओर से और कुछ सदस्य दल की ओर से खड़े हो रहे हैं। पहले मुझे श्री कंवर लाल गुप्त द्वारा उठाये गये प्रश्न का उत्तर दे लेने दीजिये।

श्री मु० अ० खां (कासगंज) : आप एक सदस्य को उस ओर से और एक सदस्य हमारी ओर से बुलायें। (**अन्तर्बाधाएं**)

उपाध्यक्ष महोदय : यह सब कार्यवाही वृत्तांत में शामिल न किया जाये । **अन्तर्बाधाएं** (**)

उपाध्यक्ष महोदय : मैं अब किसी सदस्य की बात नहीं सुनूंगा । इसे कार्यवाही वृत्तांत में शामिल नहीं किया जायेगा ।

श्री कंवर लाल गुप्त ने यह किसी समाचार के आधार पर कहा है । प्रश्न यह है कि क्या इस स्थिति में सभा का ध्यान इस ओर दिलाया जा सकता है.....

एक माननीय सदस्य : स्थगन प्रस्ताव ।

उपाध्यक्ष महोदय : स्थगन प्रस्ताव का तो प्रश्न ही नहीं है । राज्यपाल ने श्री डी० पी० मिश्र की सलाह को भी नहीं माना था । मुख्य मंत्री ने इसलिये त्यागपत्र दिया है क्योंकि उसे इसका विश्वास ही नहीं था कि बहुसंख्या उसके साथ है । (**अन्तर्बाधाएं**)

श्री कंवर लाल गुप्त : मुझे इस पर आपत्ति है ।

उपाध्यक्ष महोदय : मुझे अपनी बात पूरी तो कर लेने दीजिये ।

Shri Madhu Limaye: The point of order is not in regard to this.

उपाध्यक्ष महोदय : वास्तविकता को देखे बिना हर बार आरोप लगाना अच्छी बात नहीं । इस बार मैंने समाचार को पढ़ा है । पहले की तरह इस बार भी उन्होंने स्वयं त्यागपत्र दिया है क्योंकि उनका बहुमत नहीं है । ऐसी स्थिति में वहां पर कोई सरकार नहीं है । अतः सरकार के बिना विधान सभा कैसे काम कर सकती है । इसलिये जो आपत्ति उन्होंने उठाई है वह ठीक नहीं है ।

श्री अ० सिं० सहगल (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय पहले ही विनिर्णय दे चुके हैं । अब मध्य प्रदेश के बारे में कोई प्रश्न नहीं उठा सकता ।

Shri Randhir Singh (Rohtak): I will not say anything about Madhya Pradesh. I will say something about the farmers who number about forty crores. On the one hand the farmers are being paid the minimum price and on the other hand the Agricultural Price Commission says that the price of wheat should be lowered by 10 per cent and procurement should be raised by 20 per cent. In this connection I would like to submit that we are not prepared to accept the recommendations of a commission in which all the members are non-growers. Therefore I would request that this commission should be disbanded and instead a new commission should be set up in which there should be atleast 80 per cent farmers. Similarly farmers should be given a good representation in the Planning Commission also.

Shri Madhu Limaye (Monghyr): The point raised by the Hon. Member regarding Agricultural Prices Commission was correct. We had also given notice in that regard but I don't like to say anything at this moment in that regard. But I have also a point of order on what Shri Kanwar Lal Gupta has said.

**कार्यवाही वृत्तांत में सम्मिलित नहीं किया गया ।

**Not recorded.

उपाध्यक्ष महोदय : उस पर मैंने अपना विनिर्णय दे दिया है। जहां तक मध्य प्रदेश तथा श्री डी० पी० मिश्र का सम्बन्ध है उनके बारे में प्रश्न अब खत्म हो गया है।

Shri Madhu Limaye: Let me raise my point of order.

उपाध्यक्ष महोदय : विनिर्णय देने के बाद मध्य प्रदेश के बारे में बोलने की मैं अनुमति नहीं दे सकता।

Shri Madhu Limaye: Then why permission was accorded to me.

Shri George Fernandes (Bombay-South) : Sir, I beg to move that the business of the House be adjourned. We have been reading in the newspapers that some incidents are taking place in Anguilla. Even today some thing serious has happened there. I understand that some statement should come from Government side. The Britishers tried to take over Anguilla yesterday. We have been crying for years that we should cease to be the Member of the Commonwealth but our Government is not taking any action in that regard. This act of the Britishers should be condemned in this House. The Hon. Prime Minister or Hon. Minister of External Affairs should at once make a statement in this regard and we should take a decision to quit the Commonwealth.

संसद्-कार्य, नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बारे में आपका मार्ग दर्शन चाहता हूं। कुछ दिनों से सभा की कार्यवाही को बड़े गौर से देख रहा हूं। जब आप दो बजे यहां आते हैं तो कोई न कोई सदस्य खड़ा होकर बिना पूर्व सूचना दिये बोलना आरम्भ कर देता है। इसलिये मैं यह आप से पूछना चाहता हूं कि क्या यह बात सभा के प्रक्रिया सम्बन्धी नियमों के अनुरूप है। मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या आप इस प्रकार से समय खराब करने की अनुमति दे देंगे।

Shri George Fernandes : Is it a wastage of time to raise voice against imperialism or to speak about Anguilla.

Shri Shiva Chandra Jha (Madhubani): It is very improper. The Hon. Minister should be asked to withdraw his words.

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होंने एक महत्वपूर्ण मामले को उठाया है। जब हम दो बजे इकट्ठे होते हैं तो कभी-कभी सूचना दे दी जाती है परन्तु नियमित रूप से नहीं।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : श्री रघुरामैया का मैं पूर्ण रूप से आदर करता हूं। परन्तु चूंकि वह नये मंत्री हैं इसलिये शायद उन्हें नियमों का पूरी तरह पता नहीं है उन्हें नियम 340 देखना चाहिये।

श्री श्रीचन्द गोयल (चण्डीगढ़) : संसद् कार्य मंत्री के शब्दों पर मुझे भी आपत्ति है। देश अथवा विदेश में होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं की ओर जब इस सदन का ध्यान दिलाया जाता है तो उसे इस पर विचार करना चाहिये। अब आपने ये प्रश्न उठाने की अनुमति दी थी परन्तु माननीय मंत्री यह आरोप लगा रहे हैं कि सभा का समय खराब किया जा रहा है। यह आरोप निराधार है तथा माननीय मंत्री को अपने शब्द वापिस लेने चाहिये।

श्री स० कुण्डू (बालासौर) : मेरा निवेदन यह है कि श्री जार्ज फरनेंडीज ने यह बड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है। यह प्रश्न विश्व के किस भाग के लोगों की स्वतंत्रता के बारे में है। अंग्रेज उस द्वीप को अपनी शक्ति से छीन रहे हैं। इसलिये इस सभा को इस कार्य की निन्दा करनी चाहिये। ऐसा करने की बजाय मंत्री महोदय कह रहे हैं कि सभा के समय को नष्ट किया जा रहा है।

Shri Madhu Limaye : It does not behove a Minister to utter such words. These words should be expunged from the proceedings of the House.

Shri Shiv Chandra Jha : The Hon. Minister has set a bad precedent by saying these words. When the Hon. Minister can utter such words then the Hon. Members can also follow suit. Since you are supreme in this House, so I would request you to ask the Hon. Minister to withdraw his words.

श्री शिव नारायण (बस्ती) : नये संसद् कार्य मंत्री ने आपसे कहा था कि उन्हें आपका मार्गदर्शन चाहिये। जहां तक मार्गदर्शन का प्रश्न है इसमें कोई गलत बात नहीं है आपसे मार्गदर्शन लेने का हमारा अधिकार है। परन्तु ये लोग मंत्री महोदय को प्रमाण-पत्र दे रहे हैं। वे सभा के समय को नष्ट कर रहे हैं।

श्री नन्द कुमार सोमानी (नागौर) : मैं समझता हूं कि इस टिप्पणी से कि जैसे ही आप सभा में विराजमान होते हैं तो कोई भी सदस्य खड़ा होकर किसी भी विषय पर बोलने लग जाता है, अध्यक्ष पीठ पर आक्षेप आता है। इसलिये उन्हें इन शब्दों को वापिस लेना चाहिये।

Shri A. S. Saigal (Bilaspur) : Sir, it is your duty to maintain the dignity of this House. Therefore I would request you to kindly tell these friends of mine to raise the points in this House very politely.

Shri S. M. Joshi (Poona) : I have also listened to the Hon. Minister quite attentively. I feel that he did not mean what he said. His intention was not bad but the words gave a different meaning. I feel he should withdraw his words.

Shri Prakash Vir Shastri (Hapur) : Sir, after the lunch hour three important questions were raised in this House for which you gave your permission but the dignity of the House should in no way be allowed to be spoiled. In this connection I would like to suggest that every day an hour or half an hour should be set aside to raise very urgent and important questions so that the dignity of the House is not spoiled in this way.

उपाध्यक्ष महोदय : मैं इस सारी बात की पृष्ठ-भूमि बताना चाहता हूं। जब कभी कोई महत्वपूर्ण घटना बाहर घट जाती है तो माननीय सदस्य उसे यहां उठाने का प्रयत्न करते हैं। कभी-कभी वे नोटिस देते हैं परन्तु वह अवश्य ही नियमित रूप से नहीं दिया जाता। मैं इस पर आपत्ति नहीं करता क्योंकि ऐसे मामले महत्वपूर्ण होते हैं। इसलिये यदि हम इस बारे में कठोर नियम बना ले तो इसका मतलब यह होगा कि हमें सदस्यों के अधिकार को दमन करना होगा।

इसके साथ ही साथ मैं यह समझता हूं कि इस बारे में एक लम्बा वाद-विवाद नहीं किया जाना चाहिये। ऐसे प्रश्न तो सरकार अथवा सम्बधित मंत्री का ध्यान आकर्षित

करने के लिए ही उठाए जाते हैं जिनको मंत्री महोदय विचार करने के लिए ध्यान में रख सकते हैं ।

जहां तक श्री जार्ज फरनेंडीज द्वारा उठाये गये मामले का सम्बन्ध है हर एक माननीय सदस्य अंग्रेजों की कार्यवाही से चिन्तित है । यही कारण है कि मैंने इसकी अनुमति दी थी । माननीय सदस्य इस सभा के बहुत पुराने सदस्य हैं इसलिये मैं सभा को यह आश्वासन दे सकता हूं कि उनकी मंशा अध्यक्ष पीठ का अनादर करने की बिल्कुल नहीं थी ।

श्री रघुरामैया : उपाध्यक्ष महोदय, मेरी मंशा इस सभा के किसी अधिकार को छीनने की नहीं थी । आपको पता ही है कि कार्यमंत्रणा समिति में सभी दलों के नेता होते हैं । उसमें वे यह निश्चित करते हैं कि कार्य कितने समय में समाप्त किया जाना चाहिए । इसलिये यहां पर सारा कार्य निर्धारित समय में खत्म करना होता है । अतः मैं आपसे भी निवेदन करूंगा कि आप महत्वपूर्ण प्रश्न उठाने की अनुमति देने से पहले इस बात को ध्यान में रखा करें ।

श्री फ० गो० सेन० (पूर्णिया) : आपके विनिर्णय से यह पता लगता है कि आप बिना पूर्व सूचना के ही किसी भी महत्वपूर्ण मामले को उठाने की अनुमति दे देंगे । इससे हम बिल्कुल अंधकार में रह जायेंगे । यदि ऐसे विषयों पर सभा का समय ले लिया जायेगा तो उन्हें अन्य विषयों पर चर्चा करने का समय नहीं मिलेगा । इस बारे में पहले ही बहुत से सदस्य शिकायतें भेज चुके हैं परन्तु आप यहां पर बिना पूर्व सूचना के प्रश्न उठाने की अनुमति दे देते हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय : इस सम्बन्ध में मैं अपने विवेक से काम लेता हूं । जब महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया जाता है तो मैं उसकी अनुमति दे देता हूं अन्यथा नहीं ।

सीमा-शुल्क (संशोधन) अध्यादेश, 1969 के बारे में सांविधिक संकल्प और सीमा-शुल्क (संशोधन) विधेयक

STATUTORY RESOLUTION RE. CUSTOMS (AMENDMENT) ORDINANCE, 1969 AND CUSTOMS (AMENDMENT) BILL, 1969

श्री श्रीचन्द गोयल (चण्डीगढ़) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि यह सभा सीमा-शुल्क (संशोधन) अध्यादेश, 1969 (1969 का अध्यादेश संख्या 1) का, जो राष्ट्रपति द्वारा तीन जनवरी, 1969 को प्रख्यापित किया गया था, निरनुमोदन करती है ।"

सबसे पहले मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस अध्यादेश को जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं थी तथा दूसरे इससे संविधान के उपबन्धों का उल्लघंन होता है ।

आपको याद होगा कि सीमा-शुल्क अधिनियम में संशोधन करने वाला विधेयक 3

दिसम्बर, 1968 को इस सभा में पुर:स्थापित किया गया था तथा यह सभा अनिश्चित काल के लिए 20 दिसम्बर, 1968 को स्थापित हुई थी तथा यह अध्यादेश 3 जनवरी, 1969 को जारी किया गया था। इसलिए मेरा निवेदन यह है कि यदि इस विधेयक को पास करने की इतनी तुरन्त आवश्यकता थी तो इसे 3 से 20 दिसम्बर, 1968 के बीच पास क्यों नहीं करवाया गया। इससे स्पष्ट है कि इसकी इतनी तुरन्त आवश्यकता नहीं थी।

इसके आगे मेरा निवेदन यह है कि संसद् के विधान बनाने के अधिकार को अध्यादेश जारी करके इस प्रकार छीना नहीं जा सकता। इस बात के समर्थन में मैं आपका ध्यान 'बसु कमैंटरी आनदी कांस्टीट्यूशन' के खण्ड तीन के पृष्ठ 56 और 58 की ओर दिलाना चाहता हूं। श्री बसु भारत के संविधान के सबसे उत्तम टीकाकार हैं तथा वह कहते हैं कि अनुच्छेद 123 के अन्तर्गत इस शक्ति को केवल आपातकालीन की परिस्थितियों में ग्रहण किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में मैं आपका ध्यान सीरवाई की पुस्तक "कांस्टीट्यूशनल लॉ आफ इंडिया" के पृष्ठ 19 की ओर भी दिलाना चाहता हूं। वहां पर वह कहते हैं कि या तो देश के न्यायालयों द्वारा कानून को अमान्य घोषित किये जाने के बाद अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में अध्यादेश जारी किया जा सकता है। संविधान के बनाने वाले लोगों के मन में जो इस बारे में विचारधारा थी उसकी ओर भी मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। श्री हृदयनाथ कुंजरू कहते हैं कि अध्यादेश को पास करने की शक्ति का मतलब कार्यवाही को कुछ समय के लिये कानून बनाने की शक्ति प्रदान करना है। इसलिये यदि अध्यादेश जारी करने की नितान्त आवश्यकता पड़ जाये तो उस मामले पर विचार करने के लिए संसद् को यथासम्भव शीघ्र बुलाने पर विचार किया जाना चाहिए।

[श्री रा० ढो० भण्डारे पीठासीन हुए
Shri R. D. Bhandare in the Chair]

श्री के० टी० शाह तथा संविधान के निर्माता श्री अम्बेदकार ने भी ऐसे ही विचार व्यक्त किये हैं। जहां तक विधान की रचना का सम्बन्ध है वह तो बिल्कुल स्पष्ट है। मान लो देश में कोई गम्भीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है तो केवल राष्ट्रपति ही अध्यादेश जारी कर सकता है। परन्तु इस मामले में बात नहीं हुई है। इस मामले का सभा को तीन सप्ताह तक पता था परन्तु फिर भी इस विधेयक को पास करना आवश्यक नहीं समझा गया। अत: मैं यह जानना चाहता हूं कि अध्यादेश जारी करना किन परिस्थितयों के कारण आवश्यक समझा गया है।

इस सम्बन्ध में मैं पूर्व अध्यक्षों द्वारा दिये गये विनिर्णय की ओर भी आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। श्री कौल और श्री शकधर की पुस्तक के पृष्ठ 899 में कहा गया है कि 1947 में पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में श्री मावलंकर ने कहा था कि समय के अभाव के कारण कार्यपालिका के लिए अध्यादेश जारी करने की प्रथा एक गलत प्रथा है। इस शक्ति का प्रयोग केवल तभी किया जाना चाहिए जब आयात की स्थिति हो और विधान मंडल को न बुलाया जा सके। जहां तक इस विधेयक का सम्बन्ध है जैसे मैं पहले ही कह

चुका हूं सभा को इसका तीन सप्ताह तक पता था परन्तु वक्तव्य में अध्यादेश जारी करने को उचित ठहराने के लिये यह तथ्य दिया गया है कि समय की कमी के कारण इसे गत सत्र में पास नहीं किया जा सका। परन्तु हमारे स्वर्गीय अध्यक्ष श्री मावलंकर ने साफ शब्दों में कहा है कि केवल समय के अभाव के कारण अध्यादेश जारी नहीं किया जा सकता। श्री मावलंकर ने 17 जुलाई, 1954 के अपने पत्र में प्रधान मंत्री को कहा था कि अध्यादेश जारी करना अलोकतंत्रीय है तथा अत्यन्त आवश्यकता के मामलों अथवा आपात की स्थितियों के सिवाय उचित नहीं ठहराया जाएगा। परम्परायें स्थापित करना प्रथम लोक सभा का उत्तरदायित्व है। इसलिये कम से कम अध्यादेश जारी किये जाने की परम्परा स्थापित की जानी चाहिये अन्यथा भविष्य में भारी संख्या में अध्यादेश जारी किए जायेंगे तथा लोक सभा के ऊपर मुहर लगाने का काम भी रह जाएगा। श्री मावलंकर की यह आशंका सही सिद्ध हो रही है कि इस छोटी-सी अवधि में चार अध्यादेश जारी किए गए हैं जिनसे संसद् की शक्तियों पर प्रहार हो रहा है।

अब मेरा निवेदन यह है कि सीमा-शुल्क संसोधन विधेयक में दो गैर-कानूनी तथा असंवैधानिक उपबन्ध हैं—खण्ड 11 एम० तथा 11 एन०/खण्ड 11 एम० में कहा गया है कि किसी वस्तु के विक्रेता को यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्राहक नकली नाम पर वस्तु नहीं खरीदता है तथा यदि वह यह सुनिश्चित करना भूल जाता है तो यह अनुमान लगा लिया जाएगा कि इन वस्तुओं का गैर-कानूनी तौर से निर्यात किया गया है तथा इसमें उसका हाथ है। इस सम्बन्ध में मेरा निवेदन यह है कि विक्रेता को यह कैसे पता चल सकता है कि ग्राहक नकली नाम से वस्तु खरीद रहा था या नहीं। वह उसका नाम और पता लिख सकता है परन्तु वह यह कैसे प्रमाणित कर सकता है कि ग्राहक नकली नाम से तो वस्तुयें नहीं खरीद रहा है। मैं समझता हूं कि इससे दंड सम्बन्धी विधियों के सिद्धान्त का उल्लघंन होता है।

जहां तक धारा 11 एन० का सम्बन्ध है इसके अन्तर्गत सरकार को किसी अथवा किन्हीं वस्तुओं की छूट देने की शक्ति प्राप्त है। इसके अन्तर्गत सीमा शुल्क अधिकारी अपने मित्रों तथा सम्बन्धियों की सहायता कर सकेंगे। इसके साथ ही साथ वे सम्बन्धित मंत्रियों तथा सत्तारूढ़ दल की भी सहायता कर सकेंगे। यह उचित नहीं है तथा इस विधेयक के न्यायालयों द्वारा असंवैधानिक घोषित किये जाने की सम्भावना है।

मैं इस सभा का ध्यान इस बात की ओर भी दिलाना चाहता हूं कि सीमा-शुल्क विभाग की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के लिये एक अध्ययन दल नहीं नियुक्त किया गया था। उसने बहुत उपयोगी सुझाव दिये थे। उन्होंने कहा था कि सीमा-शुक्ल समाहर्त्ताओं या उत्पादन शुल्क बोर्ड में निहित शक्तियों को एक न्यायाधिकरण को सौंप दिया जाना चाहिए क्योंकि दोषी स्वयं निर्णायक नहीं हो सकता। इसलिये मैं चाहता हूं कि एक न्यायाधिकरण स्थापित किया जाना चाहिये। उस दल ने यह भी सिफारिश की है कि आयातकर्ताओं की कठिनाइयों को दूर करने के लिये कुछ उपबन्ध बनाये जाने चाहिये।

मैं समझता हूं कि इस विधेयक को लाने का उद्देश्य तस्करी को रोकना है। मैं यह भी जानता हूं कि यह एक गम्भीर समस्या है। तस्करी के कारण हर वर्ष देश को 100 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की हानि उठानी पड़ रही है। ऐसे भी आरोप लगाये गये हैं कि चीन से नेपाल के जरिये निषिद्ध वस्तुयें चोरी छिपे लाई जा रही हैं। इसलिये यह तो आवश्यक है कि तस्करी को रोका जाये परन्तु मुझे सन्देह है कि यह विधेयक तस्करी रोकने के लिये व्यापक होगा।

मैं मंत्री महोदय से एक स्पष्ट उत्तर चाहता हूं। मैं दो, तीन नामों का उल्लेख करता हूं जिनका सीमा शुल्क विभाग को पता लगा है। उनमें से एक तो है श्री टी० एच० गाओकार, दूसरे हैं श्री यूसुफ दोस्त मुहम्मद मेंघजी तथा तीसरे है श्री हीरू एस० एडवानी। जब उन्हें इन का पता लगा है तो यह बात मेरी समझ में नहीं आई कि वे कैसे भाग निकले। इससे पता चलता है कि हमारे उस विभाग के अधिकारियों में भ्रष्टाचार पनप रहा है।

अन्त में मैं तस्करी को रोकने के बारे में कुछ सुझाव देना चाहूंगा। सबसे पहले तो देश के अधिकांश भाग की छानबीन की जानी चाहिए तथा चलते-फिरते दलों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिये। इसके अलावा विमानों तथा कारों की अकस्मात तलाशी ली जानी चाहिये। अन्तर्राष्ट्रीय स्वर्ण तस्कर दल की गोपनीय शाखाओं की सही-सही जानकारी होनी चाहिये तथा अन्य देशों के तस्कर विरोधी संगठनों के साथ निरन्तर रूप से सम्पर्क स्थापित किया जाना चाहिये। सीमाशुल्क तथा उत्पादन शुल्क अधिकारियों को अच्छे उपकरण सप्लाई किये जाने चाहिये ताकि वे अपने कार्य को अच्छी तरह से कर सकें। तस्कर व्यापारियों का पता लगाने में नौसेना, वायुसेना तथा पुलिस की सेवा भी उन्हें प्रदान की जानी चाहिए।

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : मैं प्रस्ताव करता हूं।

"कि सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 में आगे संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

सभा को पहले ही पता है कि यह विधेयक पहले 3 दिसम्बर, 1968 को पेश किया गया था। प्रस्तावित नई धारा 11 ग में यह उपबन्ध है कि सम्बन्धित व्यक्तियों को गोदाम आदि के स्थान का 7 दिन के अन्दर पता देना होता है। यह सात दिन की अवधि इसलिये निर्धारित की गई है ताकि तस्कर व्यापारी अपनी वस्तुओं को इधर-उधर न कर सकें। यदि अधिक समय दे दिया जाता तो इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य ही समाप्त हो जाता। इस विधेयक से लोगों के मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन भी नहीं होता है। इस विधेयक का उद्देश्य केवल तस्करी को रोकना ही है। इस समय मैं केवल यह ही बताना चाहता हूं कि अध्यादेश जारी करना क्यों आवश्यक समझा गया। शेष प्रश्नों के उत्तर मैं बाद में दूंगा।

इस बात को देखते हुए कि चीनी चोरी छिपे इस देश से बाहर जा रही है तथा सोना

चोरी छिपे इस देश में लाया जा रहा है सरकार ने इस अध्यादेश को जारी करना आवश्यक समझा। अब चूंकि इस सम्बन्ध में पिछले सत्र में विधेयक पास न हो सका यही कारण है कि अध्यादेश जारी करना पड़ा। यह अध्यादेश संविधान में बनाई गई परिस्थितियों के अनुसार ही जारी किया गया है।

कार्यपालिका की मंशा अधिकार छीनने की नहीं है परन्तु इन परिस्थितियों में अध्यादेश जारी करना आवश्यक ही समझा गया। इसलिये मैं निवेदन करूंगा कि इस संकल्प को स्वीकार न किया जाये तथा मेरे प्रस्ताव को सभा के विचारार्थ रखा जाये।

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

श्री श्रीनिवास मिश्र (कटक) : यह विधेयक इस सभा की क्षमता के बाहर हैं।

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : यह आपत्ति वह इस समय नहीं उठा सकते। इसे विधेयक को पुरःस्थापित करने के समय किया जा सकता था।

सभापति महोदय : यह आपत्ति विधेयक को पुरःस्थापित करते समय की जा सकती थी।

श्री श्रीनिवास मिश्र : आप नियम 72 देखें।

सभापति महोदय : वह नियम बिल्कुल स्पष्ट है।

Shri Madhu Limaye : This motion relates to rule 74 and 75. According to these rules you can oppose the substantive motion. At the time of introduction there is no scope of opposing a Bill. During discussion it can be opposed on constitutional, political or economical grounds.

सभापति महोदय : विधेयक को पुरःस्थापित करते समय इसकी मान्यता को चुनौती दी जा सकती है। वह अवस्था अब निकल चुकी है। अब हम नियम 74 के अन्तर्गत आ गये हैं।

नियम 74 और 75 को देखते हुए मेरा यह विनिर्णय है कि आपका औचित्य प्रश्न वैध नहीं है।

श्री स० मो० बनर्जी : मेरा औचित्य प्रश्न नियम 376 (2) के अन्तर्गत है। सभा के समक्ष सीमा शुल्क संशोधन विधेयक पर विचार करने का प्रस्ताव है तथा एक दूसरा प्रस्ताव भी अस्वीकृति के लिये है। आपने दोनों प्रस्तावों पर विचार के लिये अनुमति दी है। लेकिन परम्परा यह है कि इन पर अलग-अलग विचार होना चाहिए।

सभापति महोदय : आपको जो कुछ कहना था आप कह चुके हैं। औचित्य का प्रश्न कोई नहीं है।

Shri George Fernandes : When the matter is being placed before the House, should we not be allowed to speak over it.

सभापति महोदय : हमें कुछ नियमों का पालन तो करना ही पड़ेगा। सभा में प्रत्येक बात पर चर्चा नहीं की जा सकती। तीन संशोधन हैं। क्या माननीय सदस्य उन्हें पेश करना चाहेंगे ?

श्री शिवचन्द्र झा : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को जनमत जानने के लिये 1 अप्रैल, 1969 तक परिचालित किया जाय।"

श्री रामावतार शास्त्री : मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि विधेयक को जनमत जानने के लिये 15 अप्रैल, 1969 तक परिचालित किया जाय।"

सभापति महोदय : विचार के लिये प्रस्ताव और प्रस्ताव में संशोधन सभा के समक्ष हैं।

श्री लोबो प्रभु (उदीपी) : इस विधेयक के द्वारा कारणों पर बिना विचार किये दोषों को दूर करने का प्रयास किया गया है। जब तक सरकार इस बात पर गम्भीरतापूर्वक विचार नहीं करेगी कि तस्कर व्यापार के क्या कारण हैं तब तक तस्कर व्यापार को रोकने के लिये लाये गये इस विधेयक का कोई लाभ नहीं निकलेगा। बल्कि इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। विधेयक पर मेरी यह पहली आपत्ति है।

इस विधेयक में तिवारी दल के प्रस्तावों की पूर्णतया उपेक्षा की गई है। इस दल ने बताया था कि 100 करोड़ रुपये का तस्कर व्यापार होता है और हम इसके लिये स्टाक पर 1 प्रतिशत से भी कम खर्च कर रहे हैं जब कि ब्रिटेन में लगभग 5 प्रतिशत खर्च होता है। इस मामले में उचित प्रक्रिया यह होनी चाहिये थी कि स्टाफ को बढ़ाया जाता और हेलीकाप्टर तथा स्टीम बोट प्राप्त की जातीं। आपका तरीका असंवैधानिक है। आप किसी व्यक्ति का यह अधिकार छीनना चाहते हैं कि वह बिना घोषित किये अपने प्रयोग की चीजें अपने पास नहीं रख सकता।

आपने स्वयं ही लोगों को इस बात के लिये प्रोत्साहन दिया है कि वे अधिकांश रेजरों आदि के लिये विदेशी नामों का प्रयोग करें। जनता देशी और विदेशी माल की पहचान कैसे कर सकती है। इस प्रकार से एक ओर तो आप अपने विधान को निष्प्रभावी करते हैं और दूसरी ओर स्टाफ को भ्रष्टाचार के लिये अनेक अवसर प्रदान करते हैं। अतः इस विधेयक के अन्तर्गत बहुत कुछ प्राप्त करने की कोशिश की गई है परन्तु यह कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकेगा।

इस विधेयक में तीसरा दोष यह है कि यह कुछ श्रेणियों के व्यापारियों पर अनुसूचित भार डालता है। यदि आप सौदों को 2500 रुपये प्रतिदिन की सीमा निश्चित करते हैं, तो क्या चांदी का व्यापार हो सकेगा। इससे तो देश में चांदी का व्यापार ही समाप्त हो जायेगा। एक अनुमान के अनुसार हमारे पास इस समय 8,000 करोड़ रुपये के मूल्य की चांदी है। यदि हम इसका निर्यात करें, तो हमें काफी विदेशी मुद्रा प्राप्त हो सकती है और इससे तस्कर व्यापार भी कम हो जायेगा।

अन्य वस्तुओं के बारे में वह तरीका अपनाना चाहिये था जिससे कर कम होते। मुद्रा स्फीति घटती, नियंत्रण कम होते। ये बातें ही ऊंचे मूल्य का कारण हैं। यदि आप मूल्यों को बढ़ायेंगे और आयात को अधिक आकर्षक बनायेंगे, तो आप तस्कर व्यापार को रोकने की आशा कैसे कर

सकते हैं। यदि वित्त मंत्रालय इस पर इस दृष्टिकोण से विचार करेगा तो यह बहुत कुछ प्राप्त कर सकेगा।

श्री वेदव्रत बरुआ (कलियाबोर) : मैं इस विधेयक का स्वागत करता हूं। हमारे देश में लगभग 200 करोड़ रुपये का तस्कर व्यापार होता है। जो हमारे कुल विदेश व्यापार का लगभग 10 प्रतिशत है। इसको देखते हुए यह एक गंभीर बात हो जाती है और इसकी ओर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिये।

यह अध्यादेश तो बहुत पहले आ जाना चाहिये था। यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन 4,000 रुपये के मूल्य की चांदी का व्यापार करता है, तो उस पर संदेह किया जा सकता है और जो भी कानून ऐसे व्यक्ति को दंड देने की व्यवस्था करता है, वह ठीक है।

श्री धीरेश्वर कलिता (गौहाटी) : क्या आप अध्यादेश के द्वारा तस्कर व्यापार रोक सकते हैं? क्या आप गतकाल में हुई ऐसी घटना बता सकते हैं जिसमें ऐसा करना सम्भव हो सका हो?

श्री वेदव्रत बरुआ : जी, हां। गत वर्ष फरवरी और अक्तूबर के बीच 17.2 करोड़ रुपये के मूल्य का तस्करी का माल पकड़ा गया था। प्रशासनिक व्यवस्था इस मामले में काफी सफल सिद्ध हुई है।

मेरे राज्य में काफी चीनी माल बिकता है। यह कहां से आता है। मेरे विचार से यह माल केवल नेपाल के द्वारा आ सकता है और हमारा खाद्यान्न चीन को गया होगा। इस प्रकार से यह भारत-नेपाल, नेपाल-चीन, चीन-नेपाल और नेपाल-भारत व्यापार हो जाता है वे बिहार से आसाम जाते हैं और चीनी माल वहां सस्ते भाव पर बिकता है। इन बातों को रोकने के लिये अध्यादेश की आवश्यकता है।

यह नियम बिल्कुल भी लागू नहीं होता है क्योंकि इसके अन्तर्गत खाद्यान्नों को अधिसूचित वस्तु नहीं बनाया जा सकता। अन्ततोगत्वा सारी बात का निचोड़ यह है कि उस कारण का पता लगाया जाय जिससे प्रेरित होकर यह तस्कर व्यापार किया जाता है और क्या हम इस कारण को समाप्त कर सकते हैं। इस अध्यादेश का भी महत्व है क्योंकि इससे फारस की खाड़ी के व्यापारियों को चांदी मिलने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

चांदी के तस्कर व्यापार को समाप्त करने का आसान तरीका यह है कि चांदी की कीमत को बढ़ा दिया जाय ताकि इसको भारत से बाहर ले जाने का आकर्षण समाप्त हो जाय।

सोने के मामले में वस्तुतः कठिनाई है क्योंकि सोने और विदेशी वस्तुओं के लिये बहुत आकर्षण है। इस प्रकार से सरकार की समूची नीति पर विचार किये जाने की आवश्यकता है। मुझे आशा है कि सरकार इन सब बातों पर ध्यान देगी। परन्तु केवल विधान से काम चलने वाला नहीं है। लोगों के मन में सोने के प्रति जो इतना अधिक मोह और आकर्षण है, उसको किसी प्रकार समाप्त करना होगा। उनके दिल में यह भावना पैदा करनी होगी कि सोने के आभूषण

पहनना श्रेष्ठता की निशानी नहीं है, फैशन की बात नहीं है। यह तो शर्म की बात है। इसका संचय नहीं किया जाना चाहिये। हमारे देश में इतना सोना छिपाकर रखा हुआ है कि उससे सारे देश का विकास किया जा सकता है।

विदेशी वस्तुओं की चाह के लिये उद्योगपति जिम्मेदार हैं। ये घटिया किस्म की चीजें बनाते हैं जिसके कारण लोग विदेशी वस्तुओं के लिये चार गुनी कीमत भी देने के लिये तैयार रहते हैं।

आयात के अधिक मूल्य के बीजक और निर्यात के कम मूल्य के बीजक बनाकर भी विदेशी मुद्रा प्राप्त की जाती है जिसका तस्कर व्यापार के लिये प्रयोग किया जाता है।

यदि विदेश व्यापार का राष्ट्रीयकरण कर लिया जाय, तो विदेशी मुद्रा बेइमान व्यापारियों के हाथ में नहीं जायेगी जो देश में सोने के चोरी छिपे लाने के लिये इसे विदेश के बाजारों में बेचते हैं। राष्ट्रीयकरण से हमारी अर्थव्यवस्था नियंत्रित हो जायेगी जिसकी बहुत आवश्यकता है।

मैं इस अध्यादेश का समर्थन करता हूं। निस्संदेह यह एक कठोर विधान है। परन्तु यदि यह कठोर नहीं होगा, तो इसका उल्लंघन किया जायेगा। हमारे देश के पूर्वी और पश्चिम तट पर होने वाले तस्कर व्यापार को देखते हुए इस विधान का बनाना और भी आवश्यक हो गया है। मैं यह मानता हूं कि अधिकार का दुरुपयोग भी होगा।

अन्य वस्तुओं के बारे में, जैसे कि ब्लेड आदि, सीमा-शुल्क अधिकारियों को अधिक सख्ती से काम नहीं लेना चाहिये। अतः वैदेशिक व्यापार का राष्ट्रीयकरण ही नहीं, अपितु इस अध्यादेश का प्रख्यापन और इस कानून का पारित करना उचित है।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : I am not against this Ordinance as a matter of principle. But I have strong feelings as regards the manner in which this Ordinance has been brought and now the Bill is also being placed in the same manner.

The definition of "Imports" and "Exports", as given in this Ordinance and Bill, is really very confusing. The incoming goods is import and outgoing goods is export. A trade agreement was held with Nepal in 1960 and due to that we have suffered a great.

[**उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
Mr. Deputy Speaker in the Chair]

The agreement provided that the articles manufactured in India could be sent to Nepal and those manufactured in Nepal could be brought here. In violation of agreement the articles of other countries are being sent to India showing them as if they were made in Nepal. In view of the opposition here our delegation which visited Nepal in 1966 drew the attention of the Government of Nepal towards these matters. A part of the memorandum of understandings of that time is reproduced below :

> "With respect to the export of Nepalese manufactures to India, the Indian delegation reaffirmed the intention of the Government of India to expand the exchange of goods between India and Nepal and to facilitate in particular the import into

India of Nepalese Industrial products both old and new based on Nepalese raw materials."

Further it has been stated ;

"The terms and conditions as also the procedures for import into India of Nepalese products which are not principally based on Nepalese raw materials as these relating to prohibition are enforced in Indian States or Union Territories will be agreed upon between the two Governments."

So it was decided that the matter would be discussed. But no mention of understandings was made in the Hand book of Import trade control and the para No 176 was reproduced as given below ;

"Unless otherwise provided, Imports and Exports control restrictions provided the goods are either produced or manufactured in the respective countries. The export of raw jute and rice to Nepal, will, however be regulated in accordance with the provision of Export Control Order 62 as laid down in the Ministry of Commerce public notice.....

उपाध्यक्ष महोदय : वह इस प्रस्ताव के अनुमोदक हैं । मैं उन्हें और अधिक समय दे सकता हूं और यदि वह 30-35 मिनट का समय चाहते हैं तो यह सम्भव नहीं है । श्री लिमये अपना वक्तव्य समाप्त नहीं करना चाहते ।

श्री नन्दकुमार सोमानी (नागौर) : सदन की सहमति से आप उन्हें अतिरिक्त समय दे सकते हैं । अन्ततोगत्वा इस वैधानिक प्रस्ताव को पेश करने वालों में वह भी एक हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय : श्रीमती शारदा मुकर्जी ।

श्रीमती शारदा मुकर्जी : इस सदन में हम सब देश में तस्करी को समाप्त करने के लिए सरकार के प्रयास की सराहना करते हैं...

उपाध्यक्ष महोदय : मैं यह बता देना चाहता हूं कि केवल 10 मिनट का समय है ।

श्रीमती शारदा मुकर्जी : इस विधेयक में दण्डनीय उपायों का विधान है परन्तु इससे देश में तस्कर व्यापार को कैसे रोका जा सकता है जबकि जहाजों में खाद्यान्न के बोरों में सोना छिपा होता है, जैसा कि मुझे पता लगा है कि बन्दरगाहों पर उन जहाजों को गुप्त संकेत से ही वे वहां से पहले ही अनुमति ले लेते हैं । सारे दक्षिणी तट पर इसी प्रकार तस्कर व्यापार होता है । और कोई रोक टोक नहीं होती । यहां तक कि वालकट जैसे अभियुक्त भी घण्टों बिताकर वहां के राज्य परिवहन से यात्रा करके बम्बई में साफ बच निकला, उसे किसी ने नहीं रोका । यह सब पुलिस तथा वहां के निवासियों की जानकारी में हुआ । जिन तस्कर-व्यापार के अड्डों की कस्टम अधिकारियों को निगरानी रखनी चाहिए वहां पर केवल एक ही व्यक्ति होता है जिसके पास न तो जीप होती है, ना ही रेडियो तथा टेलीफोन आदि संचार की व्यवस्था है । इसीलिए तस्करी का व्यापार बिना बिघ्न होता है । यहां तक कि बम्बई, कलकत्ता जैसे बड़े नगरों में तस्करी का व्यापार होता है । वहां के निवासी उनसे बहुत भयभीत रहते हैं क्योंकि यदि वे पुलिस में जाकर इसकी सूचना देते हैं तो उन्हें अपने अनिष्ट की आशंका रहती है । अत: इस तस्करी के व्यापार

को समाप्त करने के लिए प्रशासनिक तथा पुलिस की व्यवस्था को सुचारु रूप में सुगठित नहीं करते तो इस दण्ड विधान से कुछ नहीं होने वाला।

सरकार के अधिकारियों को कुछ अधिकार दिए हैं। मुझे पता चला है कि जहां कहीं आबकारी के अधिकारी हैं उनको भी इसका हिस्सा मिलता है। जहां कस्टम अधिकारियों को अधिक अधिकार दिए जाते हैं वहां तो तस्कर व्यापारियों का राज्य ही बन जाता है। तस्करी की सामग्री पर छापे मारने के बजाए इसे रोकने के लिए सुदृढ़ व्यवस्था की आवश्यकता है तथा ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे तस्करी के माल से तस्कर व्यापारियों को आर्थिक लाभ न हो। नाइलोन के धागे पर इतना अधिक कर लगा दिया है कि उसे कोई नहीं खरीदता और परिणामस्वरूप मिल बन्द होते जा रहे हैं। परन्तु तस्कर व्यापारियों से आप सब कुछ खरीद सकते हैं यदि आपके पास रुपया है। राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इनका बहुत बड़ा चक्र काम कर रहा है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था पर बहुत गहरा विपरीत प्रभाव पड़ रहा है यहां तक कि हमारी विदेशी मुद्रा भी देश से बाहर जा रही है देश के आर्थिक हित को ध्यान में रखते हुए तस्करी के व्यापार को समाप्त करना चाहिए। कुछ व्यक्ति जो खाद्य सामग्री के आयात का ठेका लेते हैं एक वर्ष के भीतर ही उनके पास कार, भवन और चोरी का रुपया जमा हो जाता है किन्तु उनसे कोई नहीं पूछता कि यह सब कुछ कहां से आया। ऐसे व्यक्ति करोड़पति बन जाते हैं। विधेयक के प्रवर्ती भाग का जहां तक सम्बन्ध है यह अच्छा किया कि आपने छोटे दर्जे के व्यापारियों को निकाल दिया है क्योंकि उनको सफलता नहीं मिलती।

अधिकारों के सौंपे जाने का सम्बन्ध में है इनको ठीक प्रयोग नहीं किया जाता, क्योंकि इससे अविश्वास के वातावरण में वृद्धि होती है दूसरी कोई सहायता नहीं मिलती। अतः अधिकारियों के अधिकारों में मैं वृद्धि अथवा विस्तार नहीं चाहती, क्योंकि इससे भ्रष्टाचार और अधिक बढ़ेगा और वर्तमान प्रशासनिक अयोग्यता में सुधार नहीं आएगा अपनी इस व्याख्या के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करती हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : डा० रानेन सेन।

डा० रानेन सेन : तस्कर व्यापार का उन्मूलन करने के लिए प्रत्येक विधेयक का स्वागत होता है। परन्तु भारत की इस बुराई का उन्मूलन करने के लिए इस विधेयक में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। प्रशासनिक पतन और नियंत्रण के अभाव के कारण ही केवल जनवरी से अक्तूबर 1968 तक 17.3 करोड़ रुपये का तस्करी का माल पकड़ा गया जो ऐसे कुल माल का लगभग पांचवां अथवा छठा भाग है। इससे पता लगता है कि भारत में भ्रष्टाचार की यह बुराई कितनी अधिक मात्रा में है। यहां की सस्ती दवाइयां तस्कर व्यापार के द्वारा बाहर भेजी जा रही हैं। तस्कर व्यापारी यहां भारत में बे रोक टोक आते जाते हैं। क्योंकि भारत हांकांग, सिंगापुर, बेरूत जैसी कर-मुक्त बन्दरगाहों से घिरा हुआ है जिससे तस्कर व्यापारियों को यहां सुभीता हो जाती हैं। ऐसी बुराई का उन्मूलन करने के लिए किसी विधेयक में कठोर व्यवस्था होनी

चाहिए, परन्तु इस बिल में यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि इसमें वे सब व्यवस्थाएं नहीं हैं जो इससे पहले के बिल के पृष्ठ 5 तथा 6 पर थीं। यह तस्कर व्यापार को रोकने के लिए नहीं है, केवल कागजी कारवाई के लिए है। आज यह सर्वविदित है कि तस्कर व्यापारियों का जालसूत्र सरकार के जालसूत्र से कहीं अधिक शक्तिपूर्ण है। तस्कर व्यापारियों का यह छोटासा दस्ता सारे भारत में फैला हुआ है। मंत्री महोदय इस विधेयक की धारा II (3)पर ध्यान दें। "जिसमें है—छोटे छोटे विक्रय पर यह अनुभाग लागू नहीं होगा।" छोटे विक्रय से तात्पर्य 2500/-रु० से कम का विक्रय। छोटे-छोटे विक्रय से तस्कर व्यापार बहुत सुगमता से चलता है। इस संशोधी विधेयक में सम्पत्ति अथवा तस्करी के माल को जब्त करने तथा दण्ड देने आदि का प्रश्न है। तस्करों को कठोर दण्ड देना चाहिए, जो व्यक्ति अभियुक्त हों उनको जेल की कड़ी सजा दी जानी चाहिए। बड़े बड़े 'सेठ' तथा व्यापारी तस्कर वृत्ति का कार्य कर रहे तथा इन बड़े व्यक्तियों को पकड़ने, दण्ड देने आदि की इस संशोधी विधेयक की व्यवस्था नहीं है। मूल अधिनियम के अनुभाग 117 में जुर्माना करने की व्यवस्था है। इस विधेयक में कठोर दण्ड की व्यवस्था क्यों नहीं है, इन तस्कर व्यापारियों के साथ, जो देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने पर तुले हैं तथा चोरी और भ्रष्टाचार फैलाते हैं, नरमी क्यों दिखाई जाती है। सीमावर्ती नगरों में तस्कर व्यापारियों को आसानी से नहीं पकड़ सकते क्योंकि ये बड़ी सुगमता से कलकत्ता जैसे बड़े नगरों में आ जाते हैं जहां वे बच जाते हैं। इस बिल की धाराएं 11 (ट) तथा 11 (अ) इसी प्रकार के छिद्र हैं। धारा 11 (अ) के अनुसार यदि किसी व्यक्ति के पास इतना सामान है जिसका मूल्य 15 हजार रुपये से बढ़ जाता है तो उसे सरकार को सूचना देनी पड़ेगी और यदि इसका मूल्य एक रुपया कम रह जाता है तो सूचना की आवश्यकता नहीं है। इस स्थिति में इसमें सुधार होने की आशा नहीं। धारा 11 (छ) के अनुसार धारा 11 (ग), 11 (ङ), तथा 11 (च) के उस सामान पर लागू नहीं होती जिसकी सूचना दे दी गई है तथा जिसका प्रयोग व्यक्ति अपने लिए करता है। इसी बहाने से कि यह माल उनके व्यक्तिगत उपयोग के लिए हैं। लोग तस्करी करते हैं। जहां बचाव के ऐसे मार्ग हैं वहां पर इस बुराई को पूर्णरूप से समाप्त नहीं कर सकते।

Shri Amrit Nahata (Barmer) : Since the promulgation of the Ordinance the smuggling out of silver has stopped to some extent and I welcome this bill because its' aim is to stop smuggling. But this is a shortlined and temporary and this will not help root out smuggling in India, because smugglers are looking for other ways and means of smuggling. They are not afraid of the law, they look Government with contempt as they are aware of the fact that smuggling will go on merrily, because the bill is not in accordance with the provisions laid down in our policies, it will remain on the papers. There are three main reasons for smuggling in and out of India. One reason is that people have got plenty of black money and foreign currency in India.

Secondly, smugglers are paid much regard in the society in the country and even the Ministers request them to give various kinds ef donations which the smugglers give, and as such they have influence over politics and affect the administration as well.

Thirdly, the smugglers have taken much advantage of the Ordinance as they were already

aware of the prices of silver going down because of the Ordinance having been promulgated. They managed to earn lakhs of rupees. With regard to giving notification in respect of goods like silver worth over Rs. 15,000/-, the smugglers shall definitely notify this fact and on inspection nothing more than that will be found. The smuggling will not stop unless foreign trade is not Nationalised and black money is not checked. The gold smuggled into India is insured, and even if it is captured the smuggler get compensation. This was in the News paper even. As far as the question of smuggling silver out of India the smugglers argue that if they stop this smuggling the Indian rupee will have to be devalued. In this way they are serving India. When we request to nationalise foreign papers, Government do not agree to this request on the plea that there should be free competition, rich people can develop the country. With this policy smuggling will not stop in the country. Collaboration is going with foreign countries which has encouraged smuggling in India.

If you want to make the law a success in order to root out smuggling you will have to change policies and to make atmosphere accordingly.

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : माननीय वित्त मंत्री की यह आशा गलत है कि इस विधेयक से तस्कर व्यापार बन्द हो जायेगा। जो उपाय करने का प्रस्ताव है उनसे वास्तविक तस्कर व्यापारियों को नहीं पकड़ा जा सकता। वर्तमान अधिकारी वर्ग में बहुत भ्रष्टाचार है अतः वित्त मंत्री जी को वास्तविक तस्कर व्यापारियों को पकड़ने का यत्न करना चाहिए। अध्यादेश की घोषणा पर सीमा-शुल्क अधिकारियों ने कुछ बरमा से मद्रास में आए स्वदेशवासियों को पकड़ लिया किन्तु जैसा कि एक लेख में बताया गया है कि इन अधिकारियों ने जितना माल पकड़ा है वह तस्कर व्यापार के बीसवें भाग से अधिक नहीं है।

वास्तव में होता यह है कि इससे छोटे तस्कर व्यापारी तो अवश्य पकड़े जाते हैं किन्तु बड़े-बड़े और प्रमुख तस्कर व्यापारी उसी तरह फलते-फूलते हैं। प्रायः कहा जाता है कि तस्कर व्यापार के लिये भारत से अच्छा कोई देश नहीं है।

वित्त मंत्री महोदय ने स्वर्ण नियंत्रण के समय भी बहुत बड़ी-बड़ी बातें कही थीं किन्तु हुआ यह कि उससे बहुत से घर तबाह हो गये तथा स्वर्ण नियन्त्रण से सोने का भाव 150 रुपया तोले से 200 रुपये तोला हो गया।

माननीय वित्त मंत्री इस बात का उत्तर दें कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में कितने नामी तस्कर व्यापारियों को पकड़ा है तथा उन्हें दण्डित किया है। श्री बीजू पटनायक जिनके पास निजी विमान है, अपने विमान में सोना लाये किन्तु चूंकि वह कांग्रेसी हैं अतः उनके विमान को कोई सीमा-शुल्क अधिकारी नहीं छू सका। इसी प्रकार श्री रुथ ऐवरैट ने 53 लाख रुपये के मूल्य के सोने का तस्कर व्यापार किया किन्तु उसका भी कुछ नहीं हुआ। इन्डो-चायना स्टीम शिप के बारे में भी ऐसा ही हुआ तथा उस पर मामूली-सी सजा लगा कर उसे आपने जाने दिया। इसी प्रकार की अन्य बहुत सी बातें हुई हैं।

यहां पर अमरीकी तथा ब्रिटिश बैंकों को अपना व्यापार बढ़ाने की छूट दे रखी है। दुबाई उनका प्रमुख केन्द्र है। जहां से सस्ते मूल्य में चांदी एकत्रित करके लन्दन को भेजी जाती है। किन्तु आप उनसे कुछ नहीं कह सकते क्योंकि वे आपके सम्बन्धियों को रोजगार देते हैं।

तस्कर व्यापार से हमें अत्यधिक हानि हो रही है। इससे हमारी विदेशी मुद्रा सम्बन्धी समस्या जटिलतर होती जा रही है।

प्रशासनिक सुधार आयोग ने बताया है कि कम बीजक बनाने और अधिक बीजक बनाने के कारण हमारे देश को 200 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से हानि होती है किन्तु आयोग का यह अनुमान गलत है मेरे विचार से इससे प्रति वर्ष 500 करोड़ रुपये से कम का घाटा नहीं होता। तस्कर व्यापारियों को कम बीजक बनाने और ज्यादा बीजक बनाने के कार्य से ही निधि मिलती है किन्तु श्री देसाई इस कार्य को रोकने में रुचि नहीं लेते।

कम बीजक बना कर तथा अधिक बीजक बनाकर बर्ड एण्ड कम्पनी ने करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति का संचय किया है तथा उसे विदेशी बैंकों में जमा कर दिया है। उस धन से हमारे में सोने का तस्कर व्यापार किया जाता है तथा देश को राजस्व की हानि उठानी पड़ती है क्योंकि उस पर आयात शुल्क नहीं मिल पाता।

रिजर्व बैंक के प्रतिवेदन में अर्जित विदेशी मुद्रा तथा प्राप्त विदेशी मुद्रा में अन्तर बताया गया है। ऐसा क्यों होता है ?

सुना है भारत-नेपाल सीमा पर प्रतिदिन 30 लाख रुपयों के नायलन आदि के माल का तस्कर व्यापार होता है। इस कार्य में भारत के बड़े-बड़े पूंजीपतियों का हाथ रहता है और सरकार शान्ति से देखती रहती है।

श्री हिम्मतसिंहका (गोड्डा)। महोदय वास्तव में यह विधेयक बहुत पहले पारित हो जाना चाहिए था। मेरा विश्वास है कि इन उपायों से बहुत हद तक तस्कर व्यापार में कमी होगी। अध्यादेश के लागू होने से भी तस्कर व्यापारी को पर्याप्त कठिनाइयां हो गई हैं क्योंकि उनको किसी मालिक से खरीदी गई वस्तुओं के वाउचर दिखाने होते हैं। इस अधिनियम के अन्तर्गत उन्होंने अपने माल की घोषणा करनी पड़ती है। अतः अब तस्कर व्यापार का होता रहना सम्भव नहीं है।

सोने और चांदी जैसी धातुओं के तस्कर व्यापार के सम्बन्ध में 15,000 रुपयों की राशि कोई बहुत बड़ी नहीं है तथा जमा माल के बिक जाने के बाद भविष्य की सप्लाई उन्हें सिद्ध करना पड़ेगा कि उन्होंने वह माल उचित रूप से प्राप्त किया है। अतः यह उपाय सराहनीय है।

यह विधेयक सभा में 3 दिसम्बर को लाया गया था किन्तु अन्य मामलों पर विचार करने के कारण यह महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो पाया।

घड़ी, सिगरेट आदि बहुत-सी वस्तुओं के आयात पर प्रतिबन्ध लगाया गया था किन्तु ये वस्तुएं बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इन वस्तुओं का तस्कर व्यापार नेपाल के माध्यम से भी होता है। सरकार को इस बारे में भी कदम उठाने चाहिए।

यह बात भी सच है कि कर्मचारी भी इमानदार नहीं हैं अन्यथा प्रभावोत्पादक उपाय करने से अवश्य ही तस्कर व्यापार रुक सकता था।

मैं समझता हूं कि हमें विधेयक का समर्थन करना चाहिए क्योंकि इसको उचित रूप से लागू करने से अवश्य ही तस्कर व्यापार रुक जाएगा।

खण्ड 11 (ड) जिसकी आलोचना की गई थी मेरे विचार से बहुत आवश्यक है क्योंकि इस व्यवस्था से क्रेता और विक्रेताओं के जाली नाम देना बन्द हो जाएगा।

श्री श्रीनिवास मिश्र (कटक) : पहले मैं विधेयक की संवैधानिकता पर चर्चा करता हूं। इसमें लम्बी समुद्रतट रेखा तथा भारत की सीमा के चारों ओर एक मार्ग की व्यवस्था है और ये समुद्रतट रेखा तथा सीमा राज्य हैं। विधेयक को पढ़ने से ज्ञात होता है कि केन्द्र सरकार अधिसूचना के द्वारा किसी भी वस्तु के निक्षेप, जमा करने तथा उसके गमनागमन पर नियंत्रण रखना चाहती है।

सातवीं अनुसूची की सूची II के अन्तर्गत वस्तुओं के उत्पादन और वितरण का अधिकार राज्य को है। सूची III की प्रविष्टि 33 के अधीन संसद् को कई प्रकार के व्यापार के सम्बन्ध में कानून बनाने का अधिकार है। इस कानून के द्वारा सभी प्रकार के व्यापार, समस्त उत्पादन और वितरण को विनियमित करने का अधिकार केन्द्र सरकार को देने की व्यवस्था है किन्तु संसद् केन्द्र सरकार को ये अधिकार कैसे दे सकती है।

सूची I की प्रविष्टि 83 सीमा-शुल्क और निर्यात शुल्क से सम्बन्धित है। सीमा-शुल्क अधिनियम स्वयं साधारणतः एक कर लगाने का अधिनियम है जिसमें दण्डों की सहायक व्यवस्था है। सूची I की प्रविष्टि 41 के अन्तर्गत भी यह संशोधन विधेयक नहीं आता।

सूची II की प्रविष्टि 27 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार को किसी भी वस्तु को अधिसूचित करने का अनियंत्रित अधिकार दिया गया है। इससे सरकार जब भी चाहे किसी वस्तु को अधिसूचित कर सकती है।

संसद् केन्द्र सरकार को असीमित शक्ति देने जा रही है अतः मुझे आशा है कि इस बात का उत्तर देंगे।

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने देखा है कि मामला गम्भीर है। आपने महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है कि क्या केन्द्र सरकार को संवैधानिक रूप से ऐसे अधिकार दिये जा सकते हैं जो कि राज्य के अधिकार में आते हैं। मंत्री महोदय या सरकार के विधि अधिकारी इस बात पर गम्भीरता से

ध्यान दें क्योंकि राज्यों के अधिकारों का केन्द्र द्वारा अतिक्रमण किए जाने का प्रश्न बहुत बार उठा है।

श्री एस० आर० दामानी (शोलापुर): सरकार ने बहुत-सा तस्कर सामान पकड़ा है किन्तु फिर भी कुल तस्कर सामान की तुलना में वह कुछ भी नहीं है।

[**श्री तिरुमल राव पीठासीन हुए**
Shri Thirumal Rao in the Chair]

यह सच है कि देश से चांदी के तस्कर व्यापार में वृद्धि हुई है। विदेशों में चांदी के भाव ऊंचे होने के कारण चांदी की तस्करी बढ़ी है। अध्यादेश लागू होने से भी यह व्यापार चलता रहा है। स्वयं सरकार ने 1968 में अप्रैल से नवम्बर तक लगभग 3 करोड़ रुपये की मूल्य की चांदी का निर्यात किया है। 1 नवम्बर, 1968 से 15 फरवरी, 1969 की $3\frac{1}{2}$ महीने की अवधि में सीमाशुल्क विभाग ने 1,725 किलोग्राम सोना, 29,057 कि० ग्रा० चांदी तथा 410.5 लाख रुपयों के मूल्य की अन्य वस्तुएं पकड़ी हैं। इससे कल्पना की जा सकती है कि पूरे वर्ष में पकड़े गये और बिना पकड़े गये कितनी वस्तुओं की तस्करी की गई होगी। इससे हमारे देश को दुहरी हानि होती है। एक तो हमारी सम्पत्ति बाहर चली जाती है तथा दूसरे उसके बदले हमारे देश में उपभोक्ता वस्तुएं आती हैं जिनके कारण स्वदेश में बनी उपभोक्ता वस्तुएं नहीं बिक पाती हैं, कारण उनकी उत्पादन लागत अधिक होती है अतः तस्करी की वस्तुओं की अपेक्षा उनका मूल्य अधिक होता है। इस प्रकार उपभोक्ता उद्योगों को हानि रहती है।

अमरीका के हार्डी एण्ड हरमन द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार 1968 के दौरान लगभग 90 से 100 करोड़ रुपयों के मूल्य की चांदी की भारत से तस्करी हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि भारत को कितनी हानि हो रही है। पकड़ी गई मात्रा तो इसका सौंवा भाग मात्र है। वास्तव में जिन अधिकारियों को यह कार्य सौंपा जाता है वे स्वयं ही भ्रष्टाचार करते हैं अतः उन पर किस प्रकार भरोसा किया जा सकता है।

मेरा सुझाव है कि राज्य व्यापार निगम को चांदी का निर्यात करने के लिए प्राधिकृत कर देना चाहिए। यह निगम बहुत-सी वस्तुओं का आयात करता है तथा उसके बदले में विदेशी मुद्रा चुकाता है। ऐसा करने से चांदी के निर्यात से जो विदेशी मुद्रा अर्जित होगी राज्य व्यापार निगम उसको अन्य वस्तुओं के मूल्य चुकाने के काम में ले सकता है। इससे हमारी विदेशी मुद्रा की बचत होगी। दूसरे, सरकार को उपभोक्ता वस्तुओं के तस्कर व्यापार को रोकना चाहिए। इससे राजस्व में भारी घाटा रहता है क्योंकि स्वदेशी उपभोक्ता उद्योग को हानि रहती है और सरकार को उत्पादन शुल्क आदि नहीं मिल पाता। जब तक इन वस्तुओं को नहीं रोका जायेगा सभी चीज उसी प्रकार से चलती रहेंगी।

सीमा-शुल्क अधिकारी पकड़ी हुई वस्तुओं का विक्रय कर देते हैं तथा उन्हें तस्कर व्यापारी

या डीलर खरीद लेते हैं तथा इस आड़ में वे लोग अपने पहले जमा माल को भी निकाल सकने में समर्थ होते हैं। अतः इस पद्धति को बदलने की आवश्यकता है। मेरा सुझाव है कि जो व्यक्ति सीमा-शुल्क अधिकारियों से वस्तुयें खरीदेगा उसको उन्हें बेचने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

श्री नन्दकुमार सोमानी (नागौर) : मैंने 20 जुलाई, 1967 को भूतपूर्व वाणिज्य मंत्री श्री दिनेश सिंह से कहा था कि पिछले 100 वर्षों से पहली बार ऐसा अवसर आया है कि जब हम चांदी का निर्यात कर सकते हैं। मैंने उनसे यह भी कहा था कि भारत के पास लगभग तब के मूल्यों के अनुसार, 6,000 करोड़ रुपयों के मूल्य की चांदी है, अतः चांदी के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। भारत और लंदन में चांदी के तब के मूल्यों के अनुसार लाभ के पर्याप्त अवसर थे। किन्तु भारत ने उस अवसर का जाने क्यों लाभ नहीं उठाया।

इस बारे में मैंने गृह-कार्य मंत्री से भी भेंट की थी तथा उन्होंने कहा था कि वह मेरे महत्व-पूर्ण सुझाव पर विचार करेंगे।

नवम्बर, 1967 में मैंने माननीया प्रधान मंत्री को भी इस बारे में बताया। उन्होंने वाणिज्य मंत्रालय में पत्र भेजे किन्तु फिर भी उस अवसर का लाभ नहीं उठाया गया। रिजर्व बैंक या स्टेट बैंक किसी को भी चांदी का निर्यात करने के लिए अनुमति नहीं दी गई।

मैंने 'इकोनोमि एण्ड पोलीटिकल वीकली' के माध्यम से भी स्वर्ण विनिमय मान तथा भारतीय चांदी के आरक्षण के सम्बन्ध में प्रकाश डालने की चेष्टा की थी किन्तु दुर्भाग्य से सरकार ने उस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया। सरकार यह तो नहीं कह सकती कि उसे तस्कर व्यापार के बारे में कुछ ज्ञात नहीं है तथा पिछले 2 वर्षों में उसे लाभ के अवसरों का भी पता नहीं है।

अध्यादेश की घोषणा के बाद भी सोने चांदी और अन्य वस्तुओं का तस्कर व्यापार होता रहा है। आपके विभाग से ही प्राप्त सूचना के अनुसार पिछले $3\frac{1}{2}$ महीनों में 1725 किलोग्राम सोना जिसका मूल्य 145.5 लाख रु० है, 29,057 कि० ग्रा० चांदी जिसका मूल्य 85.6 लाख रुपये है तथा अन्य 410.5 लाख रुपयों के मूल्य की अन्य वस्तुओं का तस्कर व्यापार हुआ है। मैं दावे के साथ कहना चाहता हूं कि यदि यह विधेयक पास हुआ तो छोटे-छोटे व्यापारियों पर ही इसका प्रभाव पड़ेगा और आप बड़े व्यापारियों को छूने में समर्थ नहीं हो सकते।

सभी जानते हैं कि तस्कर व्यापार में बड़ा हाथ किसका है तथा नित्य समाचारों में पढ़ने को मिलता है कि कलकत्ता, बम्बई में 300 या 250 बारों की तस्करी हुई किन्तु सरकार उनको पकड़ नहीं सकती। पकड़े जाते हैं ट्रक वाले या नाविक आदि जैसे सामान्य लोग। यदि यही होता रहा तो सरकार के सतर्कता विभाग के कर्मचारियों के प्रति मेरी धारणा दयनीय है। यदि बम्बई और सूरत आदि स्थानों पर आप मुख्य सतर्कता एजेंट रखें तो मूलतः तस्कर व्यापारियों को पकड़ा जा सकता है।

इंगलैंड के सीमा शुल्क विभाग से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार डुबाई से 260 लाख औंस चांदी जनवरी से मई 1958 तक तस्कर व्यापार द्वारा ब्रिटिश को भेजी गई थी तथा 1967 के अन्तर्गत 90 करोड़ रुपयों के मूल्य का सोना वहां डुबाई होकर आया था। जब यह आंकड़े समाचार-पत्रों में प्रकाशित हो सकते हैं तो मैं सरकार की इस बात को स्वीकार नहीं कर सकता कि वह इन बातों से अनभिज्ञ है।

यदि सरकार ने अपनी जांच व्यवस्था को और मजबूत बनाने के हेतु हैलिकॉप्टरों के लिये धन की मांग की होती, तो हम बड़ी खुशी से उसकी मंजूरी दे देते, लेकिन ऐसा करने के बजाय, सरकार एक बाधापूर्ण तथा कल्पनाहीन विधान लाई है, उसी प्रकार जैसे स्वर्ण नियंत्रण अधिनियम केवल गरीब स्वर्णकारों पर ही चोट करता है और तस्कर व्यापारियों पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता, इस दुखद कहानी को फिर से दुहराया जा रहा है।

हमारे यहां से आज भारी मात्रा में चांदी की तस्करी की जा रही है वह भी विशेषकर नेपाल को क्योंकि नेपाल चांदी की वस्तुओं पर 40 से 60 प्रतिशत तक निर्यात प्रोत्साहन दे रहा है। इस प्रकार कोई भी व्यक्ति किसी किस्म की चांदी की थाली बनाकर उसे कलकत्ता पत्तन तक भेज सकता है। क्योंकि चीन से अब चांदी की तस्करी नहीं हो रही है, इसलिये अधिकांश चांदी आज भारत से ही नेपाल को जा रही है। लाखों रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा से सरकार को वंचित रखा जा रहा है। नेपाल तथा भारत के उत्पादन शुल्क अधिकारियों की सांठ-गांठ से नेपाल से ट्रकों में रेत मिट्टी आदि लादकर लायी जाती है और बिहार की खानों से उनमें अभ्रक भरा जाता है। और इस प्रकार आज बिहार की अभ्रक खानों से कितने ट्रक अभ्रक का कलकत्ता पत्तन से निर्यात किया जाता है। हर व्यक्ति जानता है कि नेपाल में अभ्रक नहीं होता है लेकिन फिर भी नेपाल का अभ्रक सर्वोत्तम किस्म का होता है जो वास्तव में बिहार की अभ्रक खानों का अभ्रक है। ऐसा लगता है कि सरकार देश में चांदी के व्यापार को बिल्कुल समाप्त कर देना चाहती है अन्यथा वह 15,000 रुपये की सीमा क्यों निर्धारित कर रही है। इसके साथ-साथ उसने 2,500 रुपये की दूसरी सीमा लगाई है जिसका मतलब यह होता है कि वह इस समस्या की जड़ में जाना नहीं चाहती। वांछनीय यह है कि सरकार अपनी निरोधक कर्मचारी व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाये, ईमानदार कर्मचारियों को नियुक्त करे चाहे उनको वेतन थोड़ा अधिक ही क्यों न देना पड़े और उन्हें जांच के लिये हेलीकोप्टर आदि की सुविधाएं प्रदान करे ताकि वे दुबाई की ओर से आने वाले तस्कर व्यापारियों का मुकाबला कर सकें और अन्त में, इस देश से चांदी के निर्यात को भी बढ़ावा दें।

सूरत जिला आज नाइलोन तथा रेयन धागे की तस्करी का सबसे बड़ा केन्द्र बन गया है, बम्बई में प्रतिदिन लाखों रुपये की तस्करी होती है। इसी प्रकार नेपाल-भारत सीमा पर बड़े पैमाने पर तस्करी चलती है। आखिर सरकार ने उसे रोकने के लिये क्या उपाय किये हैं और वे कहां तक कारगर सिद्ध हुए हैं ?

मेरा एक और सुझाव यह है कि सरकार को लोगों को शिक्षित करना चाहिए कि उन्हें आयातित अथवा विदेशी माल का प्रयोग छोड़ देना चाहिये और स्वदेशी माल का प्रयोग करने की आदत बनानी चाहिए, ऐसा शिक्षात्मक आन्दोलन भी तस्करी रोकने में कुछ हद तक सहायक सिद्ध होगा।

Shri Sita Ram Kesari (Katihar) : There is, no doubt, that the smuggling has effected our economy and moral adversely. Goods are smuggled into India from Nepal and most of the silver is finding its way from India on an average, goods worth Rs. 40 lakhs are smuggled into our country everyday and people purchase them. One of the reasons for the consumption of smuggled goods on such a large scale is that they are sold at cheaper rates as compared to those of country products. Therefore, if the prices of goods produced in the country are brought down, it would also, to some extent, help us to curb all this smuggling.

The practice of under-invoicing and over-invoicing often resorted to by the traders particularly the exporters and importers puts the country to a loss of foreign exchange worth crores of rupees. Steps should be taken to tighten the provisions and terms of the political or trade negotiations with foreign countries to ensure complete discontinuance of this practice which would also discourage the traders to deposit the so-earned black-money in foreign countries.

It would economically benefit the country if Andman and Nicobar are declared free parts for the purpose of small articles such as fountain pens, pencils and watches as has been done in the case of Hong Kong.

The provision which requires a trader residing within 50 Km. of the sea or Nepal border, to declare his silver if it valued more than Rs. 15000, should be made applicable to all the people in the country so that we could know how much silver is there in the country and how much of it finds its way to foreign countries.

Efforts should be made to nationalise our import and export trade on a national basis and only the S. T. C. should be authorised to carry on all the import and export business in the country.

The Government should reinforce their preventing staff at every major post, an officer not below the rank of a Secretary of the Government of India, and a person of high calibre and undoubted integrity should be made over-all-incharge of the customs Department at every post so that smuggling could be checked effectively.

I find that not only articles are smuggled but also thoughts are smuggled. The thoughts are smuggled sometimes from Russia and sometimes from China. Smuggling of all sorts should be checked and with these words I again support the bill.

श्री तेन्नेटी विश्वनाथम (विशाखापत्तनम) : विधेयक का उद्देश्य तस्करी रोकना नहीं अपितु उसका विनियमन करना, अन्यथा विधेयक में खण्ड 11 (ग), 11 (घ), 11 (ङ), 11 (च), 11 (ज) तथा 11 (ड) न रखे जाते जोकि विनियमन करने सम्बन्धी हैं। यदि सरकार

को विश्वास है कि बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है तो उसे सीमाओं, पत्तनों तथा हवाई-अड्डों पर अपनी आसूचना व्यवस्था दृढ़ कर तस्करी द्वारा आयातित समानों को जब्त करना चाहिए। पूर्वोक्त स्रोतों की अवहेलना कर सरकार छोटे व्यापारियों पर धावा बोलती है। सोने की तस्करी होती है परन्तु केवल छोटे सराफों को पकड़ा जाता है।

कानून पास किया जाता है और तस्करों से कहा जाता है कि वे चोरी-छिपे लाये गये सामानों के मूल्य का ब्योरा दें। क्या तस्कर वित्तमंत्री को बताएंगे कि उन्होंने तस्कर किया समान को कहां-कहां रखा है और उसका कितना मूल्य है ? अधिकारियों ने वित्तमंत्री को कठपुतली सा बना रखा है और 'मार्गभ्रष्ट विधेयक' तैयार किया है जिससे कि सरकार को वास्तविक समस्या से ध्यानाकर्षित किया जा सके।

विशाखापत्तनम् और कंकिदा में तट से पांच छः मील की दूरी से ही मछवा नावें जलपोतों से तस्करी का सामान बड़े-बड़े टायरों में छिपाकर ले आते हैं और अधिकारीगण उन नगरों में पैसा बनाने के उद्देश्य से चक्कर लगाते हैं। और जिन स्थानों से वास्तव में तस्करी का सामान लाया जाता है वहां कोई कार्यवाही नहीं की जाती। ध्यानाकर्षण करने के लिए कुछ बाजारों के बारे में घोषणा कर देते हैं और यहां एक रुपये का माल पकड़ेंगे वहां 100 रुपये की तस्करी हो जाती है।

सरकार यदि वास्तव में इस बारे में सचेष्ट है तो उसे सीमाओं पर, पत्तनों, पर हवाई अड्डों पर सतर्कता बरतनी चाहिए। अन्यथा प्रस्ताविक विधेयक से कोई लाभ न होगा।

तस्करी का जो सामान जब्त किया जाता है उन्हें व्यापारियों को नहीं बेचना चाहिए, अपितु सरकार वास्तविक उपभोक्ताओं को ही बेचना चाहिए। इस प्रकार व्यापारी यह न कह सकेंगे कि उनके पास जो विदेशी माल है वह वही है जो उन्होंने सीमा शुल्क विभाग से सीमा शुल्क अदा करके क्रय किया है। खाद्य पदार्थ यदि उपयोग के लिए युक्त नहीं तो उन्हें विनष्ट कर देना चाहिये।

तस्करी करने वाले लोग जोखिम उठाकर भी इसलिए तस्करी करते हैं कि यह लाभदायक है। इसलिए आर्थिक आधार पर आघात करके तस्करी को लाभदायक न रहने दें।

Shri Onkar Lal Bohra (Chittorgarh) : I welcome this bill. If we could achieve our ends by merely passing a legislation in this House most of our problems would have been solved. The building of national character in our country is the need of the Laws. An international gang is active throughout the world having its roots in almost every city. Let us have a fresh thinking as to what smuggling is. The workers in our country neither get the due honour nor the emoluments they deserve for their labour. Thus the people resent to stealing, smuggling and dacoity in order to get rich quickly. Moneyed people get respect and no consideration is given to the means by which money has been acquired. This gives encouragement to smugglers and others. So long as money is worshipped these evils cannot come to an end.

Today more gold is imported into our country and more silver is exported. Our farmers

are better off in this decade and they invest more in gold. In our society gold has a higher place. The investment in gold is unproductive and our economic balances suffer badly due to it. This also leads to large scale smuggling. The smugglers have established centres at big cities like, Bombay, Calcutta and Madras and it is surprising that the smuggled goods is sold even on the footpaths. The police and the customs department are not able to check it inspite of the laws.

All our border areas have also become centres of smuggling. What strong steps the Central Government or the State have taken to put an end to this state of affairs. I support this bill. But have to say that clothes, jewels, transisters etc. worth crores of rupees are smuggled into our country and we lose our hard-earned foreign exchange. A small fraction of it is seized and is sold to the dealers who sell ten times the quantity of goods actually purchased by them from the Customs. This should come to an end.

I suggest to the Hon. Finance Minister to nationalize the Import Export trade which will end the problems of smuggling, under-invoicing, over-invoicing and many other malpractices, which are corroding our economic viability and are averse to our national interests. The gold control has not become effective but has merely added to the difficulties of the common people.

The same is true in case of silver. It is becoming dearer and the common man is unable to purchase it.

Our approach needs a change. Only those people should have respect in our society who earn their livelihood by fair means.

Mr. Chairman : Shri Kandappan.

Shri Shiva Chandra Jha (Madhubani) : Mr. Chairman, as you are not calling me, I walk out of the house.

श्री शिवचन्द्र झा तब सदन छोड़कर चले गये

Shri Shiv Chandra Jha then left the House

श्री एस० कन्डप्पन (मैटूर) : मैं इस विधेयक के पूर्णतः विरुद्ध हूं । इसके द्वारा सरकार जनता का ध्यान मुख्य विषय से हटा रही है ।

जब गोल्ड कंट्रोल आदेश जारी किये गये थे तो यह आशा व्यक्त की गई थी कि इसके द्वारा सोने की तस्करी रुक जायेगी तथा छिपा धन बाहर आ जायेगा । उसमें कुछ संशोधन तथा सुधार लाये गये परन्तु कुछ भी उपलब्धि न हो पाई । अब सम्पत्ति-कर का प्रस्ताव रखते हुए ऐसी ही आशाएं व्यक्त की गई हैं । तस्करी रोकने का हम समर्थन करते हैं और हम समझते हैं कि यह रुक नहीं सकती । क्या मंत्री महोदय ऐसे मामले बता सकते हैं जिसमें तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा गया हो और उन्हें यथोचित यथेष्ट दण्ड दिया गया हो ? यदि सरकार के पास दण्ड-विधान के अन्तर्गत पर्याप्त शक्ति नहीं तो वे अधिक शक्ति लेकर ऐसे व्यक्तियों को कठोरतम दण्ड दें ।

जो मामले प्रमाणित हो जाते हैं तथा जिनमें करोड़ों रुपए की विदेशी मुद्रा की हानि होती है, ऐसे मामलों में सरकार को ध्यान रखना चाहिए कि दण्ड कठोरतम दिए जायें। परन्तु मैं देखता हूं कि तस्करों के साथ विशिष्ट व्यक्तियों का सा वर्ताव होता है।

प्रस्तुत विधेयक से मामला नहीं सुलझेगा, अंशतः भी नहीं सुलझेगा।

मुझे ज्ञात हुआ है कि तस्करों को पकड़ने के लिए प्रयोग की जाने वाली मोटरबोटों की गति उन मोटरबोटों से आधी भी नहीं जो तस्करों द्वारा प्रयुक्त हो रही हैं। ऐसी स्थिति में अच्छी मोटरबोटों का तथा कुछ हेलीकाप्टरों का उपयोग क्यों नहीं करते तथा अपनी सतर्कता में सुधार क्यों नहीं लाते। सतर्कता अधिकारियों पर भी दृष्टि रखें। मुझे खेद है कि माननीय मंत्री द्वारा अध्यादेश के बारे में दिया गया उत्तर अधिक संतोषप्रद नहीं। इस प्रकार के विधेयकों के मामले में उन्हें संवैधानिक स्थिति का आदर करना चाहिए। विधेयक विद्यमान था ही और सत्रावसान में अभी 20 दिन शेष थे तो भी सरकार ने अध्यादेश जारी करना उचित समझा।

अध्यादेश के जारी होने के अगले ही दिन मद्रास नगर में अधिकारी लोग बर्मा से आकर वापिस बसे लोगों को, जिन्हें हमारी सरकार ने तथा बर्मा की सरकार ने कुछ सामान बर्मा से लाने की अनुमति दी थी, तंग करने लगे। मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि उन लोगों को पहले दी गई सुविधा का प्रस्तावित विधेयक द्वारा अतिलंघन न करें।

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : तस्करी आजकल सर्वत्र प्रचलित है तथा इसके लिए सरकार अंशतः उत्तरदायी है। अंचल पद्धति के कारण राज्यों में तस्कर व्यापार लाभदायक है। इस प्रकार बिना श्रम किये धन कमाने की प्रवृत्ति इस देश में बहुत बढ़ रही है। हर कोई विदेशी वस्तुएं खरीदना चाहता है क्योंकि लोग समझते हैं कि वे श्रेष्ठ तथा सस्ती हैं। इस प्रवृत्ति का विकास अशोभनीय है।

वास्तविकता यह है कि वैदेशिक व्यापार के सम्बन्ध में हमारे कानून बहुत पुराने हैं। आज देश में यही होता है कि छोटे आदमी को तो कठोर दण्ड दिया जाता है लेकिन बड़ा आदमी चाहे वह कितना ही बड़ा अपराध क्यों न करे, कानून के दायरे में नहीं आता है और उसे कोई सजा नहीं मिलती, ऐसी परिस्थिति में हमें क्वीन एलिजाबेथ के दिनों की तथा समुद्री डाकुओं की याद आती है। प्रस्तुत विधेयक में कड़ा दण्ड देने की कोई व्यवस्था नहीं है और मैं मांग करता हूं कि इस सम्बन्ध में कुछ न कुछ जरूर किया जाये।

इसका एकमात्र उपचार यही है कि हमारे वैदेशिक व्यापार का पूर्णतया राष्ट्रीयकरण किया जाये। तस्कर व्यापारी देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं और उन्हें कठोर से कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए। इस प्रकार की तस्करी को रोकने के लिये हमारे पास कोई पर्याप्त प्रवर्तन व्यवस्था नहीं है। इसलिये कर्मचारियों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करना आवश्यक है। मंत्री

महोदय को यह विधेयक, जिसकी परम आवश्यकता है, बहुत पहले ले आना चाहिए था। मैं विधेयक का समर्थन करता हूं।

वित्त मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : चांदी में भारी तस्करी को देखते हुए सीमा-शुल्क (अधिनियम) विधेयक लाना अत्यावश्यक था और इसीलिये पिछले सत्र में उसे पुरःस्थापित किया गया था, लेकिन जैसा कि उसे उस समय पारित नहीं किया जा सका, एक अध्यादेश जारी करना पड़ा था।

जहां तक ऐसी वस्तुओं का सम्बन्ध है, जिनके बारे में पहले ऐसा संदेह किया जाता था कि उनकी तस्करी की जाती है, उनके बारे में कानूनी कार्यवाही करना बड़ा कठिन होता था। इसलिये और अधिक कड़े उपबन्ध बनाये गये हैं ताकि अधिसूचित वस्तुओं के सम्बन्ध में घोषणा करनी जरूरी हो और जो उचित घोषणा के बिना इन वस्तुओं को बाहर पटरियों पर बेचेगा उसके विरुद्ध कानून के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकेगी।

विधेयक में चांदी तथा चांदी के सिक्कों के निर्यात के सम्बन्ध में विशेषरूप से उपबन्ध किया गया है। जहां तक आयात का सम्बन्ध है, घड़ियों, संश्लिष्ट धागे, अन्य कपड़े, सिगरेटों, ऋंगार सामग्रियों, बिजली के उपकरणों, शेवर्स, फोटो-कैमरों, फ्लैश गन्स आदि वस्तुओं को अधिसूचित किया गया है और इस विधेयक के अन्तर्गत उनके सम्बन्ध में कार्यवाही की जा सकेगी। इसके साथ-साथ, इस विधेयक के अधीन आवश्यकता पड़ने पर कुछ और वस्तुओं को अधिसूचित करने की शक्ति प्रदान की गई है।

खण्ड दो (1) में निर्दिष्ट वस्तुओं के निर्यात को रोकने की व्यवस्था है, जो सूची एक में प्रविष्टि से सम्बन्धित है इसलिये राज्य क्षेत्राधिकार का इससे कोई अतिक्रमण नहीं होता, जहां तक आम जनता का सम्बन्ध है अनुच्छेद 19 (5) के अर्थ के अन्तर्गत, संसद् को विधान बनाने का अधिकार प्राप्त है।

श्री गाओकर तथा श्री एडवानी के सम्बन्ध में प्रश्न उठाये गये हैं ; गाओकर पर मुकदमा चलाया जा चुका है और एडवानी के मामले में मुकदमा चलाया गया था और सम्बन्धित व्यक्ति को सजा दी गई थी।

जहां तक प्रवर्तन कर्मचारियों को सुविधायें देने का सम्बन्ध है इस दिशा में पर्याप्त कदम उठाये गये हैं और आवश्यकता पड़ने पर और अधिक सुविधाएं, जिसमें वैज्ञानिक उपकरण शामिल हैं, प्रदान की जायेगी।

जहां तक विधेयक के उद्देश्य का सम्बन्ध है, अध्यादेश जारी किये जाने के बाद चांदी की कीमत गिर गई है और मेरी जानकारी के अनुसार, विदेशी बाजार में भी चांदी के भाव गिर रहे हैं।

जहां तक चांदी के पकड़े जाने का सम्बन्ध है, पिछले तीन महीनों में लगभग 85 लाख रुपये की चांदी पकड़ी गई है और पिछले वर्ष लगभग 4 करोड़ रुपये मूल्य की चांदी पकड़ी गई थी।

यह सच है कि चांदी की बहुत बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही थी इसीलिये सरकार को इस विधान के लाने की आवश्यकता महसूस हुई और इसी कारण विधेयक में समुद्र तट से 50 किलोमीटर के अन्दर की तथा 15,000 रुपये की सीमा की व्यवस्था की गई है।

जहां तक छोटे कारीगरों का सम्बन्ध है, 2,500 रुपये की दैनिक विक्री की अनुमति दी गई है जिससे उनके दैनिक कार्य अथवा उनके व्यवसाय में कोई बाधा नहीं पड़ेगी।

अध्ययन दल की सिफारिशों को क्रियान्वित करने का हर संभव प्रयत्न किया जा रहा है और सरकार ने भाग I से 136 और भाग II से 114 सिफारिशें मान ली हैं।

श्री मधु लिमये ने विशेषतः भारत-नेपाल सीमा के बारे में प्रश्न उठाया था। 1960 की सन्धि के अनुसार भारत तथा नेपाल में निर्मित वस्तुओं को एक देश से दूसरे देश में अवाधरूप से लाया-ले जाया जा सकता है। किन्तु नायलोन कपड़े तथा स्टेनलैस स्टील के बारे में इससे कुछ कठिनाइयां उत्पन्न हुई हैं क्योंकि नेपाल द्वारा कलकत्ता पत्तन से जो निर्यात किया गया है उसे इस देश में हुई खपत को देखते हुए बहुत अधिक समझा गया है। हमारे पास विशेष आंकड़े नहीं हैं कि नेपाल में इस कपड़े की खपत कितनी है। जो भी हो इसे काफी अधिक समझा गया है। इसीलिये हमने यह मामला नेपाल सरकार के साथ उठाया है। सिद्धान्ततः यह स्वीकार कर लिया गया है कि नेपाल में वर्ष 1967-68 में नायलोन कपड़े तथा स्टेनलैस स्टील के बर्तन जितनी मात्रा में आये थे उससे अधिक हम भविष्य में भारत में नहीं आने देंगे।

जहां तक श्री लिमये के स्टैम्पिग के बारे में सुझाव का सम्बन्ध है हमने इस बारे में नेपाल सरकार के साथ बातचीत की थी लेकिन उन्होंने इसे व्यवहारिक नहीं समझा इसलिये हमने मामले को आगे नहीं बढ़ाया। भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी बढ़ गई है और हमने उसे रोकने के उपाय किये हैं। इलाहाबाद-पटना पश्चिम बंगाल क्षेत्र में वर्ष 1966 में 3,21,000 रुपये का माल जब्त किया गया था और वर्ष 1968 में 25,73,429 रुपये का माल पकड़ा गया है। इस दिशा में सभी संभव प्रयत्न किये जा रहे हैं और नेपाल सरकार का सहयोग भी प्राप्त किया जा रहा है। इस व्यापार सन्धि की अवधि वर्ष 1970 में समाप्त हो जायेगी और तब इन मामलों की फिर से जांच की जायेगी और उन पर उस समय विचार किया जायेगा। यह आरोप निराधार है कि अधिकारी तस्कर व्यापारियों से मिले हुए हैं और उनकी सांठ-गांठ से तस्करी चलती है। यदि माननीय सदस्यों के पास इसका कोई प्रमाण है, तो हम उसकी जांच करेंगे अन्यथा ऐसा आरोप लगाना सर्वथा अनुचित है। इसी प्रकार कल किसी सदस्य ने बोर्ड के अध्यक्ष श्री आनन्द जो बहुत ही ईमानदार तथा कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति हैं, के विरुद्ध आरोप लगाया था। यदि किसी आरोप के समर्थन में कोई ठोस प्रमाण सदस्यों के पास है, तो हम उस

बारे में पूरी जांच करेंगे अन्यथा ऐसे निराधार आरोपों के कारण अधिकारियों के लिये काम करना कठिन हो जाता है। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है।

तस्करी को रोकने के लिये हमने कुछ उपाय अपनाये हैं जो सर्वथा आवश्यक हैं और हम इस दिशा में समुचित कार्यवाही कर रहे हैं।

श्री ज्योतिर्मय बसु ने बी० ओ० ए० सी०, बर्ड एण्ड कम्पनी तथा अर्जित व प्राप्त विदेशी मुद्रा की कमी के बारे में कुछ प्रश्न उठाये हैं। जहां तक बर्ड एण्ड कम्पनी का सम्बन्ध है, यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष है इसलिये इस अवस्था में मैं उसका ब्योरा नहीं दे सकता। जहां तक बी० ओ० ए० सी० का सम्बन्ध है, हमने इस विषय पर अल्प-सूचना प्रश्न स्वीकार किया है और सरकार इस विशेष मामले का ब्योरा सभा के समक्ष रखेगी। जहां तक अर्जित तथा प्राप्त विदेशी मुद्रा की कमी के बारे में प्रश्न का सम्बन्ध है, विदेशी विनिमय (विनियमन) अधिनियम के अन्तर्गत छः महीने का अन्तर निर्धारित किया गया है इसलिये इस अन्तर का स्पष्टीकरण किया जा सकता है। कोई गलत बात नहीं है।

तस्करी केवल भारत में ही नहीं अपितु विश्व के सारे देशों में चल रही है और उसके बड़े शक्तिशाली अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह हैं। भारत तस्करी समाप्त करने के लिये हर संभव कदम उठा रहा है और हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और प्रस्तुत विधेयक का यही उद्देश्य है।

जहां तक सरकारी तौर पर चांदी बाहर भेजने की अनुमति देने का सम्बन्ध है, इस प्रश्न पर व्यापक रूप से विचार किया गया है और यह निर्णय किया गया है कि चांदी को बाहर के देशों को भेजने की अनुमति देना लोक हित तथा भारत के हित में नहीं है।

जहां तक राज्य व्यापार निगम के माध्यम से निर्यात करने के सुझावों का सम्बन्ध है, मैं इस मामले को उप प्रधान मंत्री के समक्ष पुनः विचारार्थ अवश्य रखूंगा।

पश्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट में केवल तमिलनाडू के लिये 50 कि० मी० की सीमा इसलिये रखी गई है कि वहां से चांदी की बाहर को तस्करी की जाती है। जहां तक अन्य अनधिकृत वस्तुओं का सम्बन्ध है, चाहे वे भारत-नेपाल सीमा पर पायी जायें अथवा पटरियों पर उन्हें केवल जब्त ही नहीं किया जायेगा बल्कि मूल सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 135 तथा 136 के अन्तर्गत दो या तीन साल की कड़ी कैद के दण्ड के साथ जुर्माना भी किया जायेगा।

जहां तक जब्त की गई वस्तुओं की पुनर्विक्री का सम्बन्ध है इस प्रश्न पर विचार करने के लिये सरकार ने पहले ही एक समिति नियुक्त की है। इस वक्त हम उन्हें सहकारी क्षेत्र के माध्यम से बेच रहे हैं ताकि वे निश्चित मूल्यों पर उपभोक्ता को मिल सकें। समिति द्वारा ऐसी

वस्तुओं की बिक्री के सम्बन्ध में प्रक्रिया की सिफारिश की जाने पर हम उस पर विचार करेंगे।

माननीय सदस्यों द्वारा उठाये गये सभी प्रश्नों का मैंने उत्तर दे दिया है, इसलिये सभा से अनुरोध है कि वह इस विधेयक को स्वीकार करे।

कार्य मंत्रणा समिति
BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

बत्तीसवां प्रतिवेदन

संसद्-कार्य और नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) : मैं कार्य-मंत्रणा समिति का बत्तीसवां प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं।

सीमा-शुल्क (संशोधन) अध्यादेश, 1969 के बारे में सांविधिक संकल्प और सीमा-शुल्क संशोधन विधेयक, 1969—जारी
RESOLUTION RE: CUSTOMS (AMENDMENT) ORDINANCE, 1969 AND THE CUSTOMS AMENDMENT BILL—(Contd.)

श्री श्रीचन्द गोयल (चण्डीगढ़) : श्रीमान जब यह विधेयक सभा में पेश किया गया था तो मैंने पूछा था, कि किन नई परिस्थितियों के कारण इस संबंध में अध्यादेश जारी किया गया था। माननीय मंत्री ने जो कुछ बताया उससे जहां तक मैं समझ पाया हूं ये गड़बड़ी पिछले दो वर्षों अर्थात् वर्ष 1966 से लगातार चल रही है। इसलिये मैंने मंत्री महोदय से पूछा था कि जब इस विधेयक को 3 दिसम्बर को इस सभा में पेश किया गया था, तो 18 दिन के बाद—20 दिसम्बर और 3 जनवरी के बीच ऐसी कौन सी परिस्थिति अथवा संकट उत्पन्न हो गया था जिसमें सरकार के लिये इस अध्यादेश को जारी करना नितान्त आवश्यक हो गया था। किन्तु मंत्री जी इस महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर टाल गये।

श्री प्र० चं० सेठी : मैंने इसका उत्तर दिया है।

श्री श्रीचन्द गोयल : मैंने भी अध्ययन दल की सिफारिशों का उल्लेख किया था जिसमें उसने कहा है कि एक व्यापक विधेयक लाया जाना चाहिए जिसमें एक स्वतंत्र अपीलीय न्यायाधिकरण की व्यवस्था का उपबन्ध किया जाये। आयातकर्ताओं को जिन कठिनाइयों तथा समस्या का सामना करना पड़ता है, उनसे निपटने के लिये, अध्ययन दल द्वारा ऐसी आवश्यकता महसूस की गई कि हर समय संशोधन विधेयक लाने के बजाय एक व्यापक विधान लाने की जरूरत है।

मेरा तीसरा प्रश्न यह था कि इस विधेयक में कुछ गैर-कानूनी उपबन्ध हैं जिन्हें न्यायालयों में रद्द घोषित किये जाने की संभावना है क्योंकि कुछ वर्गों की वस्तुओं को छूट देने के मामले

में सरकार को ऐसी शक्तियां दी गई हैं जिनका प्रयोग वह पूर्णतः अपने स्वविवेक पर अथवा अपनी मर्जी के मुताबिक कर सकती है। इन उपबन्धों के अधीन वह परिस्थितियों का उल्लेख किये बिना कुछ वस्तुओं के मामले में छूट दे सकती है।

चूंकि मंत्री महोदय ने इन तीन महत्वपूर्ण तथा सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया है, इसलिये मैं कहूंगा कि इस अध्यादेश को प्रख्यापित करने का कोई औचित्य नहीं है।

सभापति महोदय : अब मैं श्री श्रीचन्द गोयल के संकल्प को सभा के मतदान के लिये रखता हूं प्रश्न यह है :

"यह सभा सीमा-शुल्क (संशोधन) अध्यादेश, 1969 (1969 का अध्यादेश संख्या 1) का, जिसे राष्ट्रपति द्वारा 3 जनवरी, 1969 को प्रख्यापित किया गया था, निरनुमोदन करती है।"

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ

The motion was negatived

सभापति महोदय : विधेयक के बारे में अब मैं परिचालन संबंधी प्रस्ताव संख्या 1 तथा 3 को सभा के मतदान के लिये रखता हूं।

संशोधन रखे गये तथा अस्वीकृत हुए

Amendments were put and negatived

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

सभापति महोदय : अब खण्डवार चर्चा होगी।

Shri Onkar Lal Berwa : Sir, there is no quorum in the house.

सभापति महोदय : जब गणपूर्ति नहीं है तो अब सभा कल ग्यारह बजे (म० पू०) तक के लिये स्थगित होती है।

इसके पश्चात् लोक सभा शुक्रवार, 21 मार्च, 1969/30 फाल्गुन, 1890 (शक) के 11 बजे (म० पू०) तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, the 21st March, 1969/Phalguna 30, 1890 (Saka).

Tej Kumar Press, Lucknow. 7-7-69—600.